
# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 3 मार्च 2026

# दूसरी शादी के लिए पहले पति से तलाक जरूरी, महिला की अपील खारिज

**बिलासपुर।** 'दूसरी शादी करने के लिए पहले पति से तलाक लेना जरूरी है। पहली शादी के कानूनी रूप से अस्तित्व में रहते हुए दूसरी शादी करना, फिर दूसरे पति से गुजारा भत्ता की मांग करना उचित नहीं है।' छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने गुजारा भत्ते की मांग करते हुए लगाई गई महिला की अर्जी खारिज कर दी है। दुर्ग-भिलाई की रहने वाली महिला ने फैमिली कोर्ट के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिवीजन लगाया था, जिस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने यह टिप्पणी की है।

■ तलाक लिए बिना की दूसरी शादी और फिर मांगी थी गुजारा-भत्ता

दरअसल, भिलाई की रहने वाली महिला ने अपने दूसरे पति के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 125 के तहत अर्जी लगाई थी। महिला का दावा था कि, 10 जुलाई 2020 को आर्य समाज मंदिर में उनकी शादी हुई थी। महिला ने आरोप लगाया कि, शादी के कुछ समय बाद पति ने उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला ने पति की हर महीने 5 लाख रुपए इनकम बताते हुए हर महीने 1 लाख रुपए गुजारा भत्ते की मांग की थी। सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि, महिला की पहले शादी हो चुकी है। पहला का पति अभी जीवित है। महिला ने अपने पहले पति से कानूनी रूप से तलाक लिए बिना ही दूसरी शादी कर ली थी। प्रति परीक्षण में महिला ने खुद स्वीकार किया कि पहली शादी से उसके दो बेटे भी हैं। दोनों बालिग हैं और उसके साथ ही रहते हैं।



### अपना गुजारा करने में सक्षम

फैमिली कोर्ट ने पाया कि, महिला ने खुद को अविवाहित बताकर दूसरी शादी की रस्म निभाई थी, जबकि पहली शादी में तलाक नहीं हुआ था। फैमिली कोर्ट ने पाया कि महिला पूर्व में आशा वर्कर के रूप में काम कर चुकी है। वह शारीरिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ है। यानी वह अपना गुजारा करने में सक्षम है। महिला ने फैमिली कोर्ट के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि, दुर्ग फैमिली कोर्ट के 20 जनवरी 2026 के आदेश में कोई त्रुटि नहीं है। इस आधार पर महिला की अपील खारिज कर दी गई।

## पत्नी व बच्चे की रिहाई की मांग नामंजूर

हाईकोर्ट ने बांग्लादेशी पत्नी और उससे हुए बच्चे को नारी निकेतन से रिहा करने की मांग करते हुए लगाई गई बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका खारिज कर दी है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने कहा कि बिना वैध यात्रा दस्तावेजों के भारत में रह रहे विदेशी नागरिक को उनके देश वापस भेजने तक सुरक्षित कस्टडी में रखना अवैध हिरासत नहीं माना जा सकता। बिलासपुर निवासी हृदय शर्मा ने हाई कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका लगाई थी, बताया कि उसने एक बांग्लादेशी मुस्लिम युवती से प्रेम विवाह किया है। दोनों के बीच 4-5 साल से संबंध थे और धर्म अलग होने के कारण युवती के परिजन विवाह के खिलाफ थे। इसके बाद दोनों ने मंदिर में विवाह कर लिया और जुलाई 2023 से बिलासपुर के देवरीखुर्द में रहने लगे। इस बीच एक एनजीओ की शिकायत पर हृदय के खिलाफ अपहरण और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

# रेरा में हर साल थोक में सैकड़ों शिकायतें बिल्डरों के खिलाफ 600 से ज्यादा मामले डंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ रेरा के 2018 से अस्तित्व में आने के बाद से ही लगातार हर साल थोक में सैकड़ों शिकायत बिल्डरों के खिलाफ मिल रही हैं। इन शिकायतों का हर साल निराकरण भी किया जा रहा है, लेकिन किसी भी साल सभी शिकायतों का निराकरण नहीं हो सका है।

आठ सालों के रेरा के सफर में अब तक 38 सौ से ज्यादा शिकायतें मिली हैं, इसमें से 32 सौ से ज्यादा का निराकरण हो गया है, बाकी शिकायतें पेंडिंग है। अब तो सुप्रीम कोर्ट ने भी रेरा के औचित्य पर सवाल खड़ा कर दिए हैं। प्रदेश में रेरा ने 2018 में कामकाज शुरू किया। इसके बाद से प्रदेश भर में रियल एस्टेट में जो भी योजनाओं बिल्डर प्रारंभ कर रहे हैं, उनका पंजीयन रेरा में जरूरी हो गया है।




### कार्यप्रणाली पर सुप्रीम कोर्ट का सवाल

सुप्रीम कोर्ट से देश भर के राज्यों में रेरा की कार्यप्रणाली पर ही सवाल खड़ा कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट से रेरा को लेकर टिप्पणी कर दी है कि रेरा खरीदारों की सुनने के स्थान पर बिल्डरों की मदद करने का काम कर रहा है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले 26 पुलिसकर्मी सम्मानित

**रायपुर।** राजधानी में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने एक माह की पुलिसकर्मी तथा थानों के एसएचओ के कार्यों की समीक्षा कर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया है। एक महीने के अवधि में ई-चालान, अपहरण, चोरी, नकबजनी, नारकोटिक्स एक्ट, आर्म्स एक्ट के प्रकरणों में प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया है। सम्मान पाने वालों में ट्रैफिक टीआई भुनेश्वर साहू तथा विशाल कुजूर के नाम शामिल हैं।

### देशी कट्टे के नोक पर धमकाते धरा गया हिस्ट्रीशीटर

**रायपुर।** उरला पुलिस ने देशी कट्टे के नोक पर एक युवक को धमकाने के आरोप में एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर मोहम्मद आमीर उर्फ बद्री को धर-दबोचा है। आमीर एक निर्माणाधीन कांप्लेक्स के पास एक युवक को धमका रहा था। आमीर के खिलाफ माना, मौदहापारा, खमतराई और उरला में मारपीट, बलवा, लूट और हत्या के प्रयास सहित दो दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं।

### सेवानिवृत्त कर्मी से दो लाख ठगे

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में आयकर विभाग के एक सेवानिवृत्त कर्मी ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ मोबाइल हैक कर उसके अकाउंट से दो लाख रुपए आहरण कर ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है।



## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी भू-अर्जन मनेन्द्रगढ़ जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

क्रमांक/4764/वाचक-1/ भू-अर्जन /2026 मनेन्द्रगढ़, दिनांक 16/02/2026

**// रेल अधिनियम, 1989 की धारा-20 च (4) के अंतर्गत //**

**:: लोक-सूचना ::-**

**विषय :- प्रस्तावित रेलवे परियोजना हेतु भूमि / संरचना के अधिग्रहण के पूर्व प्रतिकर राशि के निर्धारण एवं आपत्तियों हेतु लोकसूचना।**

यह विदित हो, कि रेल अधिनियम, 1989 के अंतर्गत बौरीडांड-सूरजपुर खण्ड के बीच रेल्वे लाईन का दोहरीकरण परियोजना के निर्माण हेतु निम्नलिखित ग्रामों की भूमि / संरचनाओं को अधिग्रहण हेतु प्रस्तावित किया गया है। उक्त अधिग्रहण हेतु प्राथमिक प्रतिकर राशि (Provisional Compensation) की गणना की जा रही है। इस संबंध में निम्न विवरण प्रस्तुत है :-

**1. प्रस्तावित अधिग्रहित भूमि / संरचना का विवरण**

| क्रमांक | अधिग्रहण का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम/नगर | उजियारपुर | | |
| 2 | तहसील | मनेन्द्रगढ़ | | |
| 3 | जिला | मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर | | |
| 4 | खसरा / प्लॉट नंबर एवं अर्जन हेतु प्रस्तावित | क्र. | खसरा नं. | रकबा |
| | | 01 | 721 | 0.030 |
| | | 02 | 720 | 0.018 |
| | | 03 | 719 | 0.016 |
| | | 04 | 717/2 | 0.040 |
| | | 05 | 717/1 | 0.006 |
| | | 06 | 716 | 0.130 |
| | | 07 | 715/1 | 0.080 |
| | | 08 | 715/2 | 0.050 |
| | | 09 | 713 | 0.010 |
| | | 10 | 714/1 | 0.040 |
| | | 11 | 712 | 0.060 |
| | | 12 | 711 | 0.020 |
| | | 13 | 682/2 | 0.030 |
| | | 14 | 682/3 | 0.018 |
| | | 15 | 682/4 | 0.017 |
| | | 16 | 681/5 | 0.037 |
| | | 17 | 681/7 | 0.032 |
| | | 18 | 681/3 | 0.010 |
| | | 19 | 679/2 | 0.032 |
| | | 20 | 678/2 | 0.028 |
| | | 21 | 677/2 | 0.042 |
| | | 22 | 677/1 | 0.079 |
| | | 23 | 676 | 0.080 |
| | | 24 | 562 | 0.016 |
| | | 25 | 561/1 | 0.036 |
| | | 26 | 557 | 0.024 |
| | | 27 | 556 | 0.027 |
| | | 28 | 544 | 0.040 |
| | | 29 | 553 | 0.090 |
| | | 30 | 552 | 0.019 |
| | | 31 | 545 | 0.030 |
| | | 32 | 550 | 0.032 |
| | | 33 | 551 | 0.028 |
| | | 34 | 546 | 0.061 |
| | | 35 | 547 | 0.063 |
| | | 36 | 608 | 0.010 |
| | | 37 | 609 | 0.110 |
| | | 38 | 610/1 | 0.040 |
| | | 39 | 610/3 | 0.070 |
| | | 40 | 611 | 0.040 |
| | | 41 | 614 | 0.070 |
| | | 42 | 613 | 0.130 |
| | | 43 | 619/1 | 0.050 |
| | | 44 | 620/1 | 0.030 |
| | | 45 | 288 | 0.010 |
| | | 46 | 299/3 | 0.010 |
| | | 47 | 299/2 | 0.010 |
| | | 48 | 299/1 | 0.020 |
| | | 49 | 298/1 | 0.050 |
| | | 50 | 290 | 0.010 |
| | | 51 | 296 | 0.010 |
| | | 52 | 289 | 0.070 |
| | | 53 | 288 | 0.010 |
| | | 54 | 287 | 0.010 |
| | | | कुल खसरे-54 | 2.131 हे. |
| 5 | भूमि का प्रकार - कृषि योग्य / अकृषि/आवासीय/ व्यावसायिक आदि | प्रपत्र- क अनुसार | | |
| 6 | स्वामी /दावेदार का नाम | प्रपत्र- क अनुसार | | |

2. प्रतिकर राशि निर्धारण हेतु आधार -

| क्रमांक | अधिग्रहण भूमि के प्रतिकर राशि का विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | छत्तीसगढ़ बाजार मूल्य निर्धारण संबंधी उपबंध 2025-26 का एवं वर्तमान बाजार मूल्य। | प्रपत्र- क अनुसार |
| 2 | भूमि का उपयोग / प्रकृति | प्रपत्र- क अनुसार |
| 3 | संरचना/फसल/वृक्षों का मूल्यांकन | प्रपत्र- ख अनुसार |
| 4 | रेलवे परियोजना से प्रभावित अन्य परिसंपत्तियों का मूल्य | प्रपत्र- क अनुसार |
| 5 | अधिनियम/नियमों के अनुसार देय अन्य लाभ | प्रपत्र- क अनुसार |
| 6 | स्वामी / दावेदार का नाम | प्रपत्र- क अनुसार |

3. आपत्ति / दावा प्रस्तुत करने की सूचना-उक्त प्राथमिक प्रतिकर गणना के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को भूमि स्वामित्व, क्षेत्रफल, वर्गीकरण, मूल्यांकन एवं प्रतिकर राशि के संबंध में कोई आपत्ति, दावा या अतिरिक्त दस्तावेज प्रस्तुत करना चाहते हों, तो स्वंय या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से निम्नलिखित अवधि एवं स्थान पर सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करें

*आपत्ति ग्राह्य करने की अवधि तिथि - 16/02/2026 से 16/03/2026 तक (अवकाश दिवस-प्रत्येक शनिवार, रविवार एवं अन्य घोषित शासकीय अवकाश को छोड़कर)

* प्रस्तुति का स्थान - न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मनेन्द्रगढ़, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी - भरतपुर (छ.ग.)

* समय - प्रात: 12:00 से दोपहर 03:00 बजे तक

4. महत्वपूर्ण सूचना - 1. नियत समय के भीतर प्राप्त दावों / आपत्तियों पर विचार किया जाएगा। 2. उचित प्रक्रिया पश्चात प्रतिकर राशि का अंतिम अवार्ड पारित किया जाएगा। 3. प्रभावित भू-स्वामियों को सुनवाई हेतु पृथक से सूचना जारी की जावेगी।

5. सम्पर्क अधिकारी

नाम : लिंगराज सिदार
पद : अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं प्राधिकृत अधिकारी
कार्यालय : अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मनेन्द्रगढ़,जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)
सम्पर्क नं : 9806562251
ई-मेल : sdmmanendragarh@gmail.com

मुआवजा गणक पत्रक (अनुलग्नक क) प्रपत्र-क
ग्राम- उजियारपुर तहसील-मनेन्द्रगढ़ जिला एम.सी.बी. (छ.ग.)

| क्र. | हितबद्ध व्यक्ति/भूमि स्वामी का नाम | खसरा नम्बर | अर्जित भूमि का क्षेत्रफल (रकबा) हेक्टे में | भूमि का किस्म | सिचित /असिंचित अन्य | प्रतिकर दर हेक्टे में (रु में) सिंचित | प्रतिकर दर हेक्टे में (रु में) असिंचित | मुख्य मार्ग पर स्थित भूमि की दर | अर्जित भूमि का मूल्यांकन प्रति कर की राशि रूपये में) | भूमि अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिनियम 2013 के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र का गुणांक (2.0) सहित बाजार मूल्य | परिसमपत्तियों के प्रतिकर का विवरण: वृक्ष रुपये में | भवन बाउंड्री वाल रू में | कुप, कुंआ रू. में | नलकूप रू. में | योग स्तम्भ (12)+(13)+(14)+(15) का योग | प्रतिकर की राशि स्तम्भ (11+16) में | भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 105 के संशोधन क धारा 30 (1) के अन्तर्गत 100 प्रतिशत अतिरिक्त तोषण राशि | भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 105 के संशोधन क धारा 30 (3) के अन्तर्गत 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से 8 माह की अतिरिक्त धन राशि (स्तम्भ 10 का 8 प्रतिशत) | कुल प्रति कर की पूर्णांक में देय राशि (स्तम्भ 17 + 18 + 19) का योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शासकीय भूमि | 721 | 0.030 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | प्रमोद, शनि आ. हिरालाल, आर. पी. सिंह, दीपक आ. बुद्ध सिंह, सावित्री सिंह बेवा बुद्ध सिंह, दिव्या, सांनमत पुत्री बुद्ध सिंह, इन्द्रकुवर बेवा हिरालाल, सोनमत पुत्री नन्दलाल | 720 | 0.018 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 40230 | 80460 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 80460 | 80460 | 3186 | 164106 |
| 3 | शासकीय भूमि (सड़क) | 719 | 0.016 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | हिमांशी पिता समयलाल | 717/2 | 0.040 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 89400 | 178800 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 178800 | 178800 | 7080 | 364680 |
| 5 | गौरीशंकर आ. पलटु साव | 717/1 | 0.006 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 13410 | 26820 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 26820 | 26820 | 1062 | 54702 |
| 6 | प्रमोद, शनि आ. हिरालाल आरपी सिंह, दीपक आ. बुद्ध सिंह. सावित्री सिंह बेवा बुद्ध सिंह, दिव्या, 6 सोनमत पुत्री बुद्ध सिंह. इन्द्रकुवर बेया हिरालाल सोनमत पुत्री नन्दलाल | 716 | 0.130 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 290550 | 581100 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 581100 | 581100 | 23012 | 1185212 |
| 7 | पुरषोत्तम आ. दुखीराम | 715/1 | 0.080 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 178800 | 357600 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 357600 | 357600 | 14161 | 729361 |
| 8 | चन्द्रप्रकाश आ. रामऔतार | 715/2 | 0.050 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 111750 | 223500 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 223500 | 223500 | 8851 | 455851 |
| 9 | रज्जन, रूपन आ. रामदेव मु. सोन कुंवर बेवा रामदेव, सुन्दर आ. रामदेव | 713 | 0.010 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 22350 | 44700 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 44700 | 44700 | 1770 | 91170 |
| 10 | कमलेश कुमार आ. रामनारायण | 714/1 | 0.040 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 89400 | 178800 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 178800 | 178800 | 7080 | 364680 |
| 11 | धीरु आ. भोला | 712 | 0.060 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 134100 | 268200 | 0 | 2657650 | 0 | 0 | 2657650 | 2925850 | 2925850 | 10621 | 5862321 |
| 12 | शासकीय भूमि | 711 | 0.020 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 44700 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | हरिनन्दन आ. जदुनाथ | 682/2 | 0.030 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 67050 | 134100 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 134100 | 134100 | 5310 | 273510 |
| 14 | हरिलाल आ. जदुनाथ | 682/3 | 0.018 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 40230 | 80460 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 80450 | 80450 | 3186 | 164106 |
| 15 | ना.बा महिपाल ना.बा रामसुन्दर आ. बसंतलाल मगेश्वरी, ना. बा श्रीमती बसंतलाल सुकवरिया पति बसंतलाल | 682/4 | 0.017 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 37995 | 75990 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 75990 | 75990 | 3009 | 154989 |
| 16 | विजय कुमार आ. ननकूराम | 681/5 | 0.037 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 82695 | 165390 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 165390 | 165390 | 6549 | 337329 |
| 17 | सुदीप सिंह आ. स्व. कृष्ण कुमार सिंह विवेक जायसवाल आ. स्व. प्रमोद जायसवाल | 681/7 | 0.032 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 71520 | 143040 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 143040 | 143040 | 5664 | 291744 |
| 18 | श्यामबली आ. जगरनाथ | 681/3 | 0.010 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 22350 | 44700 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 44700 | 44700 | 1770 | 91170 |
| 19 | देवप्रसाद आ. ठाकुर प्रसाद | 679/2 | 0.032 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 71520 | 143040 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 143040 | 143040 | 5664 | 291744 |
| 20 | सोमरिया बाई पुत्री रामदिन गोंड़ | 678/2 | 0.028 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 62580 | 125160 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 125160 | 125160 | 4956 | 255276 |
| 21 | रामसाय आ. जगदीश | 677/2 | 0.042 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 93870 | 187740 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 187740 | 187740 | 7435 | 382915 |
| 22 | रामसेवक आ.जगदीश | 677/1 | 0.079 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 176565 | 353130 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 353130 | 353130 | 13984 | 720244 |
| 23 | शासकीय भूमि (सड़क) | 676 | 0.080 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 24 | भोला आ. हीरालाल, संत कुमार, बसंत सिंह आ. मोतीलाल, हीरामती, रूपा आ. मोतीलाल, बसंतीबाई बेवा मोतीलाल | 562 | 0.016 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 35760 | 71520 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 71520 | 71520 | 2832 | 145872 |
| 25 | शिवमंगल जयमंगल, राजेन्द्र आ. सोनसाय, उर्मिला बेवा सोनसाय | 561/1 | 0.036 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 80460 | 160920 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 160920 | 160920 | 6372 | 328212 |
| 26 | रनसाय धनसिंह मानसिंह पिता जोखु मोतीलाल भोला आ. सुक्खु उर्फ हीरालाल | 557 | 0.024 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 53640 | 107280 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 107280 | 107280 | 4248 | 218808 |
| 27 | रबी आ. परषोत्तम | 556 | 0.027 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 60345 | 120690 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 120690 | 120690 | 4779 | 246159 |
| 28 | नर्वदा प्रसाद आ. धर्मपाल | 544 | 0.040 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 89400 | 178800 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 178800 | 178800 | 7080 | 364680 |
| 29 | नर्वदा प्रसाद आ. धर्मपाल | 553 | 0.090 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 201150 | 402300 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 402300 | 402300 | 15931 | 820531 |
| 30 | राजकुमार आ. धर्मसाय | 552 | 0.019 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 42465 | 84930 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 84930 | 84930 | 3363 | 173223 |
| 31 | राजकुमार आ. धर्मसाय | 545 | 0.030 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 67050 | 134100 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 134100 | 134100 | 5310 | 273510 |
| 32 | शासकीय भूमि | 550 | 0.032 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 33 | राजकुमार आ. धर्मसाय | 551 | 0.028 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 62580 | 125160 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 125160 | 125160 | 4956 | 255276 |
| 34 | बुधराम आ. खुदुल निरंजन कुमार आ. बुधराम चेरवा | 546 | 0.061 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 73200 | 146400 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 146400 | 146400 | 5797 | 298597 |
| 35 | बुधराम आ. खुदुल निरंजन कुमार आ. बुधराम चेरवा | 547 | 0.063 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 75600 | 151200 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 151200 | 151200 | 5988 | 308388 |
| 36 | रामनाथ आ. बुद्ध | 608 | 0.010 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 12000 | 24000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 24000 | 24000 | 950 | 48950 |
| 37 | सुमंत कुमार आ. सर्वजित मु फुलझरबाई बेवा सर्वजित | 609 | 0.110 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 132000 | 264000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 264000 | 264000 | 10454 | 538454 |
| 38 | सुखमतिया बाई पति मंगलू सिंह | 610/1 | 0.040 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 48000 | 96000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 96000 | 96000 | 3802 | 195802 |
| 39 | सुखमतिया बाई पति मंगलू सिंह | 610/3 | 0.070 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 84000 | 168000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 168000 | 168000 | 6653 | 342653 |
| 40 | पवनकुमार सीताराम आ. रामनारायण | 611 | 0.040 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 48000 | 96000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 96000 | 96000 | 3802 | 195802 |
| 41 | बलराम आ. जयनारायण | 614 | 0.070 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 84000 | 168000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 168000 | 168000 | 6653 | 342653 |
| 42 | विजय बहादुर धन सिंह शिव नारायण सत्यनारायण प्रेमनारायण जगतनारायण आ. दुर्योधन | 613 | 0.130 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 156000 | 312000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 312000 | 312000 | 12355 | 636355 |
| 43 | संविता साहू पति दिवाकर प्रसाद | 619/1 | 0.050 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 60000 | 120000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 120000 | 120000 | 4752 | 244752 |
| 44 | सचिता साहू पति दिवाकर प्रसाद | 620/1 | 0.030 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 36000 | 72000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 72000 | 72000 | 2851 | 146851 |
| 45 | शासकीय भूमि | 288 | 0.010 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 46 | शासकीय भूमि | 299/3 | 0.010 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 47 | इन्द्रकुवर पति जगेषर | 299/2 | 0.010 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 22350 | 44700 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 44700 | 44700 | 1770 | 91170 |
| 48 | सोनीबाई पिता जगेशर | 299/1 | 0.020 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 24000 | 48000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 48000 | 48000 | 1901 | 97901 |
| 49 | शासकीय भूमि | 298/1 | 0.050 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 50 | शासकीय भूमि | 290 | 0.010 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 51 | शासकीय भूमि (सड़क) | 296 | 0.010 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 52 | शासकीय भूमि | 289 | 0.070 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 53 | शासकीय भूमि | 288 | 0.010 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 54 | शासकीय भूमि | 287 | 0.010 | | असिंचित | 1500000 | 1200000 | 2235000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | योग | 54 | 2.131 | | | 81000000 | 64800000 | 120690000 | 3289065 | 6488730 | 0 | 2657650 | 0 | 0 | 2657650 | 9146380 | 9146380 | 256954 | 18549714 |

बौरीडान्ड-सूरजपुर रेलवे दोहरीकरण परियोजना में प्रभावित होने वाले परिसंपतियों का संयुक्त जांच प्रतिवेदन प्रपत्र-ख
ग्राम उजियारपुर प.ह.नं. 1 रा.नि.मं. नागपुर तह. मनेन्द्रगढ़ जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)

परिसंपतियों का विवरण

| क्रमांक | भूमि स्वामि का नाम | खसरा नं | अर्जित रकबा हे. में | परिसंपतियों का विवरण | परिसम्पतियों का माप (मी./से.मी.) | परिसम्पतियों का माप (वर्ग मीटर में) | परिसम्पतियों का माप (वर्गफुट) | दर (प्रति वर्गफुट) | परिसम्पतियों का मुआवजा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | धीरू आ. भोला | 712 | 0.06 | पक्का घर | 15.6mx13.35m | 208.26 | 2241.04 | 1150.00 | 2577196.00 |
| | | | | शौचालय | 2.6mx2.5m | 6.50 | 69.96 | 1150.00 | 80454.00 |
| योग | | | | | | | | | 2657650.00 |

जी-252606982/1

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मनेन्द्रगढ़, जिला-एम.सी.बी.(छ.ग.)

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





## मोदी ने बहरीन किंग, सऊदी के क्राउन प्रिंस को किया फोन



पीएम नरेंद्र मोदी ने बहरीन के किंग और सऊदी के क्राउन प्रिंस को फोन किया। दोनों के बीच पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर चर्चा हुई। टेलीफोन पर उन्होंने बहरीन के किंग और सऊदी के क्राउन प्रिंस के साथ ईरान और इस्राइल के बीच टकराव समेत कई मुद्दों पर बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले बहरीन के किंग हमाद बिन ईसा अल खलीफा से बात की। उन्होंने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री-मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद से भी बात की।

### ईरान के हमले के बाद कुवैत में अमेरिकी दूतावास परिसर में आग और धुआं देखा गया

### ईरानी सुप्रीमो खामेनेई के बाद उनकी पत्नी की भी मौत, ईरान ने 4 देशों में 6 अमेरिकी बेस पर किया हमला

मध्य पूर्व में चल रहे अमेरिका-इज़राइल और ईरान के बीच बड़े संघर्ष के बीच हालात और बिगड़ते जा रहे हैं। ईरान ने अपने जवाबी हमलों में कई सौ मिसाइलें और ड्रोन कई मध्य पूर्वी देशों के खिलाफ दागे। इनमें इज़राइल, कुवैत, कतर, बहरीन, सऊदी अरब और यूएई शामिल हैं। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद उनकी पत्नी मंसूरेह खोझस्तेह बघेरजादेह का भी निधन हो गया है।

# ईरान का खाड़ी देशों की रीढ़ पर प्रहार, ऑयल-गैस प्लांट बंद

एजेंसी ▶▶| तेहरान/दुबई

अमेरिका और इजराइल ने मिलकर अब तक ईरान के 1200 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए हैं। इस दौरान शुरुआती 30 घंटे में 2000 से ज्यादा बम गिराए गए। इनमें अब तक 555 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 700 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 180 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं। ईरान ने सोमवार को मिडिल-ईस्ट के 4 देशों में 6 अमेरिकी बेस पर हमला किया है। ईरान ने सऊदी अरब की बड़ी तेल रिफाइनरी रास तनूरा पर हमला किया है। यहां हमले के बाद धुंआ उठता नजर आया। कुवैत में अमेरिका के कई फाइटर जेट क्रैश हो गए है। जेट हवा में गोल-गोल घूमने के थोड़ी देर बाद जमीन से टकरा गए। हालांकि, इसमें किसी मौत की नहीं हुई है। दूसरी ओर ईरान के टॉप नेशनल सिक्योरिटी अधिकारी अली लारीजानी ने सोमवार को कहा कि ईरान अमेरिका से कोई बातचीत नहीं करेगा। यह बयान उन खबरों के जवाब में आया है, ▶▶|शेष पेज 6 पर




## कुवैत ने तीन अमेरिकी एफ-15ई विमानों को 'गलती से मार गिराया

अमेरिकी सेना ने कहा कि ईरान की ओर से किए गए हमले के दौरान कुवैत ने तीन अमेरिकी एफ-15ई स्ट्राइक ईगल विमानों को 'गलती से मार गिराया'। इस लड़ाई में ईरानी विमानों, बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोनों के हमले शामिल थे। कुवैती वायु रक्षा प्रणाली ने गलती से अमेरिकी वायु सेना के लड़ाकू विमानों को मार गिराया। चालक दल के सभी छह सदस्य सुरक्षित रूप से कूद गए, उन्हें बचा लिया गया है और उनकी हालत स्थिर है। कुवैत ने इस गलती को स्वीकार कर लिया है, और हम कुवैती रक्षा बलों के प्रयासों और इस अभियान में समर्थन के लिए उनके आभारी हैं।

## ब्रिटेन पीएम से खफा हुए ट्रंप




युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पुराने सहयोगी ब्रिटेन पर नाराजगी जताई है। दरअसल ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने अमेरिका को हिंद महासागर में मौजूद अपना मिलिट्री बेस डिएगो गॉर्सिया देने में देर की।

### एक भारतीय की मौत

ओमान में ईरान की ओर से किए गए हमले में एक भारतीय की मौत हो गई है। ओमान की मीडिया के अनुसार तेल टैंकर पर ईरान ने हमला किया, जिसमें एक भारतीय की मौत हुई।

### ईरान ने कार्यवाहक रक्षा मंत्री नियुक्त

ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार सैयद माजिद इबन अल रेजा को ईरान का कार्यवाहक रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया है।



### यूके मिलिट्री बेस पर ईरान का हमला

ईरान ने साइप्रस में एक ब्रिटिश सैन्य अड्डे के रनवे पर ड्रोन हमला किया। इससे यूरोपीय यूनियन के सदस्य देशों ने ईरान के खिलाफ समर्थन देने का वादा किया।

### ईरान के खिलाफ जंग में उतरने को तैयार फ्रांस

फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट ने कहा है कि उनका देश ईरान के खिलाफ जंग में उतरने के लिए तैयार है. उन्होंने कहा कि ईरान के जवाबी हमलों से प्रभावित खाड़ी देशों की मदद करने के लिए फ्रांस तैयार है।


आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) = | ₹126010/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) = | ₹153990/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) = | ₹167996/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand Jewels

Pandri, Raipur

*Conditions apply


## ईरान का आरोप, परमाणु संयंत्र को बनाया निशाना



संयुक्त राष्ट्र की परमाणु एजेंसी में ईरान के दूत ने सोमवार को आरोप लगाया कि अमेरिकी-इजराइली हवाई हमलों में ईरान के नतान्ज परमाणु संवर्धन स्थल को निशाना बनाया गया है। इजराइल और अमेरिका ने परमाणु स्थल पर हुए हमलों की बात को स्वीकार नहीं किया है। इस पर अमेरिका ने जून में ईरान और इजराइल के बीच हुए 12 दिवसीय युद्ध के दौरान बमबारी की थी। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) में ईरान के राजदूत रजा नजाफी ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ किए गए गैरकानूनी, आपराधिक और क्रूर हमलों की कड़ी निंदा की।

### नेतन्याहू के ऑफिस पर हमला

ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड का दावा है कि ईरान ने सोमवार सुबह नेतन्याहू के ऑफिस पर हमला किया, उनका पता अभी तक नहीं चल पाया है। रिपोर्ट के मुताबिक आईआरजीसी ने दावा किया है कि उसके मिसाइल हमले में नेतन्याहू के कार्यालय और इजरायली वायु सेना के कमांडर के ठिकाने को निशाना बनाया गया।

## कश्मीर में प्रदर्शन, आवाजाही बैन

श्रीनगर। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में कश्मीर के कई हिस्सों में सोमवार को विरोध प्रदर्शन के कारण प्राधिकारियों ने लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया और मोबाइल इंटरनेट की गति धीमी कर दी। कश्मीर घाटी में लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन हो रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, शहर के बेमिना, गुंड हसीभट और जहांगीर चौक इलाकों में तथा दक्षिण कश्मीर के पुलवामा कस्बे में विरोध प्रदर्शन भड़क उठे। शिया बहुल इलाकों में सैकड़ों प्रदर्शनकारी जमा हुए। उन्होंने सड़कों पर मार्च किया और अमेरिका तथा इजराइल के विरोध में नारेबाजी की।



## खबर संक्षेप

### साल का पहला चंद्रग्रहण आज, देश में भी मान्य

**नई दिल्ली।** साल का पहला चंद्र ग्रहण मंगलवार को लगेगा। यह एक खंडग्रास चंद्र ग्रहण होगा, जो सिंह राशि और पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में लगेगा. यह चंद्र ग्रहण भारत में भी दिखाई देगा। इस चंद्र ग्रहण का सूतक काल भी भारत में मान्य होगा। चंद्र ग्रहण दोपहर को 3 बजकर 20 मिनट पर शुरू होगा और शाम को 6 बजकर 46 मिनट पर समाप्त होगा। इसका सूतक काल सुबह 6 बजकर 20 मिनट से लागू हो जाएगा। यह चंद्र ग्रहण भारत के कई बड़े शहरों में दिखाई देने वाला है।



### जायदाद के लिए माता-पिता दादी व बहन की हत्या

**बहराइच।** बहराइच जिले के रुपईडीहा क्षेत्र में कथित तौर पर जायदाद के विवाद में एक व्यक्ति ने अपने माता-पिता, दादी तथा बहन पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर उनकी हत्या कर दी और खुद को भी घायल कर लिया। आरोपी निरंकार ने कुल्हाड़ी से हमला कर अपने पिता बदलू राम (60), मां संजू देवी (56), दादी सिताला देवी (80) और बहन पार्वती (38) की हत्या कर दी। आरोपी के बड़े भाई गुरुदेव के बेटे आजाद के शोर मचाने पर गांव के लोग इकट्ठा हो गए तो निरंकार ने अपने सिर पर ईंट से कई बार प्रहार कर खुद को भी घायल कर लिया। इस संबंध में निरंकार के विरुद्ध प्रासंगिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## रंगोत्सव में शामिल हुए सीएम साय...



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रायपुर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह "रंगोत्सव" एवं "महामूर्ख सम्मेलन 2026" में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को सुदृढ़ करने का पावन अवसर भी है।

तालिबान के मंत्री बोले- हमने डूरंड लाइन पार की

## अफगान ने किया पाक के नूरखान एयरबेस पर हमला

**काबुल।** अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस पर हमला किया है। यह बेस पाकिस्तानी आर्मी के हेडक्वार्टर और प्रधानमंत्री कार्यालय से सिर्फ 25 किमी दूर है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पर बीते चार दिनों से लगातार हवाई हमले और गोलीबारी जारी है। तालिबान सरकार का कहना है कि हमने पाकिस्तान के बेहद संवेदनशील नूर खान एयरबेस पर हमला किया है। यह एयरबेस रावलपिंडी में है। इसके साथ ही तालिबान के एक मंत्री ने दावा किया कि उनके लड़ाके डूरंड लाइन पार कर पाकिस्तान की जमीन में घुस चुके हैं। तालिबान के मुताबिक, क्वेटा और खैबर पख्तूनख्वा के कुछ सैन्य ठिकानों पर भी हमले ▶▶|शेष पेज 6 पर



### लगातार तीसरे वर्ष ब्याज दर में नहीं हुआ बदलाव

# कर्मचारियों को इस बार भी ईपीएफओ पर 8.25% ब्याज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने सोमवार को भविष्य निधि जमा पर 2025-26 के लिए ब्याज दर 8.25 प्रतिशत पर बरकरार रखी। यह लगातार तीसरा वर्ष है जब ब्याज दर को इस स्तर पर रखा गया है। पिछले वर्ष फरवरी में, ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8.25 प्रतिशत ब्याज दर को बरकरार रखा था। ईपीएफओ ने 2024 में ब्याज दर को बढ़ाकर 2023-24 के लिए 8.25 प्रतिशत कर दिया था, जो 2022-23 में 8.15 प्रतिशत थी। श्रम मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में सोमवार ▶▶|शेष पेज 6 पर



### पैसा कब आएगा अकाउंट में?

सीबीटी के फैसले के बाद प्रस्तावित ब्याज दर को अंतिम स्वीकृति के लिए वित्त मंत्रालय को भेजा जाएगा। औपचारिक मंजूरी मिलने के बाद 7 करोड़ से अधिक ईपीएफओ सदस्यों के खातों में नई ब्याज दर के अनुसार रकम जमा की जाएगी। ईपीएफ पर ब्याज की गणना मासिक आधार पर की जाती है, लेकिन इसे वित्त वर्ष के आखिर में अकाउंट में जमा किया जाता है। हालांकि, जो खाते 36 महीने तक निष्क्रिय रहते हैं, उन पर आगे ब्याज नहीं मिलता और उन्हें डॉर्मेंट माना जाता है।

### ब्याज दर का उतार-चढ़ाव

- ईपीएफओ ने 2019-20 के लिए भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर को 2018-19 के लिए निर्धारित 8.65 प्रतिशत से घटाकर सात वर्षों में सबसे कम 8.5 प्रतिशत कर दिया था।
- वित्त वर्ष 2016-17 में अपने ग्राहकों को 8.65 प्रतिशत और 2017-18 में 8.55 प्रतिशत ब्याज दर प्रदान की थी। 2015-16 में ब्याज दर थोड़ी अधिक यानी 8.8 प्रतिशत थी।
- वित्त वर्ष 2013-14 और 2014-15 दोनों वर्षों में 8.75 प्रतिशत की ब्याज दर दी, जो 2012-13 की 8.5 प्रतिशत दर से अधिक थी। 2011-12 में ब्याज दर 8.25 प्रतिशत थी।




चिंतन

# जंग रुकवाने को शांति समर्थक देश आगे आएं

पश्चिम एशिया में बढ़ता सैन्य टकराव एक बार फिर पूरी दुनिया को अस्थिरता की ओर धकेल रहा है। हाल के हमलों में अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर की गई कार्रवाई ने हालात को और विस्फोटक बना दिया है। बिना दूरगामी परिणामों की परवाह किए किए गए ऐसे हमले केवल सैन्य ठिकानों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि उनका दुष्प्रभाव आम नागरिकों तक पहुंचता है। सैकड़ों निर्दोष लोगों की जान जाना, रिहायशी इमारतों और बुनियादी ढांचे का नष्ट होना, अस्पतालों और जरूरी सेवाओं का ठप पड़ना ये सब संकेत हैं कि यह संघर्ष यदि नहीं रुका तो एक गहरे मानवीय संकट में बदल सकता है। युद्ध का सबसे बड़ा खामियाजा हमेशा आम जनता को ही भुगतना पड़ता है। जब बम गिरते हैं तो सीमाएं नहीं देखते, वे स्कूल, बाजार, घर और सपनों को भी तबाह कर देते हैं। खाद्य आपूर्ति बाधित होती है, दवाइयों की कमी हो जाती है और विस्थापन की समस्या विकराल रूप ले लेती है। यदि यह टकराव लंबा खिंचता है, तो प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को खाने के लाले पड़ सकते हैं। शरणार्थियों की नई लहरें पैदा होंगी, जिससे पड़ोसी देशों पर भी दबाव बढ़ेगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था पहले ही कई संकटों से जूझ रही है, ऐसे में तेल आपूर्ति और व्यापार मार्गों पर असर पड़ने से अनेक देशों की अर्थव्यवस्थाएं डगमगा सकती हैं। इजराइली हमलों के बाद क्षेत्रीय संगठनों की सक्रियता भी चिंता का विषय है। हिजबुल्ला जैसे संगठन यदि प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से संघर्ष में कूदते हैं, तो हालात बहुपक्षीय युद्ध का रूप ले सकते हैं। इससे न केवल संघर्ष का दायरा बढ़ेगा, बल्कि नियंत्रण और भी कठिन हो जाएगा। इतिहास गवाह है कि जब क्षेत्रीय युद्धों में बाहरी और गैर-राज्य तत्व शामिल होते हैं, तो शांति की राह और लंबी तथा जटिल हो जाती है। ऐसे समय में शांति समर्थक देशों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। वैश्विक मंच पर प्रभाव रखने वाले देशों जैसे रूस, भारत और चीन की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे केवल बयानबाजी तक सीमित न रहें, बल्कि ठोस कूटनीतिक पहल करें। संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर सक्रिय हस्तक्षेप, आपातकालीन बैठकें और तत्काल युद्धविराम का प्रस्ताव इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकते हैं। इन देशों के पास न केवल राजनीतिक प्रभाव है, बल्कि वे संवाद के ऐसे सेतु भी बन सकते हैं जिन पर चलकर विरोधी पक्ष वार्ता की मेज तक पहुंचें। हालांकि, ताकतवर देश होने के नाते पहल की पहली जिम्मेदारी अमेरिका पर ही आती है। यदि वह ईमानदारी से मध्यस्थता की भूमिका निभाए और अपने सहयोगियों के साथ मिलकर तनाव घटाने की दिशा में कदम बढ़ाए, तो समाधान की संभावना प्रबल हो सकती है। शक्ति का वास्तविक अर्थ केवल सैन्य क्षमता नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में संयम और नेतृत्व दिखाना भी है। यदि अमेरिका इस विवाद को बातचीत के जरिए सुलझाने की दिशा में ठोस प्रयास करे, तो अन्य देश भी सहयोग देने को आगे आएंगे। सामूहिक कूटनीति ही इस संकट का वास्तविक समाधान है। युद्ध का लंबा चलना किसी के हित में नहीं है। इससे न तो स्थायी सुरक्षा मिलती है और न ही राजनीतिक समाधान निकलता है। इसके विपरीत, यह कट्टरता को बढ़ावा देता है, नई पीढ़ियों में अविश्वास बोता है और मानवता को गहरे घाव देता है। इसलिए आज आवश्यकता है साहसिक शांति पहल की ऐसी पहल जो हथियारों की आवाज को खामोश कर सके और संवाद की आवाज को बुलंद करे।



मुद्दा
अवधेश कुमार

# खामेनेई का अंत और इस्लामी क्रांति

सामान्यतः आम इस्लामी देशों से थोड़ा उदार और खुले जीवन जीने वाले ईरान में 1979 के इस्लामी क्रांति और अयातुल्लाह के सर्वोच्च नेता के रूप में स्थापना संपूर्ण विश्व की दृष्टि से एक नई घटना थी। इसमें केवल ईरान नहीं संपूर्ण अरब और कुछ मायनों में इससे बाहर भी गैर इस्लामी या इस्लाम विरोधी शासनों के अंत और इसके विस्तार का विचार प्रबल था। यहूदी देश इजराइल को इस्लाम का दुश्मन घोषित करते हुए ईरान राष्ट्र का लक्ष्य धरती से उसका नामोनिशान मिटाना हो गया। इस्लामी क्रांति के साथ 1979 में अमेरिकी दूतावास पर हमले और उसके बाद की तस्वीरें आज भी सिहरन पैदा करती हैं।

अमेरिका और इजराइल के संयुक्त मामले में ईरान के सर्वोच्च मजहबी नेता अयातुल्लाह अल खामेनेई का मारा जाना 21वीं सदी की ऐसी बड़ी घटना है जिसका प्रभाव कई रूपों में संपूर्ण विश्व पर पड़ेगा। इस्लामी शासन होने के कारण वे व्यावहारिक रूप से ईरान के सर्वोच्च नेता थे। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन की भूमिका खामेनेई की नीतियों के क्रियान्वयन की रही है। अयातुल्लाह होने के कारण उन्हें विश्व भर के शिया मुसलमान अपने शीर्ष मजहबी नेता के रूप में देखते थे। पाकिस्तान, ईरान, भारत सहित कई देशों में शिया मुसलमानों का विरोध सामने है। किंतु यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि ईरान के एक भी पड़ोसी देश ने ईरान का पक्ष नहीं लिया है। हालांकि पिछले वर्ष खामेनेई ने संपूर्ण विश्व के मुसलमानों की एकता का आह्वान किया था। ईरान और उसके बाहर उनके समर्थकों की कल्पना में कभी उनके इस तरह की मौत की बात नहीं आई होगी। हालांकि पिछले वर्ष जून में पहले इजराइल और बाद में अमेरिका के हमले के समय अटकलें लगी थी कि शायद वे देश छोड़कर चले गए। ऐसा हुआ नहीं।

इस घटना की संपूर्ण परिणतियों का स्पष्ट पूर्वावलोकन अभी कठिन है। इतना स्पष्ट कहा जा सकता है कि ईरान में 1979 से इस्लामी क्रांति का एक दौर तत्काल समाप्त हो गया है। ऐसा नहीं है कि इस्लामी क्रांति के बाद हुए परिवर्तनों, स्थापित ढांचें, विचारधाराएं समाप्त हो गईं हैं पर कम से कम उस रूप में आने वाले लंबे समय तक मुक्त और स्वतंत्र शिया इस्लामी शासन नहीं हो सकता। यह कथन सामान्य क्रांतियों के संदर्भ में है कि क्रांति के शिशु ही क्रांति को खा जाते हैं। ईरान के इस्लामी क्रांति के बारे में भी तत्काल यह निष्कर्ष सही दिखता है। सामान्यतः आम इस्लामी देशों से थोड़ा उदार और खुले जीवन जीने वाले ईरान में 1979 के इस्लामी क्रांति और अयातुल्लाह के सर्वोच्च नेता के रूप में स्थापना संपूर्ण विश्व की दृष्टि से एक नई घटना थी। इसमें केवल ईरान नहीं संपूर्ण अरब और कुछ मायनों में इससे बाहर भी गैर इस्लामी या इस्लाम विरोधी शासनों के अंत और इसके विस्तार का विचार प्रबल था। यहूदी देश इजराइल को इस्लाम का दुश्मन घोषित करते हुए ईरान राष्ट्र का लक्ष्य धरती से उसका नामोनिशान मिटाना हो गया। अमेरिका और उसके नेतृत्व वाले पश्चिमी देशों को शैतान कहा गया। यह व्यावहारिक तौर पर विश्व में एक इस्लामी विद्रोह की सत्ता का स्वरूप था। सच कहें तो इसी अतिवादी भाव के व्यवहार ने ईरान को उस अवस्था में पहुंचा दिया जहां उसका शांत, स्थिर, सशक्त और सुरक्षित रहना असंभव था। जब आप किसी एक देश के धरती पर नहीं रहने के अधिकार की घोषणा करेंगे और उसके अनुसार देश का व्यवहार होगा, बाहर अलग-अलग हिंसक समूह पैदा कर उसकी मदद करेंगे तो इसकी प्रतिक्रिया आपको झेलनी पड़ेगी। आखिर कोई देश ऐसे शासन को कायम रहने देने के पक्ष में क्यों होगा जो उसके अंत को अपना लक्ष्य बनाकर काम कर रहा हो?

इस्लामी क्रांति के साथ 1979 में अमेरिकी दूतावास पर हमले और उसके बाद की तस्वीरें आज भी सिहरन पैदा करती हैं। अमेरिकी कर्मचारियों के हाथ बांध कर बाहर लाया गया, वे बंधक बनाए गए। तब से हर अमेरिकी राष्ट्रपति की कामना होती थी ईरान से इस्लामी शासन का अंत हो। तत्कालीन ईरानी शासक राजा शाह



पहलवी को अपने परिवार और समर्थकों के साथ अमेरिका में शरण लेनी पड़ी। आज उनके पुत्र रेजा शाह पहलवी और परिवार अमेरिका में ही है। पिछले लगभग 3 महीने से ईरान के अंदर विरोध प्रदर्शनों में हमने देखा कि लोग उनकी तस्वीरें लिए वापस आओ के नारे लगा रहे थे। ये लोग अमेरिका से भी हस्तक्षेप की भी मांग कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विरोधियों का समर्थन किया, ईरान को चेतावनी दी पर तत्काल सीधा हस्तक्षेप नहीं किया। कुछ वक्तव्यों और घटनाओं से लग रहा था कि डोनाल्ड ट्रंप इस बार परिणामकारी सैन्य हस्तक्षेप करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने खामेनेई शासन को चेतावनी दी, न्यूक्लियर कार्यक्रमों को समाप्त करने की शर्तें रखी, ओमान में बातचीत भी आरंभ की किंतु सब रणनीति के तहत था। उसके साथ-ईरान के आसपास अब्राहम लिंकन जैसा सबसे बड़ा नौसैनिक बेरा और अन्य तैयारी होती रही।

दरअसल, 7 अक्टूबर, 2023 को हमास द्वारा उत्सव मना रहे निर्दोष निरपराध यहूदियों पर हमला कर लगभग 1200 लोगों का सरेआम कत्लेआम और बंधक बना लेने की घटना ने पश्चिम एशिया खासकर ईरान इजराइल, ईरान अमेरिका संबंधों को ऐसे मोड़ पर ला दिया जिसे अयातुल्लाह सहित उनके परिवार के अनेक सदस्यों, प्रमुख कमांडरों और रक्षा मंत्री आदि की मृत्यु की पृष्ठभूमि माना जा सकता है। गाजा में हमास, लेबनान में हिजबुल्लाह, यमन में हुती अयातुल्लाह के ईरान के ही गैर राज्यीय आतंकवादी समूह हैं।

इजराइल और अमेरिका का ऑपरेशन तभी से आगे बढ़ने लगा। लेबनान में हिजबुल्लाह तथा गाजा में हमास को पूरी तरह समाप्त करने के लक्ष्य से इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने कार्रवाई आरंभ की। हिजबुल्लाह प्रमुख नजीबुल्लाह और उसके ज्यादातर शीर्ष साथियों की मृत्यु, उसके केंद्र काफी हद तक नष्ट होने आदि के साथ उसकी शक्ति इतनी क्षीण हो गई कि पहले की तरह संघर्ष नहीं कर सकते थे। गाजा में भी संघर्ष जारी रहा और अपने लोगों को सुरक्षित लाने की विवशता रहते हुए भी इजरायल ने हमास के ढांचे को जितना संभव था अंत करने की कोशिश की। डोनाल्ड ट्रंप के शासन में आने के बाद कुछ समय के लिए लगा कि शायद इजरायल की उनको लेकर अपेक्षाएं गलत साबित हो सकतीं हैं, लेकिन 22 जून 2025 को अमेरिका के शक्तिशाली जीबी 57ए/ बी मैसिव ऑर्डिनेंस पेनिट्रेट या एमोपी जिसे बंकर बस्टर बम भी कहा जाता है, के हमलों में ईरान के तीन महत्वपूर्ण फोर्डो, नतांज और इस्फाहान न्यूक्लियर ठिकानों को नष्ट किया। वस्तुतः अमेरिका और इजराइल क्रमबद्ध तरीके से यहां तक पहुंचे हैं। ईरान पर पिछले एक दशक से ज्यादा के प्रतिबंधों ने उसके तेल व्यापार को लगभग समाप्त कर दिया और आर्थिक संकट बढ़ता गया। डोनाल्ड ट्रंप ने उन प्रतिबंधों को सख्ती से लागू करने के उपाय किए और उनके तेवर ऐसे थे जिसका असर हुआ। इस बीच ईरान रिवॉल्यूशनरी कोर्प्स गार्ड से लेकर प्रमुख रक्षा वैज्ञानिकों आदि की हत्यायें होती रहीं । इजरायल ने भी बीच-बीच में हमले किए।

अभी भविष्य की स्पष्ट तस्वीर नहीं प्रस्तुत की जा सकती। ईरान के बचे-खुचे कमांडर अपनी शक्ति से संघर्ष करेंगे, दुनिया भर के शिया अतिवादी समूह अपने स्तर से हिंसा और विरोध करेंगे, लेकिन ईरान के शासन का लंबे समय तक समूचे देश पर नियंत्रण रहना कठिन होगा। ईरान पर कब्जा कर किसी को सत्ता पर बिठाना अमेरिका के लिए कठिन है। बड़ी संख्या में ईरानी भी किसी बाहरी हस्तक्षेप वाले शासन को स्वीकार नहीं करेंगे। जो भी हो 1979 इस्लामी क्रांति के सिद्धांत वाली ऐसी शासन व्यवस्था वहां कायम नहीं रह सकती, जिसका संपूर्ण देश पर प्रभावी नियंत्रण हो।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।



त्योहार
ममता कुशवाहा

# रंग, रिवाज़ और रज़ामंदी होली के बदलते मायने

होली भारतीय समाज का ऐसा पर्व है, जो रंगों, हंसी और आपसी मेल-जोल के माध्यम से जीवन की नीरसता को तोड़ता है। यह उत्सव ऋतुओं के परिवर्तन का संकेत देता है, सामाजिक दूरी को कम करता है और मनुष्य के भीतर दबे उल्लास को बाहर आने का अवसर देता है। परंतु समय के साथ होली केवल आनंद और रंगों का पर्व भर नहीं रही, बल्कि इसके साथ उन्माद, अराजकता और सहमति जैसे जटिल प्रश्न भी जुड़ते चले गए हैं। आज होली केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज के मनोविज्ञान को परखने का एक आईना भी बन चुकी है। भारतीय परंपरा में होली का मूल भाव समरसता का रहा है। यह वह दिन था जब ऊंच-नीच, अमीर-गरीब, स्त्री-पुरुष की दीवारें कुछ समय के लिए ढह जाती थीं। लोग एक-दूसरे को रंग लगाते, गले मिलते और पुराने वैर-भाव भूल जाते थे। रंग यहां केवल भौतिक तत्व नहीं, बल्कि समानता और साझेपन का प्रतीक था। होली का हास्य, फाग और ठिठोली जीवन के तनाव को हल्का करने का सामाजिक उपकरण भी रहा है। किंतु परंपरा और आधुनिकता के बीच के तनाव ने इस उत्सव के स्वरूप को कहीं-कहीं विकृत भी किया है। सामूहिक उत्सवों का मनोविज्ञान व्यक्ति के एकांत व्यवहार से भिन्न होता है। जब व्यक्ति भीड़ का हिस्सा बनता है, तो उसका विवेक कई बार समूह की मानसिकता में विलीन हो जाता है। होली जैसे पर्व में यह प्रक्रिया और तीव्र हो जाती है। रंग, संगीत, नशा और भीड़, ये सभी मिलकर एक ऐसा वातावरण रचते हैं, जिसमें व्यक्ति स्वयं को जवाबदेही से मुक्त समझने लगता है। यही वह बिंदु है, जहाँ उत्सव धीरे-धीरे उन्माद में बदलने लगता है। व्यक्ति वह आचरण करने लगता है, जिसे वह सामान्य परिस्थितियों में गलत मानता। सामूहिक उन्माद का मनोविज्ञान बताता है कि भीड़ में व्यक्ति की पहचान धुंधली हो जाती है। वह "मैं" से "हम" में बदल जाता है, और यह "हम" कई बार अनियंत्रित हो सकता है। होली के दौरान यह उन्माद अक्सर "बुरा न मानो होली है" जैसे वाक्यों के पीछे छिपा दिया जाता है। यह वाक्य परंपरागत रूप से सौहार्द और मज़ाक का संकेत था, लेकिन आज कई बार इसे असहमति को कुचलने के औजार की तरह इस्तेमाल किया जाता है। मज़ाक और उत्पीड़न के बीच की महीन रेखा यहीं टूटती है। यहीं से सहमति का प्रश्न जन्म लेता है। किसी पर रंग डालना, पानी फेंकना या स्पर्श करना तब तक उत्सव का हिस्सा है, जब तक वह सामने वाले की इच्छा से हो। जैसे ही यह इच्छा अनदेखी होती है, उत्सव हिंसा का रूप ले लेता है भले ही वह हिंसा शारीरिक न होकर मानसिक या भावनात्मक क्यों न हो। समाज में लंबे समय तक यह मान्यता रही कि होली के दिन सब कुछ "चल जाता है", लेकिन आधुनिक संवेदनशीलता इस धारणा को चुनौती देती है। आज यह प्रश्न अधिक मुखर है कि क्या परंपरा के नाम पर किसी की असहमति को नज़रअंदाज़ किया जा सकता है? विशेषकर महिलाओं के संदर्भ में यह प्रश्न और भी गंभीर हो जाता है। कई स्त्रियों के लिए होली आनंद का नहीं, बल्कि भय और असहजता का दिन बन जाती है। अनचाहा स्पर्श, अश्लील टिप्पणियां और जबरन रंग लगाना, इन सबको सामाजिक स्वीकृति मिल जाती है, क्योंकि इन्हें उत्सव के आवरण में ढक दिया जाता है। यह स्थिति केवल व्यक्तिगत नैतिकता का नहीं, बल्कि सामूहिक सामाजिक चेतना का सवाल है। यदि समाज उत्सव के नाम पर असहमति को कुचलता है, तो वह मूलतः अपने ही मानवीय मूल्यों से समझौता करता है। होली और उन्माद का एक पहलू नशे से भी जुड़ा है। भांग और शराब जैसे पदार्थ व्यक्ति के संयम को और कम कर देते हैं। नशे में व्यक्ति अपने व्यवहार के परिणामों के प्रति और अधिक असंवेदनशील हो जाता है। सामूहिक नशा सामूहिक उन्माद को जन्म देता है, जहां किसी एक का गलत आचरण भी पूरे समूह द्वारा सही ठहराया जाने लगता है। इस स्थिति में नैतिकता व्यक्तिगत नहीं रहती, बल्कि भीड़ द्वारा तय की जाती है और यही सबसे खतरनाक स्थिति होती है। हालांकि, इसका अर्थ यह नहीं कि होली स्वभावतः हिंसक या नकारात्मक पर्व है। वास्तव में होली हमें आईना दिखाती है हमारे समाज के भीतर छिपे उल्लास का भी और हमारी असंवेदनशीलता का भी। यदि हम चाहें, तो होली को फिर से वही बना सकते हैं, जो वह मूलतः थी- रंगों का, रिश्तों का और सम्मान का पर्व। इसके लिए ज़रूरी है कि हम उत्सव को उन्माद से अलग करें और परंपरा को मानवीय मूल्यों के साथ पुनर्परिभाषित करें। जब रंग सहमति से लगेंगे और हँसी किसी की पीड़ा पर नहीं, बल्कि साझे आनंद पर आधारित होगी, तभी होली वास्तव में अपने अर्थ को साकार कर पाएगी।

( लेखिका वरिष्ठ शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# व्यक्ति को कैसे मिल सकती है दुखों से मुक्ति



संकलित
दर्शन

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में संपूर्ण विश्व दर्शन के नए क्षितिज स्पर्श कर रहा था। चीन में कन्फ्यूशियस और लाओत्से, ईरान में जरथुस्त्र, यूनान में पाइथागोरस नए तर्क गढ़ रहे थे तो भारत में महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध वैदिक दर्शन को नया आयाम देने में लगे थे। गौतम बुद्ध ने बताया कि जन्म से लेकर मृत्यु तक संपूर्ण जीवन दुखमय है। मृत्यु भी दुख का अंत नहीं है, बल्कि नए दुख का आरंभ है, क्योंकि मृत्यु के बाद भी पुनर्जन्म होता है। उनका मानना था कि प्राणी की इच्छा अपूर्ण रहती है तो पुनर्जन्म लेना पड़ता है। बुद्ध अनात्मवादी और अनीश्वरवादी तो थे, किंतु भौतिकवादी नहीं थे। उनका मत है कि सृष्टि में जो कुछ है वह क्षणिक है, परिवर्तनशील है। द्वितीय आर्य सत्य है कि प्रत्येक कार्य का कारण अवश्य होता है, जिसे बुद्ध ने प्रतीत्यसमुत्पाद कहा। इस दुख के कारणता सिद्धांत को द्वादश निदान चक्र भी कहा जाता है। इस दुख का मूलभूत कारण अविद्या है। अविद्या से संस्कार या पूर्व में किए गए कर्मो की प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। संस्कार से विज्ञान, विज्ञान से नामरूप, नामरूप से षडायतन, षडायतन से स्पर्श, स्पर्श से वेदना, वेदना से तृष्णा, तृष्णा से उपादान, उपादान से भव, भव से जाति, जाति या जन्म से जरा-मरण का दुख भोगना पड़ता है। बौद्ध दर्शन का तृतीय आर्यसत्य दुख-निरोध है। दुखों के मूल कारण अविद्या को दूर करके इसी जीवन में दुखों का अंत किया जा सकता है। दुखों का निरोध ही निर्वाण है।

# पैसा, सेहत और ज्ञान से जुड़े कामों में देर न करें



संकलित
प्रेरणा

एक दिन श्रीकृष्ण उद्धव की भेंट हुई तो श्रीकृष्ण ने उद्धव को एक ब्राह्मण की कहानी सुनाई। श्रीकृष्ण ने बताया कि एक ब्राह्मण ने खेती और व्यापार करके खूब धन कमाया था। वह धनी था, वह बहुत ही कंजूस भी था। धन आया तो उसका मन गलत कामों में लग गया, वह लालची भी था। बुरी आदतों के साथ ही उसे अहंकार भी हो गया, बात-बात पर वह गुस्सा करने लगा। अपने मित्रों से और रिश्तेदारों से भी ठीक से व्यवहार नहीं करता था। ब्राह्मण के व्यवहार की वजह से उसके घर-परिवार के लोग और मित्र लोग दुखी रहने लगे। वह धनी था, लेकिन और धन कमाना चाहता था। कंजूस इतना था कि वह अपने ऊपर भी खर्च नहीं करता था, लेकिन समय के साथ धीरे-धीरे उसका धन खर्च होने लगा। कुछ धन उसके घर-परिवार वालों ने ही छीन लिया। कुछ चोरी हो गया। कुछ चीजें अपने आप नष्ट हो गई। धनी ब्राह्मण का बुरा समय शुरू हुआ तो उसे व्यापार में भी नुकसान हो गया। इसी तरह कुछ ही दिनों में उसका पूरा धन बर्बाद हो गया। अब वह गरीब हो गया तो किसी ने उसकी मदद नहीं की। गरीबी के दिनों में उस ब्राह्मण को अपनी गलतियां याद आने लगीं। वह सोचने लगा कि उसने कभी भी किसी पर धन खर्च नहीं किया। घर-परिवार के लोगों से और मित्रों से बुरा व्यवहार किया। अब मेरी कोई मदद नहीं कर रहा है, ये सब मेरे ही कर्मों का फल है। मैंने कभी भी अपने धन का सही उपयोग नहीं किया।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### विज्ञान वरदान बने, अभिशाप नहीं

28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य देश में विद्यार्थियों और लोगों की विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना भी है। हमारा देश विज्ञान के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। सूरज-चांद तक नए-नए आविष्कार करने की ओर अग्रसर हो गया है। हमारे देश के वैज्ञानिक भी उन देशों से कम नहीं हैं, जो तकनीक और विज्ञान के क्षेत्र में अपने आपको सुपर पावर मानते हैं। अगर सरकारें विज्ञान की पढ़ाई को देश में दुरुस्त करने के लिए गंभीरता दिखाएं तो हमारा देश विज्ञान के क्षेत्र में दुनिया के सभी देशों को पीछे छोड़ दे। यह प्रश्न भी अहम है कि विज्ञान एक वरदान है या अभिशाप? यह मानव के वश में ही है कि विज्ञान को अभिशाप बनने से रोका जाए। तभी वह वरदान बना रहेगा।

*– प्रदीप सोनी, भाटापारा*

## ट्रेंड

### आत्मनिर्भर बनेंगी बेटियां



'मेरी पूंजी, मेरा अधिकार', सहेली स्मार्ट कार्ड और दिल्ली लखपति बिटिया जैसी योजनाएं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। सभी कल्याणकारी योजनाएं दिल्ली की महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाकर समृद्ध दिल्ली के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। **-द्रौपदी मुर्मु,** राष्ट्रपति

### तनाव से भारत चिंतित



पश्चिम एशिया में तनाव से भारत चिंतित है। भारत विश्व में शांति और स्थिरता चाहता है। हर समस्या का समाधान बातचीत के जरिए निकाला जाना चाहिए। हम इस बात से सहमत हैं कि आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरता न केवल हमारे बल्कि पूरी मानवता के सामने गंभीर चुनौतियां हैं। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### घुसपैठिए छीन रहे अवसर



बंगाल के युवाओं को मिलने वाले अवसर घुसपैठिए छीन रहे हैं। राज्य की डेमोग्राफी बदल रही है। टीएमसी ने सीएए के बारे में भी झूठ फैलाया, क्योंकि वे इन घुसपैठियों को बसाना चाहते हैं। टीएमसी की सरकार हर स्तर पर भारतीय संविधान का गला घोंट रही है। **-राजनाथ सिंह,** रक्षा मंत्री

### नशे की लत घातक



हम मद्यपान पर नियंत्रण के प्रयासों का पूरा समर्थन करते हैं, क्योंकि नशे की लत परिवार और समाज दोनों के लिए घातक है। शराब के सेवन और निर्माण पर रोक लगाने का विचार सामाजिक दृष्टि से उचित है। इसलिए इस पर रोक लगाई जाए। **-चिराग पासवान,** केंद्रीय मंत्री

## करंट अफेयर

# नेपाल के पहाड़ी क्षेत्रों में मनाई जा रही होली

नेपाल में सोमवार को होली का उत्सव शुरू हो गया और राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने कहा कि यह त्योहार लोगों को सामाजिक विकृतियों और बुरी प्रथाओं को समाप्त करने के लिए प्रेरित करता है।



राष्ट्रपति पौडेल ने देश के पहाड़ी जिलों में मनाए जा रहे रंगों के त्योहार के अवसर पर शुभकामनाएं दीं। हालांकि, तराई क्षेत्र में यह त्योहार मंगलवार को मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह त्योहार लोगों को सामाजिक विकृतियों और बुरी प्रथाओं को समाप्त करने के लिए प्रेरित करने के साथ ही देश में सामाजिक सद्भाव और एकता बनाए रखने में मदद कर सकता है। उत्सव की औपचारिक शुरूआत सात फरवरी को काठमांडू के बसंतपुर दरबार चौक पर 32 फुट से अधिक लंबी बांस की छड़ी 'चिर' की स्थापना के साथ हुयी। रंग-बिरंगे कपड़े छड़ी पर बांधे गए, जो उत्सव के प्रारंभ का प्रतीक था। हालांकि, लोग होली का मुख्य दिन फाल्गुन महीने की पूर्णिमा के दिन मनाते हैं, जो हिंदू पंचांग का एक महत्वपूर्ण महीना है और मुख्य रूप से सर्दियों से वसंत ऋतु में आने का प्रतीक है। सोमवार की आधी रात नेपाल में पांच मार्च को होने वाले प्रतिनिधि सभा चुनावों से पहले चुनाव प्रचार का आखिरी दिन भी है।

## ऑफ बीट

# बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण

यह विकास की एक दुर्भाग्यपूर्ण विचित्रता है कि सब्जियाँ हमारे लिए बहुत अच्छी हैं लेकिन वे हम सभी के लिए तुरंत स्वादिष्ट नहीं होती हैं। हम उच्च



ऊर्जा वाले खाद्य पदार्थों के मीठे या उम्दा स्वाद का आनंद लेने के लिए विकसित हुए हैं, क्योंकि भुखमरी दीर्घकालिक स्वास्थ्य की तुलना में अधिक तात्कालिक जोखिम है। सब्जियाँ विशेष रूप से उच्च ऊर्जा वाली नहीं होती हैं, लेकिन वे आहार फाइबर, विटामिन और खनिजों और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले यौगिकों से भरपूर होती हैं जिन्हें बायोएक्टिव कहा जाता है। ये बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण बनते हैं। पादप बायोएक्टिव, जिन्हें फाइटोन्यूट्रिएंट्स भी कहा जाता है, पौधों द्वारा पर्यावरणीय तनाव और शिकारियों से खुद को बचाने के लिए बनाए जाते हैं। वही चीज़ें जो पौधों के खाद्य पदार्थों को कड़वा बनाती हैं, वही चीज़ें उन्हें हमारे लिए अच्छा बनाती हैं। दुर्भाग्य से, कड़वा स्वाद हमें जहरों से और संभवतः एक ही पौधे को अधिक खाने से बचाने के लिए विकसित हुआ, तो एक तरह से, पादप खाद्य पदार्थों का स्वाद जहर जैसा हो सकता है। हममें से कुछ के लिए, यह कड़वी अनुभूति विशेष रूप से तीव्र है, और दूसरों के लिए यह इतनी बुरी नहीं है। यह आंशिक रूप से हमारे जीन के कारण है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर

मंगलवार 3 मार्च 2026

फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
वर्ष : 25, अंक : 340
पृष्ठ : 12+6+8 =26, मूल्य : 5 .00***

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 34.9
न्यून. 19.6



7 ▶ टीम इंडिया की लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में इंग्लैंड से होगी

आजकल पेज
खामेनेई का अंत और इस्लामी क्रांति






# युद्ध की आग में झुलसा बाजार, डूब गए 6.59 लाख करोड़, सोना-चांदी भी महंगा

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें लगभग नौ प्रतिशत चढ़ गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण सोमवार को शेयर बाजार में आई भारी गिरावट से निवेशकों की संपत्ति में 6.59 लाख करोड़ रुपए घट गई। भू-राजनीतिक अस्थिरता के चलते बाजार धारणा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 2,743.46 अंक या 3.37 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 78,543.73 अंक पर आ ▶▶|शेष पेज 6 पर

**शेयरों में भारी गिरावट से निराशा**

### दुनियाभर के बाजारों का ऐसा हाल

एशियाई बाजारों में, जापान का निक्की, हांगकांग का हैंग सेंग नुकसान में रहे, जबकि शंघाई का एसएसई कम्पोजिट बढ़त में रहा। दक्षिण कोरिया में अवकाश के कारण शेयर बाजार बंद रहे।

### कच्चा तेल नौ फीसदी से अधिक उछला

पश्चिम एशिया में युद्ध तेज होने के बाद सोमवार को वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में 9 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई।




### सेंसेक्स 1048 अंक टूटा

*शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 2,743.46 अंक या 3.37 प्रतिशत गिरकर 78,543.73 पर आ गया। बाद में यह 1,048.34 अंक या 1.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,238.85 पर बंद हुआ।*

### निफ्टी 575 अंक टूटा

*दिन के कारोबार में 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 575.15 अंक या 2.28 प्रतिशत गिरकर 24,603.50 पर आ गया। बाद में यह 312.95 अंक या 1.24 प्रतिशत गिरकर 24,865.70 पर बंद हुआ।*

### चांदी 32,000 उछली सोना 8100 रुपए महंगा

पश्चिम एशिया संकट गहराने के बीच निवेशकों के सुरक्षित-संपत्ति की ओर रुख करने के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बहुमूल्य धातुओं की कीमतें 12 प्रतिशत तक का उछाल आया। एक ओर जहां चांदी तीन लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, वहीं सोना 1.73 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब जा पहुंचा।

### पेट्रोल, डीजल के महंगा होने की संभावना नहीं

ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों और तेहरान के जवाबी हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें लगभग नौ प्रतिशत चढ़ गई हैं, लेकिन भारत में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में निकट भविष्य में बढ़ोतरी की संभावना नहीं है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित सरदार पटेल विद्यालय और सलवान पब्लिक स्कूल सहित कम से कम तीन स्कूलों को सोमवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिले। इसके बाद कई सुरक्षा एजेंसियां इन परिसरों में पहुंचीं और गहन तलाशी अभियान चलाया। स्कूल प्रशासन ने इस मामले की सूचना अग्निशमन विभाग और पुलिस को दी। स्थानीय पुलिस, बम निरोधक दस्ते, श्वान दस्ते और अग्निशमन विभाग की टीम को तुरंत रवाना किया गया और सुरक्षा जांच जारी है। अग्निशमन विभाग को अब तक दो स्कूलों से दो फोन आए हैं। एहतियात के तौर पर छात्रों और कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है सुरक्षाकर्मी कक्षाओं, गलियारों और आसपास के क्षेत्रों की जांच कर रहे हैं।

### खड़े ट्रक से टकराई बस तीन यात्रियों की मौत

**उन्नाव।** उन्नाव जिले के बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक रोडवेज बस के सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा जाने से बस में सवार तीन यात्रियों की मौत हो गई तथा 28 अन्य घायल हो गए। गहरपुरवा गांव के पास आगरा से लखनऊ जा रही उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के मथुरा डिपो की बस ने सड़क किनारे खड़े एक ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी।
टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और बस में सवार 35 में से 31 यात्री घायल हो गए।

### भाजपा ने दिल्ली को बर्बाद कर दिया : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में आप संयोजन व पूर्व सीएम अरविंद केरीवाल और मनीष सिसोदिया को बरी कर दिया। इसके बाद केजरीवाल ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी समर्थकों की एक विशाल सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, भाजपा ने दिल्ली को बर्बाद कर दिया। यहां केजरीवाल ने घोषणा की कि भाजपा जल्द ही सत्ता से बाहर हो जाएगी। केजरीवाल ने कहा कि एक सौ चालीस करोड़ भारतीय देश से तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए एकजुट होंगे।

## निचली अदालत के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान

# सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी, कहा-एआई आधारित फैसला माना जाएगा कदाचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*सुप्रीम कोर्ट में ऐसा मामला आया है, जिसने न्यायपालिका को झकझोर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के पास कुछ जजमेंट पेश किए गए, जो असलियत में थे ही नहीं। दरअसल, सारे के सारे जजमेंट एआई से बनाए गए थे। शीर्ष न्यायालय ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से कथित तौर पर तैयार किए गए काल्पनिक फैसलों पर भरोसा करने वाली निचली अदालत का संज्ञान लिया। कोर्ट ने कहा है कि इसके आधार पर निर्णय लेना कोई त्रुटि नहीं, बल्कि कदाचार के बराबर होगा।*

सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने कहा है कि वह मामले की विस्तार से पड़ताल करेगी। इसने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमनी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता तथा बार भारतीय विधिज्ञ परिषद को नोटिस जारी किया। अदालत ने इस मामले में सहायता के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान को भी नियुक्त किया है।

पीठ ने कहा, हम निचली अदालत के एआई निर्मित गैर-मौजूद, फर्जी या कृत्रिम कथित निर्णयों पर भरोसा करने का संज्ञान लेते हैं और इसके परिणामों तथा जवाबदेही की पड़ताल करना चाहते हैं क्योंकि इसका न्यायिक प्रक्रिया की शुचिता पर सीधा असर पड़ता है। इसने 27 फरवरी के आदेश में कहा, सबसे पहले, हमें यह स्पष्ट करना होगा कि इस प्रकार के निराधार और फर्जी कथित फैसलों पर आधारित निर्णय लेना, निर्णय लेने में त्रुटि नहीं है। यह कदाचार होगा और इसके कानूनी परिणाम भुगतने होंगे। यह आवश्यक है कि हम इस मुद्दे की अधिक विस्तार से पड़ताल करें।यह मुद्दा शीर्ष अदालत के समक्ष तब सामने आया जब वह आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के जनवरी के एक आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। शीर्ष अदालत ▶▶|शेष पेज 6 पर

### एआई द्वारा तैयार किए गए थे फैसले

शीर्ष अदालत ने उल्लेख किया कि उच्च न्यायालय ने आपत्ति पर विचार किया और पाया कि फैसले एआई द्वारा तैयार किए गए थे। इसने कहा कि सावधानी बरतने की चेतावनी देते हुए उच्च न्यायालय ने मामले में गुण-दोष के आधार पर निर्णय लेने की कार्यवाही की और निचली अदालत के फैसले की पुष्टि करते हुए दीवानी पुनरीक्षण याचिका को खारिज कर दिया। इसके बाद, याचिकाकर्ताओं ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया।



### कार्यवाही पर लगाई रोक

पीठ ने याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई और इस संबंध में नोटिस जारी किया। इसने मामले की सुनवाई 10 मार्च को निर्धारित करते हुए कहा, विशेष अनुमति याचिका के निपटारे तक, हम निर्देश देते हैं कि निचली अदालत अधिवक्ता-आयुक्त की रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही न करे। सत्रह फरवरी को एक अलग मामले की सुनवाई करते हुए, प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत के नेतृत्व वाली शीर्ष अदालत की पीठ ने एआई उपकरणों से तैयार की गई याचिकाओं को दाखिल करने के वकीलों के बढ़ते चलन पर गंभीर चिंता व्यक्त की। राजनीतिक भाषणों पर दिशा-निर्देशों का आग्रह करने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान इसने ये टिप्पणियां कीं।

### क्या है मामला

दरअसल, यह मामला एक संपत्ति से जुड़ा है, जिसमें मामले के लंबित रहने के दौरान निचली अदालत ने विवादित संपत्ति की भौतिक स्थिति का पता लगाने के लिए एक अधिवक्ता को स्थानीय आयुक्त नियुक्त किया। बाद में, मामले के प्रतिवादियों ने स्थानीय आयुक्त ने अधिवक्ता की रिपोर्ट पर आपत्ति जताई। हालांकि 19 अगस्त, 2025 के आदेश से ट्रायल कोर्ट ने आपत्तियां खारिज कर दीं। निचली अदालत ने अपने उक्त आदेश में सुप्रीम कोर्ट के चार कथित निर्णयों का उल्लेख किया। बाद में मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने उन फैसलों को, जिन पर निचली अदालत ने भरोसा करके आदेश पारित किया था, उसे गैर-मौजूद और फर्जी बताया। हाईकोर्ट ने जब याचिकाकर्ता के इस दावे की जांच की तो पाया कि वास्तव में निचली अदालत ने जिन फैसले को हवाला देकर 19 अगस्त 2025 को आदेश पारित किया था( वे एआई से तैयार किए गए थे

### अटॉर्नी जनरल और बार काउंसिल को नोटिस

इस गंभीर मुद्दे की गहराई से जांच करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को नोटिस जारी किया है। साथ ही, अदालत की सहायता के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान को एमिकस क्यूरी (न्याय मित्र) नियुक्त किया गया है।

## आपसी व्यापार 50 अरब डॉलर ले जाने का लक्ष्य

# भारत को 10 साल तक यूरेनियम देगा कनाडा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत और कनाडा ने सोमवार को यूरेनियम एवं महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति को लेकर अहम समझौतों पर हस्ताक्षर करने के साथ वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को जल्द अंतिम रूप देने पर भी सहमति बनी। कनाडा 10 साल तक भारत को यूरेनियम की आपूर्ती करेगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने यह भी घोषणा की कि कनाडा ने तय किया है कि वो इंटरनेशनल सोलर अलायंस और ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस में शामिल होगा।

पीएम ने कहा कि हम इस साल इंडिया-कनाडा रिन्यूएबल एनर्जी और ▶▶|शेष पेज 6 पर

### आतंकवाद, उग्रवाद के खिलाफ साथ-साथ

दोनों पक्षों ने आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरपंथ को साझा एवं गंभीर चुनौती बताते हुए सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, इन चुनौतियों के खिलाफ हमारा करीबी सहयोग वैश्विक शांति एवं स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। मोदी और कार्नी ने बातचीत के दौरान पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात पर भी चर्चा की। मोदी ने कहा, /"पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति हमारे लिए गंभीर चिंता का विषय है।

### रक्षा, शिक्षा पर भी साझेदारी

रक्षा क्षेत्र में 'भारत-कनाडा रक्षा संवाद' स्थापित करने पर सहमति बनी। समुद्री क्षेत्र में निगरानी क्षमता और सैन्य आदान-प्रदान बढ़ाने का भी निर्णय लिया गया। शिक्षा क्षेत्र में कृत्रिम मेधा, स्वास्थ्य, कृषि और नवाचार के क्षेत्र में विश्वविद्यालयों के बीच नई साझेदारियां होंगी तथा कनाडाई विश्वविद्यालय भारत में परिसर खोलेंगे।
कार्नी ने रणनीतिक ऊर्जा साझेदारी की घोषणा करते हुए कहा कि यह समझौते दोनों देशों के लिए दीर्घकालिक अवसर पैदा करेंगे।

### यूरेनियम सप्लाई समझौता

पीएम कार्नी के इस दौरे का सबसे बड़ा मकसद भारत-कनाडा के बीच 10 साल का यूरेनियम सप्लाई समझौता है। बताया जा रहा है कि यह डील करीब 3 अरब डॉलर की हो सकती है। कनाडा दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा यूरेनियम उत्पादक देश है। भारत और कनाडा के बीच न्यूक्लियर कोऑपरेशन एग्रीमेंट 2013 में लागू हुआ था, जिसके बाद कनाडा ने भारत को यूरेनियम सप्लाई शुरू की थी। भारत अपने तेजी से बढ़ते परमाणु ऊर्जा क्षेत्र के लिए और अधिक यूरेनियम खरीदना चाहता है।

**काजू-किशमिश के दाम पहले से ही ज्यादा**

# ईरान-इजरायल, अमेरिका अफगानिस्तान-पाकिस्तान जंग, ड्राई फ्रूट्स के दाम पर भी चढ़ेगा रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ईरान के साथ इजरायल और अमेरिका की जंग चल रही है। दूसरी तरफ अफगानिस्तान और पाकिस्तान में भी वार के हालात हैं। ऐसे में इसका आने वाले समय में बड़ा असर ड्राई फ्रूट्स पर पड़ने वाला है। अभी तो कीमत पर असर नहीं हुआ है, लेकिन आने वाले सप्ताह में होली के बाद दाम बढ़ने के आसार हैं। वैसे काजू और किशमिश के दाम इस समय बहुत ज्यादा हैं। फसल खराब होने के कारण किशमिश के दाम डबल हो गए हैं। काजू के बीज की कमी से इसके दाम भी ज्यादा हैं। ड्राई फ्रूट्स बाजार में अभी जंग का रंग नजर नहीं आ रहा है। कारोबारियों का कहना है कि दिल्ली सहित देश के बड़े बाजारों में कई माह का स्टॉक रहता है, इसलिए अभी कोई असर नहीं है। अब तक ईरान और अफगानिस्तान से आवक भी बंद नहीं हुई है, लेकिन आवक बंद होने पर जरूर थोक कारोबारी दाम में इजाफा करेंगे। यह इजाफा होली के बाद ही बाजार खुलने पर होगा।



### काजू-किशमिश के दाम ज्यादा

इस समय प्रदेश में काजू और किशमिश के दाम ज्यादा हैं। थोक कारोबारी अजय कृष्णनानी के मुताबिक बीते साल अंगूर की फसल कम होने के कारण ही किशमिश के दाम डबल हो गए थे, जो अब तक चल रहे हैं। जो किशमिश पहले थोक में 225 से 250 रुपए तक थी, वो अब पांच सौ के करीब पहुंच गई है। इसी तरह से काजू के बीजों की कमी के कारण काजू के दाम भी बढ़ गए हैं। इस समय काजू थोक में 700 रुपए से 17 सौ रुपए तक है। चिल्हर में इसके दाम 800 से 2000 रुपए तक हैं।

### अंजीर की फसल ज्यादा दाम कम

जहां ईरान से मामरा बादाम आता है, वहीं अफगानिस्तान से अंजीर और मुनक्का आता है। इनके दाम बढ़ सकते हैं। इस समय अंजीर के दाम बहुत कम है। इसका कारण यह है कि इसकी फसल बहुत ज्यादा हो गई है। ऐसे में पहले जो 24 सौ रुपए किलो मिलती थी, वह इस समय 16 सौ रुपए में मिल रही है। इसी तरह से 16 सौ रुपए वाली अंजीर आठ से नौ सौ रुपए किलो बिक रही है। इसके दाम आवक बंद होने से बढ़ सकते हैं। मुनक्का के दाम इस समय 600 से 800 रुपए किलो हैं। पिस्ता की कीमत 21 से 22 सौ रुपए थोक में और चिल्हर में इसके दाम 22 से 24 सौ रुपए हैं। अमरीकन पिस्ता 12 से 13 सौ रुपए किलो है। अखरोट के दाम आठ से नौ सौ रुपए किलो हैं।

# 'ममता सरकार के कारण 6 हजार से अधिक कंपनियों ने किया पलायन'

**भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने सिलीगुड़ी में साधा निशाना**

**बोले, बांग्लादेश के लोगों की कराई जा रही है घुसपैठ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में ट्रेड, कॉमर्स और बिज़नेस सेक्टर के प्रोफेशनल्स को संबोधित किया। इससे पूर्व उन्होंने दार्जिलिंग हिल्स, तराई और डुआर्स के जाने-माने गोरखा संगठनों और प्रमुख लोगों से मुलाकात की। उन्होंने पश्चिम बंगाल में, तृणमूल कांग्रेस के शासन में चल रहे भ्रष्टाचार और कटमनी के खेल की जमकर आलोचना की। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि ममता बनर्जी, बंगाल को कॉरिडोर और गेटवे बनाकर बांग्लादेश के लोगों की घुसपैठ करा रही, राज्य से औद्योगिक इकाइयां पलायन कर रही हैं और राज्य में कानून व्ययस्थ पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। कार्यक्रम के दौरान सिलीगुड़ी के सांसद राजू बिस्टा, पश्चिम बंगाल विधानसभा के मुख्य सचेतक डॉ शंकर घोष, विधायक आनंदमई बर्मन, अरुण मंडल, जिलाध्यक्ष इंदिरा बोस सहित अन्यनेतागण उपस्थित रहे। नवीन ने कहा कि सत्य है कि पिछले 15 वर्षों में 6000 से अधिक कंपनियां, जो पश्चिम बंगाल में व्यवसाय करती थीं, पलायन कर अन्य प्रांतों में चली गईं। इससे बड़े क्षेत्र को मिलने वाले रोजगार के अवसर समाप्त हो गए, और यह स्थिति पिछले 15 वर्षों में देखने को मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल को विशेष महत्व दिया है। कई वंदे भारत ट्रेनें इस केंद्र से प्रारंभ हो रही हैं और यहां तक आ रही हैं। गुवाहाटी सहित पूरे नॉर्थ ईस्ट को जोड़ने की दिशा में कदम बढ़ाए गए हैं।

देशभर में होली का सुरूर है। सोमवार को होलिका दहन के दिन लोग जमकर रंग-गुलाल से सराबोर दिखे। यूपी, एमपी, उत्तरांचल, हिमाचल, पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र जैसे राज्यों में छात्रों, युवक-युवतियों ने जश्न मनाया। वृंदावन स्थित श्री राधावल्लभ लाल जी मंदिर में लोगों का उत्साह छलक पड़ा। कोलकाता के लाइटहाउस फॉर द ब्लाइंड में 'होली' के मौके पर फूलों से नेत्रहीन बच्चों ने खुशियां मनाई।

# होली का सुरूर...


वृंदावन


गांधीनगर


भोपाल


अमृतसर

**पेंटागन की सीक्रेट मीटिंग में बड़ा खुलासा, 'ऐसी कोई खुफिया जानकारी नहीं थी'**

**अमेरिका राष्ट्रपति ने किया था गलत दावा!**

**इस मामले से वाकिफ दो अधिकारियों ने दी है जानकारी**

**अमेरिका-इजराइल ने किया है ईरान पर अब तक का सबसे बड़ा अटैक**

**डेमोक्रेट नेताओं ने युद्ध के औचित्य पर उठाया सवाल**


# पेंटागन की सीक्रेट मीटिंग से खुली ट्रंप की पोल ईरान नहीं करने वाला था अमेरिका पर हमला

*अमेरिका और इजरायल का मिलकर ईरान पर हमला करना पूरे मिडिल ईस्ट के लिए मुसीबत बन गया है। जिनेवा में बातचीत को अधर में लटकाकर ट्रंप ने ईरान पर हमले का ऐलान यह कहकर किया कि ईरान एक बहुत बड़ा खतरा है। लेकिन पेंटागन की सीक्रेट मीटिंग से ट्रंप की पोल खोल दी है!*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस मामले से वाकिफ दो अधिकारियों ने जानकारी दी कि अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन के अधिकारियों की रविवार को हुई सीक्रेट मीटिंग के दौरान ट्रंप के अधिकारियों ने स्वीकार किया कि ऐसी कोई खुफिया जानकारी नहीं थी जिससे यह संकेत मिलता हो कि ईरान पहले अमेरिकी बलों पर हमला करने की योजना बना रहा था। रविवार को पेंटागन की इस मीटिंग में दिए गए बयान से ट्रंप का वो पुराना दावा खारिज हो जाता है। दरअसल ट्रंप सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने पहले कहा था कि राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान पर हमला करने का फैसला आंशिक रूप से इसलिए लिया क्योंकि संकेत मिल रहे थे कि ईरान मध्यपूर्व में तैनात अमेरिकी बलों पर संभावित रूप से हमला कर सकता है।





## 90 मिनट से अधिक समय तक ब्रीफिंग

व्हाइट हाउस के प्रवक्ता डायलन जॉनसन ने बताया कि पेंटागन के अधिकारियों ने रविवार को सीनेट और प्रतिनिधि सभा की कई राष्ट्रीय सुरक्षा समितियों को ईरान पर चल रहे अमेरिकी हमले को लेकर 90 मिनट से अधिक समय तक ब्रीफिंग दी थी। बंद कमरे में हुई इस ब्रीफिंग में अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि ईरान की बैलिस्टिक मिसाइलें और क्षेत्र में सक्रिय उसके प्रॉक्सी बल अमेरिकी हितों के लिए खतरा थे। हालांकि, तेहरान द्वारा पहले अमेरिकी बलों पर हमला करने की कोई खुफिया जानकारी मौजूद नहीं थी।

## *डेमोक्रेट नेताओं ने की फैसले की आलोचना*

*डेमोक्रेट नेताओं ने ट्रंप पर चुनाव की जंग छेड़ने का आरोप लगाया है। उन्होने कहा, ट्रंप ने बिना कोई सबूत पेश किए दावा किया कि ईरान जल्द ही ऐसी क्षमता हासिल करने वाला था जिससे वह बैलिस्टिक मिसाइल के जरिए अमेरिका पर हमला कर सके। उन्होंने उस फैसले की भी आलोचना की है जिसके तहत ट्रंप ने शांति वार्ता को छोड़ दिया।*

**अब तक का सबसे बड़ा अटैक**

अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान पर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया। इस ऑपरेशन में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई मारे गए। ईरानी युद्धपोतों को डुबो दिया गया और अब तक 1,000 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया जा चुका है।

# ईरान पर हुए सटीक निशाने में एआई ने की अमेरिका-इजराइल की मदद

अमेरिका-इजराइल और ईरान की हालिया जंग में इस बार चर्चा एक और चीज की है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हालिया हमलों से पहले अमेरिकी सेना ने बड़े पैमाने पर एआई टूल्स का इस्तेमाल डेटा एनालिसिस और ऑपरेशन प्लानिंग में किया, इसका उसे लाभ मिला है। सैटेलाइट तस्वीरें, ड्रोन फुटेज, सिग्नल इंटेलिजेंस और जमीनी रिपोर्ट्स जैसे भारी डेटा को इंसानों के लिए तुरंत समझना मुश्किल होता है, लेकिन एआई कुछ ही मिनटों में पैटर्न पकड़ लेता है और संभावित टारगेट की सूची तैयार कर सकता है। रिपोर्ट्स में एंथ्रोपिक के क्लाउड जैसे मॉडल का नाम भी सामने आया है, जिसे सीधे हथियार चलाने के लिए नहीं बल्कि विश्लेषण और रणनीति बनाने के लिए इस्तेमाल किया गया। साफ है कि अब जंग की तैयारी में एल्गोरिद्म की भूमिका बढ़ चुकी है। अंतिम फैसला अब भी इंसान लेते हैं, लेकिन फैसला लेने से पहले मशीनों से सलाह ली जा रही है।

## न्यूक्लियर विकल्प भी चुन रहा है एआई



एक नई स्टडी ने दुनिया की चिंता और बढ़ा दी है। अलग-अलग एआई मॉडल्स को जब वॉर गेम सिमुलेशन में डाला गया और उन्हें न्यूक्लियर कोड जैसी काल्पनिक ताकत दी गई, तो बड़ी संख्या में मामलों में इन मॉडलों ने टकराव बढ़ाने वाले विकल्प चुने। कई सिमुलेशन में एआई ने पारंपरिक हथियारों की जगह न्यूक्लियर ऑप्शन को रणनीतिक रूप से सही बताया। यही वजह है कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के मौजूदा संघर्ष के बीच यह बहस और तेज हो गई है कि भविष्य की जंग कैसी होगी? क्या मिसाइल दागने से पहले हजारों एआई सिमुलेशन चलेंगे। क्या टारगेट चुनने में इंसान से ज्यादा भरोसा मशीन पर होगा। और अगर कभी सिस्टम पूरी तरह ऑटोमेटिक हो गए तो क्या इंसानी कंट्रोल कमजोर पड़ सकता है। पश्चिम एशिया में चल रहे हमलों ने यह साफ कर दिया है कि अब जंग सिर्फ जमीन, हवा और समुद्र तक सीमित नहीं रही. यह सर्वर, सॉफ्टवेयर और सुपरकंप्यूटर की भी जंग है।

# प्री-वेडिंग शूट के लिए दुबई गया था कपल बुर्ज खलीफा के पास होटल में 'कैद'

## जंग के चलते खाड़ी देशों में फंसे हैं मजदूर-छात्र, पर्यटक, मदद की गुहार

ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के कारण सिर्फ मजदूर ही नहीं, दुबई और अबू धाबी में घूमने गए पर्यटक और मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्र भी वहां फंसे हुए हैं। इन देशों में करीब 90 लाख भारतीय रहते हैं, जिनमें बड़ी संख्या मजदूरों की है। उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के रहने वाले पांच लोग वर्तमान में दुबई के एक होटल में फंसे हुए हैं। होटल व्यवसायी अजय जैन के बेटे प्रिंस की अप्रैल में शादी होनी है, जिसके प्री-वेडिंग शूट के लिए प्रिंस, उनका छोटा भाई, मंगेतर और मंगेतर के भाई-भाभी चार दिन पहले दुबई गए थे। 2 मार्च को उनकी भारत वापसी का टिकट था, लेकिन ईरान युद्ध छिड़ने की वजह से पैदा हुए हालातों ने उनकी घर वापसी रोक दी है। यह परिवार बुर्ज खलीफा के पास ठहरा हुआ है और सुरक्षित वापसी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुहार लगा रहा है। हालांकि, परिजनों की आपस में वीडियो कॉल के जरिए बात हो रही है, लेकिन बातचीत में बच्चों के चेहरे पर घर न लौट पाने की चिंता और डर साफ नजर आ रहा है। चंदौली में बैठे पिता अजय जैन अपने बच्चों की सलामती को लेकर बेहद परेशान हैं। अजय जैन ने भारत सरकार से अपील की है कि वह तत्काल हस्तक्षेप करे।



## ईरान में करीब 2,000 कश्मीरी छात्र

दुबई जैसे बड़े शहरों से लेकर बहरीन, इराक, कुवैत और सऊदी अरब तक कई इलाकों में खतरे के सायरन बज रहे हैं। ईरान की राजधानी तेहरान में पढ़ रहे भारतीय छात्रों ने भी वीडियो जारी कर मदद की गुहार लगाई है। एक छात्रा ने कहा, 'यहां हालात बेहद खराब हैं। हमें नहीं पता अगले पल क्या होगा। हम चाहते हैं कि भारत सरकार हमें जल्द से जल्द यहां से निकाल ले.' ईरान में करीब 2,000 कश्मीरी छात्र मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं। उनके परिवार भारत में चिंतित हैं और सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

### पुणे के 84 छात्र भी दुबई में फंसे

पुणे के एक मैनेजमेंट कॉलेज के करीब 90 लोग, जिनमें 84 छात्र शामिल हैं, स्टडी टूर पर दुबई गए थे। उन्हें इसी हफ्ते वापस आना था, लेकिन आसमान में छिड़ी जंग और हवाई रास्ते बंद होने की वजह से उनकी फ्लाइट कैंसिल हो गई। फिलहाल इन सभी को एक होटल में ठहराया गया है।

### भारत सरकार रखे हुए है स्थिति पर नजर

भारत सरकार स्थिति पर पूरी नजर रखे हुए है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय और विदेश मंत्रालय मिलकर काम कर रहे हैं। एयर इंडिया और इंडिगो जैसी एयरलाइनों ने फिलहाल वहां के लिए अपनी उड़ानें रोक दी हैं। विदेश मंत्रालय ने साफ कहा है कि वे अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर बहुत चिंतित हैं और लगातार वहां के दूतावासों के संपर्क में हैं।

## महाराष्ट्र के कारोबारी के बेटे-बहू भी आबूधाबी में फंसे

महाराष्ट्र के जालना के स्टील उद्योगपति आशीष भाला के बेटे नमन भाला और बहू इशिता भाला समेत चार लोग दुबई में फंसे हुए हैं। हालांकि परिवार के मुताबिक सभी सुरक्षित हैं और भारतीय दूतावास लगातार संपर्क में है। जानकारी के अनुसार 23 फरवरी को नमन भाला, उनकी पत्नी इशिता भाला और इशिता के माता-पिता नितीन चेचाणी तथा कल्पना चेचाणी पर्यटन के उद्देश्य से अबूधाबी-दुबई गए थे। चारों को 1 मार्च को भारत लौटना था, लेकिन इसी दौरान मध्यपूर्व में हालात अचानक तनावपूर्ण हो गए। एहतियातन इन चारों को अबूधाबी से दुबई शिफ्ट किया गया।




## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष:** आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन:** किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क:** जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला:** मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक:** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।


**धनु:** आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर:** क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ:** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन:** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## *शब्द पहेली - 6155*



***बाएँ से दाए-***
1.हाईकमान-5
4.बुशर्ट,शर्ट-3
6.लाख,गोंद-2
7.प्रतिज्ञा-3
8.मां का भाई-2
10.धनवान,रईस-3
11.मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14.जिज्ञासा,उत्साह-3
16.अनगिनत-4
17.वर्ष,बरस-2
18.लय,स्वर-2
19.गदर,बलवा-4
21.ईर्ष्या-3
22.गरूर,घमंड-4
24.राजा,सम्राट-3
25.पानी से सराबोर-2
27.व्यर्थ,फिजूल-3
28.चतुर्थ,चौथा-2
29.बहने का भाव-3
30.मन मोहने वाला-5

***ऊपर से नीचे***
1.आरामदायी-5
2.एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3.सेवा शुल्क-4
4.अभिव्यक्ति-3
5.बचत,जोड़-2
7.वहम-2
9.स्वामी-3
12.प्रवेश-3
13.धरोहर,थाती-4
15.तरंग,हिलोर-3
16.निरंकुश,मुंहजोर-4
17.किनारा,तट
18.कामधेनू, सुगंध-3
20.नुकसानदेह-5
21.दुनिया,जग-3
22.कहासुनी-4
23.चयन-3
24.चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26.ईश्वर,भगवान-2
28.प्रेम,लगन-2

### *शब्द पहेली - 6154 का हल*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बं | दा | न | वा | ज | ■ | आ | स | मा | न |
| न | दी | ■ | र | ■ | ल | बा | दा | ■ | र | जा |
| व | ■ | ज | म | ज | म | ■ | ब | री | ■ | क |
| जी | म | ना | ■ | ■ | ह | ठ | ■ | ता | क | त |
| ब | ■ | था | ■ | पे | ल | ■ | पे | ■ | ता | ■ |
| न | ग | र | से | ठ | ■ | फ | ट | का | र | ना |
| ■ | री | ■ | ना | ■ | स | ना | ■ | रो | ■ | म |
| सु | ब | ह | ■ | दा | म | ■ | ■ | बा | री | क |
| र | ■ | क | श | ■ | झ | न | का | र | ■ | र |
| ता | प | ■ | प | र | दा | ■ | म | ■ | क | ण |
| ल | ध | प | थ | ■ | र | च | ना | का | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6165

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6164 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

Tele MANAS 14416



" मानसिक स्वास्थ्य हमारे समग्र कल्याण का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। आइए हम सब मिलकर ऐसा वातावरण बनाएँ, जहाँ मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत आम और सहज हो सके। "

श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

# टेली मानस

## भारत का राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की पहल

# क्या आप किसी मानसिक स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे हैं?

कभी भी, कहीं से भी टेली मानस के माध्यम से सहायता पाएं।
24/7, 20+ भाषाओं में, पूरे भारत में उपलब्ध।

## इन चिंताओं के लिए हमें कॉल करें:

- उदासी, चिंता या तनाव
- नींद की समस्या
- परीक्षा का तनाव
- परिवार से जुड़ी समस्याएँ
- आत्महत्या से जुड़े विचार
- नशे से संबंधित समस्याएँ
- रिश्तों में परेशानी
- याददाश्त से जुड़े मुद्दे
- पैसों की चिंता या अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ

" पिछले 3 वर्षों में हमने 30 लाख से अधिक कॉल्स में सहायता की है। "

**टेली मानस ऐप डाउनलोड करें और स्व-देखभाल सामग्री तथा वेलनेस अभ्यास मॉड्यूल देखें।**



CBC 17193/13/0006/2526

- 10 क्षेत्रीय भाषाओं + अंग्रेज़ी और हिंदी में उपलब्ध।
- दिव्यांग उपयोगकर्ताओं के लिए एक्सेसिबिलिटी फीचर्स।
- मिलिए 'अस्मी' से आपके सवालों, जानकारी और सहायता के लिए आपका चैटबॉट।

**टेली मानस को कॉल करें**

24/7

# 14416

टोल-फ्री नंबर

**यहाँ स्कैन करें**

टेली मानस के बारे में और जानने व ऐप डाउनलोड करने के लिए!

## खबर संक्षेप

### होंडा मोटरसाइकिल की बिक्री में 34% की वृद्धि

**नई दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया की फरवरी, 2026 में कुल बिक्री 34 प्रतिशत बढ़कर 5,67,351 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने की तुलना में काफी अधिक है।कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। फरवरी की कुल बिक्री में घरेलू बाजार में बेची गई 5,13,190 इकाइयां और 54,161 इकाइयों का निर्यात शामिल है।

### बजाज ऑटो की बिक्री फरवरी में 27% बढ़ी




**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी बजाज ऑटो लिमिटेड की कुल वाहन बिक्री फरवरी में 27 प्रतिशत बढ़कर 4,48,259 इकाई हो गई। पिछले साल इस महीने में यह आंकड़ा 3,52,071 इकाई रहा था। पिछले महीने उसकी कुल घरेलू बिक्री 2,32,581 इकाई रही, जो एक साल पहले की समान अवधि के 1,83,415 इकाई के आंकड़े की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक है।

### अशोक लेलैंड की बिक्री में 24 फीसदी का इजाफा




**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता अशोक लेलैंड की फरवरी, 2026 में कुल बिक्री 24 प्रतिशत बढ़कर 22,157 इकाई रही। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने 17,903 वाहन बेचे थे। अशोक लेलैंड ने बयान में कहा कि समीक्षाधीन महीने के दौरान उसकी घरेलू बिक्री 28 प्रतिशत बढ़कर 20,314 इकाई रही, जो फरवरी, 2025 में 15,879 इकाई थी।

### रुपया 42 पैसे गिरकर 91.50 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के कारण वैश्विक स्तर पर जोखिम से बचने की धारणा प्रबल होने से सोमवार को रुपया 42 पैसे की भारी गिरावट के साथ 91.50 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इन सैन्य हमलों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है और अमेरिकी मुद्रा की मांग में तीव्र वृद्धि हुई है।

### राजपूताना का आईपीओ नौ मार्च को खुलेगा

Rajputana Stainless Limited

**नई दिल्ली।** राजपूताना स्टेनलेस लिमिटेड ने अपने आगामी 255 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए प्रति शेयर 116-122 रुपये का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी के बयान के अनुसार, उसका आईपीओ बिक्री के लिए नौ मार्च को खुलेगा और 11 मार्च को बंद होगा।

### क्लीनमैक्स का निर्गम 18% टूटकर सूचीबद्ध




**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक एवं औद्योगिक क्षेत्र की नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी क्लीनमैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड का शेयर सोमवार को 1,053 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले लगभग 18 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 1,053 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 9.57 प्रतिशत टूटकर 952.20 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 17.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 867.90 रुपये पर बंद हुआ।

# कॉरपोरेट बॉन्ड बाजार को मजबूत करने पर रहेगा खास ध्यान

## सेबी चेयरमैन ने कहा, क्रेडिट ब्रांड सूचकांक लाया जाएगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कहा है कि नियामक इस साल कॉरपोरेट बॉन्ड बाजार के विकास को प्राथमिकता देगा और इसके तहत उसकी भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मिलकर 'क्रेडिट बॉन्ड सूचकांक' तथा उनसे जुड़े डेरिवेटिव उत्पाद लाने की योजना है। सेबी चेयरमैन के तौर पर एक मार्च को एक साल पूरा करने वाले पांडेय ने कहा कि अपने कार्यकाल के दूसरे वर्ष में वह कॉरपोरेट बॉन्ड बाजार को मजबूत बनाने पर 'बहुत अधिक ध्यान' देने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कॉरपोरेट बॉन्ड खंड में तरलता बढ़ाने, अधिक कंपनियों को बॉन्ड जारी करने के लिए प्रोत्साहित करने और निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने की जरूरत है।

■ आरबीआई के साथ मिलकर डेरिवेटिव उत्पाद लाने पर विचार

### 700 कंपनियां ही बांड बाजार का इस्तेमाल कर रही

देश के कॉरपोरेट बॉन्ड बाजार में इस समय करीब 58 लाख करोड़ रुपये के बकाया निर्गम हैं। हालांकि 5,900 से अधिक सूचीबद्ध कंपनियों में से केवल करीब 700 कंपनियां ही बॉन्ड बाजार का इस्तेमाल कर रही हैं। इस पर सेबी प्रमुख ने कहा कि अधिक कंपनियों की भागीदारी, विभिन्न रेटिंग श्रेणियों में दोबारा निर्गम और विविध जोखिम-रिटर्न विकल्प उपलब्ध कराना मजबूत बाजार के लिए आवश्यक है।



*बांड बाजार का भविष्य बड़ा है :* पांडेय ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ मिलकर क्रेडिट बॉन्ड सूचकांक और उनसे जुड़े डेरिवेटिव विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, /"हम आरबीआई के साथ मिलकर क्रेडिट बॉन्ड सूचकांक और उससे जुड़े डेरिवेटिव लाने पर काम कर रहे हैं। इससे बाजार का दायरा और बढ़ेगा। बॉन्ड बाजार का भविष्य बड़ा है।/"

*सेबी बाजार में पारदर्शिता लाएगी :* फिलहाल बड़ी संख्या में बॉन्ड को परिपक्वता अवधि तक रखा जाता है, जिससे बाजार में तरलता यानी नकदी की स्थिति सीमित रहती है। सेबी ने पारदर्शिता बढ़ाने और बेहतर मूल्य खोज के लिए प्राथमिक बाजार में 'प्रस्ताव के लिए अनुरोध' (आरएफपी) व्यवस्था और ऑनलाइन बॉन्ड प्लेटफॉर्म प्रदाताओं के लिए 'कीमत का अनुरोध' (आरएफक्यू) ढांचा लागू किया है।

### बांड बाजार के बारे में बहुत कम जानकारी

पांडेय ने कहा कि खुदरा निवेशकों में बॉन्ड बाजार के प्रति जागरूकता सीमित है और द्वितीयक बाजार में कारोबार काफी कम है। /"खुदरा स्तर पर बॉन्ड बाजार के बारे में बहुत कम जानकारी है। प्राथमिक निर्गम के बाद भी लेनदेन की गतिविधि बढ़ाना हमारी प्राथमिकता है।/"

**बाजार के विकास के लिए शिक्षित करना जरूरी**

सेबी प्रमुख ने कहा कि बाजार के विकास के लिए कंपनियों को शिक्षित करने और निवेशकों तक पहुंच बढ़ाने के समानांतर प्रयास जरूरी हैं।

# कच्चा तेल करीब 10 प्रतिशत उछला

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

ईरान पर अमेरिका और इजराइल के समन्वित हमलों के बाद पश्चिम एशिया में जंग के हालात से सोमवार को वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया। ऊर्जा आपूर्ति शृंखला में व्यवधान की आशंका से कारोबारियों में बेचैनी देखी गई। होर्मुज जलडमरूमध्य से टैंकर यातायात जल्द बहाल नहीं होने की स्थिति में कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से भी ऊपर जा सकती हैं।

कारोबारी इस आशंका पर दांव लगा रहे हैं कि ईरान और पश्चिम एशिया के अन्य देशों से कच्चे तेल की आपूर्ति धीमी पड़ सकती है या ठप हो सकती है। क्षेत्र में हमलों, खासकर फारस की खाड़ी के संकरे प्रवेश मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे दो जहाजों पर हमले के कारण निर्यात क्षमता प्रभावित हुई है।

### फरवरी में छह फीसदी तेजी आई थी

ईरान ने फरवरी के मध्य में सैन्य अभ्यास का हवाला देते हुए जलडमरूमध्य के कुछ हिस्सों को अस्थायी रूप से बंद किया था। उसके बाद तेल कीमतों में लगभग छह प्रतिशत की तेजी आई थी। इस बीच, तेल उत्पादक देशों के समूह 'ओपेक प्लस' के आठ सदस्यों ने रविवार को तेल उत्पादन बढ़ाने की घोषणा की।



### सात-आठ देशों को होता है इस मार्ग से निर्यात

यह तेल मार्ग विश्व का सबसे अहम 'चोकपॉइंट' (संकरा रणनीतिक मार्ग) माना जाता है। होर्मुज जलडमरुमध्य के उत्तर में ईरान स्थित है, जबकि इस रास्ते से सऊदी अरब, कुवैत, इराक, कतर, बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ईरान का तेल एवं गैस निर्यात होता है।

### ईरान का अधिकांश तेल निर्यात चीन को

ईरान प्रतिदिन लगभग 16 लाख बैरल तेल का निर्यात करता है, जिसका अधिकांश हिस्सा चीन को जाता है। यदि ईरान का यह निर्यात बाधित होता है तो चीन को वैकल्पिक आपूर्ति स्रोत तलाशने पड़ सकते हैं, जिससे वैश्विक ऊर्जा कीमतों पर और दबाव बढ़ सकता है।

### 73 डॉलर पर कारोबार कर रहा

*ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि यदि पश्चिम एशिया में हमले लंबे समय तक जारी रहे तो कच्चे तेल और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आगे और बढ़ोतरी हो सकती है। सीएमई ग्रुप के आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका में उत्पादित वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) कच्चा तेल सोमवार सुबह करीब नौ प्रतिशत चढ़कर 73 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।*

### कच्चा तेल 80 डॉलर के करीब पहुंच गया

*शुक्रवार को यह लगभग 67 डॉलर पर था। फैक्टसेट के आंकड़ों के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड करीब 10 प्रतिशत चढ़कर 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया। शुक्रवार को ब्रेंट क्रूड 72.87 डॉलर प्रति बैरल पर रहा था।*

# संकट से विमानन और टूर ऑपरेटर कंपनियों के शेयरों में बड़ी गिरावट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और हवाई क्षेत्र बंद होने से विमानन एवं यात्रा कारोबार से जुड़ी कंपनियों के शेयर सोमवार को बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विमान ईंधन एटीएफ के महंगा होने की आशंका से निवेशकों ने इन शेयरों में मुनाफावसूली की। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो का परिचालन करने वाली इंटरग्लोब एविएशन का शेयर बीएसई पर कारोबार में 7.50 प्रतिशत तक लुढ़कने के बाद 6.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। स्पाइसजेट एयरलाइन के शेयर में भी 9.20 प्रतिशत तक की गिरावट आई और यह 5.72 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियों में यात्रा ऑनलाइन 9.59 प्रतिशत टूट गया।

# औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि तीन माह के निचले स्तर पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर जनवरी में घटकर तीन महीने के निचले स्तर 4.8 प्रतिशत पर आ गई। खनन और विनिर्माण क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से वृद्धि दर में नरमी आई।

जनवरी, 2026 में देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 4.8 प्रतिशत रहा जो एक साल पहले की समान अवधि में 5.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। इससे पहले अक्टूबर, 2025 में वृद्धि दर 0.5 प्रतिशत रही थी, जो हाल के महीनों का सबसे निचला स्तर है। नवंबर, 2025 में आईआईपी वृद्धि 7.2 प्रतिशत दर्ज की गई थी। इसके साथ ही, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने दिसंबर, 2025 के औद्योगिक उत्पादन वृद्धि के आंकड़े को संशोधित कर आठ प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले जनवरी, 2026 में जारी अस्थायी अनुमान में इसे 7.8 प्रतिशत बताया गया था। एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक, विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जनवरी माह में घटकर 4.8 प्रतिशत रह गई।


## C.G. Rajya Beej Evam Krishi Vikas Nigam Ltd., Telibandha, G.E. Road, Raipur
Phone No.- 0771-4212203/15/12/24, Website http://agriportal.cg.nic.in/beejnigan

NOTICE FOR INVITING TENDER

S.NO./HO./BKVN/Tender-/2025-26/I/319882 Date - 28/02/2026

OnlineTender are invited for supply of following items for the year 2025-26 onwards as per terms & condition mentioned in Tender document.

| S.N. | Name of Items | Opening date | Last date | E.M.D. (online) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बीज प्रक्रिया केन्द्र झलमला परिवहन कार्य (चतुर्थ प्रकाशन) | 03-03-2026 | 09-03-2026 | 26500.00 |
| 2 | बीज प्रक्रिया केन्द्र कोकामुंडा परिवहन कार्य (चतुर्थ प्रकाशन) | 03-03-2026 | 09-03-2026 | 30000.00 |
| 3 | बीज प्रक्रिया केन्द्र बसना परिवहन कार्य (चतुर्थ प्रकाशन) | 03-03-2026 | 09-03-2026 | 17600.00 |
| 4 | बीज प्रक्रिया केन्द्र कोण्डागांव परिवहन कार्य (पंचम प्रकाशन) | 03-03-2026 | 07-03-2026 | 6600.00 |

Tender documents and other details can be seen and downloaded from Website https://eproc.cgstate.gov.in/ and should be submitted online before the due date as per scheduled time mentioned in Tender document. Received offers will be opend on scheduled date in the presence of offerers or their represntative who wishes to be present. The document Price is Rs. 7080.00 and Earnest Money is to be Deposited online on or before due date as mention in Tender documents.

Note :- For any assistance please contact our serivce provider- M-Junction Services Limited

S. 47064 Managing Director

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धौरपुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)

-:: ईश्तहार ::-

धौरपुर, दिनांक 27/2/2026

**क्रमांक/717/खाद्य/अ.वि.अ./2026 :** एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लालमाटी अंतर्गत ग्राम गंझाडांड में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान खोलना प्रस्तावित है। अतएव शासकीय उचित मूल्य दुकान के गंझाडांड के संचालन हेतु इच्छुक एजेंसी जो छ.ग. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के अंतर्गत संचालन हेतु पात्र हैं, वे अपना आवेदन पत्र विहित प्रारूप में सम्पूर्ण विवरण एवं दस्तावेज यथा पंजीयन प्रमाण पत्र, प्रस्ताव, कार्यवाही पंजी, बैंक पास बुक की सत्यापित छायाप्रति के साथ आवेदन पत्र दिनांक 12/03/2026 तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धौरपुर में जमा कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से जारी

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धौरपुर,
जिला सरगुजा (छ.ग.)

जी. 252606986/3

## कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) बिलासपुर (छ.ग.)

क्रमांक / निर्माण / 2025-26/5582 बिलासपुर दिनांक 27/02/2026

// द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की ओर से लोक निर्माण विभाग छ.ग. में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी अनुसूची दर पुस्तिका छ.ग. शासन, रायपुर दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील दर पर ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी अंतिम तिथि 09-03-26 है।

| क्र. | संस्था / कार्य का नाम | वि.खं. | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आदिवासी बालक आश्रम कुरदर में क्लास रूम निर्माण | कोटा | 19.3984 | 19400/- |
| 2 | आदिवासी बालक आश्रम पुडू में क्लास रूम निर्माण | कोटा | 19.3984 | 19400/- |
| 3 | आदिवासी बालक आश्रम कंचनपुर में क्लास रूम निर्माण | कोटा | 19.3984 | 19400/- |
| | योग :- | | 58.19520 | |

नोट :-01. कार्य पूर्ण करने की अवधि प्रति संस्था 04 माह। 02. प्रति कार्यों में ठेकेदार की श्रेणी "डी" क्लास या उससे उपर।
टीप :- संस्थाओं की सूची, निविदा की शर्तें व अन्य जानकारी विभागीय वेब साईड https//eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास बिलासपुर

जी. 252606997/3

## कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी
(महिला एवं बाल विकास विभाग)
जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)
दूरभाष कमांक : 07747-299067, Email ID-mbvv.mohla@gmail.com

क्रमांक/3050/म.बा.वि./मि.वा./2025-26 मोहला, दिनांक 26/02/2026

// सूचना //

**मिशन वात्सल्य के अंतर्गत गैर शासकीय संस्था द्वारा संचालित बाल देखरेख संस्थाओं के शासकीय संस्था के रूप में संचालन हेतु जिला स्तरीय पदों पर कर्मचारियों की संविदा भर्ती में पात्र-अपात्र सूची प्रकाशित करने के संबंध में।**

संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ का पत्र क्रमांक/STB/15890/2025-मबावि / मि.वा./नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 22.12.2025 संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर द्वारा मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत मिशन वात्सल्य के अंतर्गत गैर शासकीय संस्था द्वारा संचालित बाल देखरेख संस्थाओं के शासकीय संस्था के रूप में संचालन हेतु जिला स्तरीय पदों पर कर्मचारियों की संविदा भर्ती में राज्य स्तर से दिनांक 12.01.2026 तक आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदन पत्रों की पात्र/अपात्र सूची तैयार की गई है। पात्र/अपात्र सूची की विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाईट www.mohla-manpur-ambagarhchowki.cg.gov.in व कार्यालय जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

अत: ऐसे अभ्यर्थी जिनको कोई दावा / आपत्ति होवे इस संबंध में दावा-आपत्ति दिनांक 12/3/2026 सायं 05:00 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी म.बा.वि, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी में पंजीकृत डाक एवं स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है आवेदनकर्ताओं द्वारा प्राप्त दावा ही विचारणीय होंगे, प्रत्येक पद हेतु पृथक-पृथक दावा आपत्ति मान्य होंगे एक से अधिक पदों हेतु एक ही दावा आपत्ति प्राप्त होने पर निरस्त किया जावेगा, निर्धारित तिथि पश्चात प्रस्तुत दावा-आपत्तियों पर चयन समिति के द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

संलग्न सहपत्र :- विज्ञापन से संबंधित विस्तृत विवरण।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
(महिला एवं बाल विकास विभाग)
जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)

जी. 252606978/2

## कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018
फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/मंडी नैला/35-02/2025-26/8888 रायपुर, दिनांक 02/03/2026

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in, Sub Portal: http:// samb.eproc.cgstate.gov.in

कृषि उपज मंडी समिति नैला जिला जांजगीर चांपा अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारो से प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि 23.03.2026 फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि 01.04.2026

| क्र. | कार्य का नाम / स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | एस.ओ.आर विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | वि.खं. बलौदा धान उपार्जन केन्द्र पिसौद एवं वि.खं. नवागढ़ धान उपार्जन केन्द्र किरित, घुठिया, बुड़ेना, सेमरा में अहाता सह गेट निर्माण। | 88.55 | लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील एस.ओ. आर. |
| 2 | वि.खं. नवागढ़ ग्राम सिउड़ चोरभट्ठी के मध्य कोकड़ी नाला में पुलिया निर्माण कार्य। | 19.80 | लो.नि.वि. ब्रिज कार्य हेतु 01.01.2025 से प्रभावशील एस.ओ.आर. |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है।

सही/-
सचिव
कृषि उपज मंडी समिति नैला, जिला जांजगीर-चांपा

सही/-
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति नैला, जिला जांजगीर-चांपा

संवाद-47057

## OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION Raipur (C.G.)
e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

NIT NO:135/15FC/RMC/2025 (2nd call) RAIPUR DATED 27/02/2026

Online bids are invited for the following works of works up to 18.03.2026 at 17:30 hours.

| System Tender No. | Name of Work | Amount of the Estimate | Cost of Tender form | Earnest Money Deposit | Time allowed for Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 186643 | Supply of vehicles with high-speed water mist spray system on reduction of airborne particular matter. | 59.60 Lakh | 5,000/- | 1,80,000/- | 60 days |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 02.03.2026, 17:30 Hours(IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.
NOTE: - 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. IDhelpdesk.eproc@cgswan.gov.in 18004199140 or through Email
3. For More Details please download NIT details.
4. Contact Number- 7580888088

घरों से निकलने वाले गीला और सुखा, कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें।

EXECUTIVE ENGINEER
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

## कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर

(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स.क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 186269 प्रथम आमंत्रण 25.02.2026 | जिला गरियाबंद के देवभोग झाखरपारा मार्ग के बेलोटजोर नाला पर उच्चस्तरीय पुलमय पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 429.84 |
| 2 | 186271 प्रथम आमंत्रण 25.02.2026 | शासकीय महाविद्यालय आरा, जिला जशपुर में 50 सीटर बालक-बालिका छात्रावास, अतिरिक्त कक्ष एवं बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य। | 418.03 |
| 3 | 186277 प्रथम आमंत्रण 25.02.2026 | जिला कबीरधाम वि.खं. पंडरिया के ग्राम महीडबरा से बांटीपथरा मार्ग लंबाई 2.50 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 258.47 |
| 4 | 186328 द्वितीय आमंत्रण 25.02.2026 | त्रिभौना से कोडापाली पहुंच मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी., मचिदा कलमी सुटुपाली मार्ग लंबाई 2.50 कि.मी. एवं हाई स्कूल मिडमिडा पहुंच मार्ग लंबाई 0.90 कि.मी. कुल लंबाई 4.90 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 679.35 |
| 5 | 186330 द्वितीय आमंत्रण 25.02.2026 | मोपका खैरा गतौरा जयरामनगर मार्ग कुल लंबाई 13.66 कि.मी. (मुख्य जिला मार्ग क्रमांक 07) के कि.मी. 1, 2 एवं 7 से 14/8 = 9.70 कि.मी. में मजबूतीकरण का कार्य। | 993.93 |
| 6 | 186320 द्वितीय आमंत्रण 25.02.2026 | शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के छात्राओं के लिए छात्रावास निर्माण (चतुर्थ एवं पंचम तल) का निर्माण कार्य, विद्युतीकरण सहित, शेष कार्य। | 214.30 |
| 7 | 186321 द्वितीय आमंत्रण 25.02.2026 | चंदियाभाठा से खुडिया तक पहुंच मार्ग लंबाई 4.35 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 576.13 |
| 8 | 186325 द्वितीय आमंत्रण 25.02.2026 | जिला जशपुर के भालूमण्डा से खजूरघाट मार्ग पर कोंकिया नदी उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 331.85 |
| 9 | 186314 प्रथम आमंत्रण 25.02.2026 | 750 शैय्या ऑडिटोरियम भवन का निर्माण कार्य, विद्युतीकरण सहित (शेष कार्य)। | 796.04 |
| 10 | 186318 प्रथम आमंत्रण 25.02.2026 | 750 शैय्या ऑडिटोरियम भवन का निर्माण कार्य (शेष कार्य)। | 367.25 |
| 11 | 186360 तृतीय आमंत्रण 26.02.2026 | जिला मुंगेली के घानाघाट-बघर्रा मार्ग में मनियारी नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 388.58 |
| 12 | 186361 द्वितीय आमंत्रण 26.02.2026 | देवरमाल ढोलनार तक मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 395.16 |
| 13 | 186362 द्वितीय आमंत्रण 26.02.2026 | बिजराकांपा कला से हरनाचाका मार्ग लंबाई 7.60 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 1192.58 |
| 14 | 186366 द्वितीय आमंत्रण 25.02.2026 | जिला कोरबा के दर्री बरॉज से बरमपुर चौक मार्ग में अहिरन नदी पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य, जमा मद। | 1663.42 |
| 15 | 186372 द्वितीय आमंत्रण 26.02.2026 | जिला बेमेतरा के बिरमपुर से ठेंगाभाठ मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी. एवं दाढ़ी पचभैया आमचों मार्ग लंबाई 2.75 कि.मी. कुल लंबाई 5.75 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। (समूह निविदा) | 672.55 |
| 16 | 186390 प्रथम आमंत्रण 26.02.2026 | जिला सूरजपुर के उमेश्वरपुर-मनिहारीडांड (केरहियापारा) मार्ग पर झींक नदी (गोना) पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 475.87 |
| 17 | 186391 प्रथम आमंत्रण 26.02.2026 | कोसमकुंडा से जैतपुर मार्ग लंबाई 2.25 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 256.42 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क्र. 11 दिनांक 10.03.2026, सं.क्र. 16 से सं.क्र. 17 दिनांक 20.03.2026, सं.क्र. 01 से सं.क्र. 03 दिनांक 18.03.2026, सं.क्र. 09 से सं.क्र. 10 दिनांक 19.03.2026, सं.क्र. 12 से सं.क्र. 15 दिनांक 16.03.2026 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 13.03.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

जी-252606989/3

# ग्रहण की शुरुआत चंद्रोदय के पूर्व इसलिए दिखेगा केवल अंतिम दृश्य, 30 वर्ष बाद होली पर शनि अपने ग्रह में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इस वर्ष का पहला चंद्रग्रहण आज दृश्य होगा। सोमवार को होलिका दहन होने के बाद भी ग्रहण के कारण आज रंग नहीं खेला जाएगा। यह एक ग्रस्तोदय चंद्रग्रहण होगा, जो भारत के कुछ हिस्सों में दिखेगा।

चंद्रग्रहण दोपहर 3:20 बजे से शाम 6:46 बजे तक रहेगा। ग्रहण का प्रारंभ भारत के किसी स्थान में दिखाई नहीं देगा, क्योंकि चंद्रोदय होने से पूर्व ग्रहण प्रारंभ हो जाएगा। खग्रास चंद्रग्रहण का मोक्ष भारत के सुदूर पूर्वी भागों में दिखाई देगा। देश के बाकी हिस्सों में खंड चंद्रग्रहण का मोक्ष ही दिखाई देगा। तीन मार्च को चंद्रोदय शाम 06:12 बजे पर होगा। तीन मार्च को सूतक प्रातः 09:20 बजे से शाम 06:46 बजे तक रहेगा। यह ग्रहण पूर्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया, प्रशांत महासागर और अमेरिका में दिखाई देगा। चंद्रोदय के समय ग्रहण का अंत रूस, कजाकिस्तान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, भारत, श्रीलंका, मालदीव और हिंद महासागर में दिखाई देगा। यह ग्रहण सूर्य की राशि सिंह और पूर्वा फागुनी नक्षत्र में लगेगा।

## धन शक्ति, मालव्य और लक्ष्मी नारायण जैसे अद्भुत योग

### सुख-समृद्धि लाने वाले योग

कई वर्षों बाद होली में धन शक्ति, मालव्य और लक्ष्मी नारायण जैसे अद्भुत योग बन रहे हैं, जो सुख-समृद्धि लाएंगे। सूर्य और बुध की युति से बुधादित्य राजयोग और सूर्य-शुक्र की युति से शुक्रादित्य राजयोग का निर्माण हो रहा है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, मालव्य योग और शुक्र मीन राशि में होने से सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। 30 साल बाद शनि का संयोग भी बन रहा है। शनि देव 30 साल बाद अपनी स्वराशि कुंभ में मौजूद रहेंगे। वहीं गुरु का गोचर भी होगा। देवगुरु बृहस्पति 12 साल बाद अपनी स्वराशि मीन में विराजमान होंगे। कुंभ राशि में शनि, सूर्य और बुध की युति से अमृत सिद्धि योग जैसे शुभ फलों की प्राप्ति होगी।




## सूर्य की राशि सिंह और पूर्वा फागुनी नक्षत्र में लगेगा वर्ष का प्रथम चंद्रग्रहण

### ढकी जाएंगी देव प्रतिमाएं

सूतक लग जाने पर ईश्वर की मूर्ति को स्पर्श करना, भोजन करना, यात्रा आदि करना वर्जित है। सूतक काल लगते ही मंदिर की देव प्रतिमाओं को कुश के वस्त्रों से ढक दिया जाएगा। देवी-देवताओं को भी रंग बुधवार को ही लगाया जाएगा। हाटकेश्वरनाथ महादेव मंदिर के पं.सुरेश गिरी गोस्वामी ने कहा, गर्भवती, बच्चे, वृद्ध और रोगी अति आवश्यक होने पर भोजन ले सकते हैं। भोजन सामग्री जैसे दूध, दही, घी इत्यादि में कुश या तुलसी का पत्ता रख देना चाहिए। ग्रहण मोक्ष के बाद पीने का पानी ताजा ले लेना चाहिए। कुछ आध्यात्मिक उपाय भी इस समय लाभकारी माने जाते हैं। ग्रहण के दौरान ओम नमः शिवाय या इष्ट देव का स्मरण, मंत्र जप और विशेष रूप से चंद्र से संबंधित मंत्रों का उच्चारण सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने वाला माना जाता है।

---

बिहार से बस में लेकर आई थी महिला, 37 कंटेनर में भरा पांच सौ से ज्यादा लीटर शहद

# होली जांच पर निकली एफडीए टीम के हाथ लगा 2.30 लाख का शहद, नकली होने के संदेह में जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

होली के दौरान खाद्य पदार्थों की जांच के लिए निकली खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बस स्टैण्ड में नकली होने के संदेह में शहद जब्त किया है। बिहार की महिला 37 कंटेनरों में शहद भरकर रायपुर पहुंची थी, जिसकी कीमत 2.30 लाख रुपए आंकी गई है। शहद की गुणवत्ता की जांच के लिए सैंपल लिए गए हैं। वहीं त्योहार के मद्देनजर बाजार से मिठाई, खोवा, पेड़ा सहित अन्य खाद्य पदार्थों के 20 से ज्यादा लीगल सैंपल लिए गए हैं।

■ मिठाई, खोवा, पेड़ा सहित अन्य खाद्य पदार्थों के उठाए गए 20 से ज्यादा लीगल सैंपल

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम को सूचना मिली थी कि एक महिला बस से उतरी है, जिसके पास काफी मात्रा में कंटेनर है। टीम ने जाकर नूरजहां खातून नामक महिला से पूछताछ की, तो उसने बताया कि वह हजारीबाग की रहने वाली है शहद बेचने यहां आई है। 37 कंटेनरों में करीब साढ़े पांच सौ लीटर शहद देखकर संदेह हुआ। इस आधार पर 2.30 लाख रुपए कीमती शहद जब्त किया गया है और उसकी गुणवत्ता परखने के लिए सैंपल जांच के लिए भेजा है। अभिहित अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि इसके अलावा त्योहार में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने के लिए बाजार में लगातार जांच की जा रही है और संदेह होने पर मिठाई, खोवा सहित अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता परखने के लिए विधिक नमूने उठाए गए हैं।

पिछले सप्ताहभर से की जा रही जांच के दौरान सुपर स्वीटस से लूज पेड़ा, बीकानेर मिठाईवाला से लूज खोवा, शारदा डेयरी एंड फूड प्रोडक्ट से पेड़ा, न्यू जनता स्वीट्स एंड बेकर्स से खोवा, जगदम्बा बीकानेर स्वीट्स से काजू कतली, कृष्णा स्वीट्स से बेसन लड्डू मीठा महल से पिस्ता बिस्किट एवं बेसन लड्डू, न्यू जनता होटल से कलाकंद का विधिक नमूना लिया गया। अभिहित अधिकारी विनोद गुप्ता के नेतृत्व में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी कंचन वर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी सतीश राज एवं संतोष ध्रुव, नमूना सहायक सुजीत मुखर्जी, निधि यादव, होरेन्द्र प्रकाश देवांगन राकेश घिदौड़े की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की।

### दोसा, स्टीम राइस, ब्रेड भी जांच के दायरे में

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने कैफे बेंगलुरु से मसाला दोसा, न्यू नाईस बेकरी से नाइस ब्रेड के अलावा अन्य दुकानों से नारियल चटनी, छोले और भटोरे, रोज ड्राई फ्रूटस लड्डू, रेड खजूर, वेज सैंडविच का निगरानी नमूना लिया गया। इसी तरह चलित खाद्य प्रायोगशाला से 94 खाद्य नमूना संग्रहित कर मौके पर परीक्षण किया गया। जिसमें 87 नमूने मानक, 05 नमूने अमानक एवं 02 नमूने मिथ्याछाप पाये गये।

### पान दुकानों से जब्त हुआ गुटखा

जांच टीम इस अपने अभियान के दौरान जय दुर्गा पान मसाला से पान पसंद के 15 पैकेट, पान राज 62 पैकेट और सितार के 53 पैकेट जब्त किया। जिसका अनुमानित मूल्य 26000 हजार रुपए आंका गया है। करीब बीस दिन पहले खमतराई इलाके के रावांभाठा ट्रांसपोर्ट नगर में 170 बोरी प्रतिबंधित सितार गुटखा बरामद किया गया था। इसकी अनुमानित कीमत 25 लाख रुपए आंकी गई थी। मामले में एक खिलाफ खिलाफ ने पुलिस में एफआईआर भी कराई गई थी।

---

# पर्यावरण के मानकों का उल्लंघन उद्योगों की काटी गई बिजली

## 3 उद्योगों से 9.22 लाख की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर द्वारा क्षेत्रांतर्गत संचालित औद्योगिक इकाइयों के पर्यावरणीय मानकों के अनुपालन की नियमित एवं सतत निगरानी की जा रही है। 10 से 25 फरवरी की अवधि में किए गए नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षणों के दौरान विभिन्न उद्योगों में वायु एवं जल प्रदूषण संबंधी गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर मंडल द्वारा कड़ी वैधानिक कार्रवाई की गई है। मंडल द्वारा 15 उद्योगों पर उत्पादन बंद एवं विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई की गई।



### स्पंज आयरन उद्योग पर कार्रवाई

ग्राम चरौदा, तहसील एवं जिला रायपुर स्थित स्पंज आयरन उद्योग पुष्प स्टील्स एंड माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड में वायु प्रदूषण पाए जाने पर उत्पादन बंद करने एवं विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई की गई। मेटल पार्क, रावांभाठा में 11 इकाइयों पर कार्रवाई की गई, जिनमें मेटल पार्क, रावांभाठा क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान 9 स्लैग क्रशर, 1 बाइंडिंग वायर इकाई एवं 1 स्टील फर्नीचर इकाई बिना मंडल की वैध सम्मति एवं प्रदूषण की स्थिति में संचालित पाई गईं। इन कुल 11 इकाईयों के विरुद्ध उत्पादन बंद एवं विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई की गई।

### 9.22 लाख रूपये की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर द्वारा कार्रवाई के अतिरिक्त निमयों का उल्लंघन अवधि के लिए नियमानुसार पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपण की भी कार्रवाई की गई है। इस अवधि में कुल 3 उद्योगों पर कुल 9 लाख 22 रूपए की क्षतिपूर्ति राशि अधिरोपित की गई है। मंडल द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यह कार्रवाई पूर्णतः पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण को दृष्टिगत रखते हुए की गई है। संबंधित उद्योगों को निर्देशित किया गया है कि जब तक वे पर्यावरणीय मानकों, वैधानिक प्रावधानों एवं सम्मति शर्तों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित नहीं करते, तब तक संचालन की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

---

# इग्नू ने दूसरी बार बढ़ाई प्रवेश तिथि, अब 15 तक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जनवरी 2026 सेशन के लिए आवेदन की लास्ट डेट बढ़ा दी है। पहले आवेदन करने की लास्ट डेट 28 फरवरी तय थी, जिसे अब बढ़ाकर 15 मार्च 2026 कर दिया गया है। ये एक्सटेंशन सिर्फ और सिर्फ ऑनलाइन प्रोग्राम के लिए है। सर्टिफिकेट और सेमेस्टर बेस्ड कोर्स पर ये एक्सटेंशन लागू नहीं होगा।



■ सर्टिफिकेट और सेमेस्टर बेस्ड कोर्स के लिए लागू नहीं होगी छूट

जिन अभ्यर्थियों ने पहले आवेदन नहीं किया था, वे अब आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन कोर्सेज के लिए आवेदन कर सकते हैं। कैंडिडेट्स को सलाह दी गई है कि वे लास्ट डेट का इंतजार न करें और समय रहते आवेदन शुल्क जमा कर प्रक्रिया पूरी कर लें। पहले आवेदन करने की लास्ट डेट 28 फरवरी थी। यह दूसरी बार है, जब इस वर्ष इग्नू ने आवेदन तिथि में वृद्धि की है। जनवरी अंत तक छात्रों से आवेदन मंगाने के बाद तिथि में वृद्धि करते हुए उन्हें फरवरी तक का समय दिया गया। अब इसमें एक बार फिर से वृद्धि की गई है। इग्नू स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर कई तरह के कोर्स ऑफर करता है। इन पाठ्यक्रमों की सूची इग्नू ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। इन पाठ्यक्रमों के लिए निर्धारित परीक्षा शुल्क सहित अन्य जानकारी भी इसमें शामिल है।

### टर्म-एंड एग्जाम 1 जून से

इसके अतिरिक्त इग्नू ने जून 2026 टर्म-एंड एग्जाम के लिए टेंटेटिव डेट शीट जारी कर दी है। इस संबंध में एक ऑफिशियल नोटिस जारी किया गया है। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर शेड्यूल को चेक कर सकते हैं। जारी किए गए नोटिस के मुताबिक, एग्जाम 1 जून से शुरू होंगे और 15 जुलाई को खत्म होंगे। एग्जाम दो शिफ्ट में होंगे, सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक। इसमें शामिल होने के लिए, कैंडिडेट्स को इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी द्वारा तय एलिजिबिलिटी की शर्तों को पूरा करना होगा। स्टूडेंट्स के पास संबंधित कोर्स के लिए वैलिड रजिस्ट्रेशन होना चाहिए, अपने प्रोग्राम का मिनिमम ड्यूरेशन पूरा करना होगा, और तय डेडलाइन के अंदर सभी ज़रूरी असाइनमेंट जमा करने होंगे। इनमें से कोई भी शर्त पूरी न करने पर आपको परीक्षा में बैठने से डिसक्वालिफ़ाई किया जा सकता है।

---

# लंग्स के गंभीर मरीजों को मिलेगी एडवांस सुविधाएं एम्स में अत्याधुनिक 12-बेडेड आईसीयू तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

श्वसन तंत्रिकाओं की गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को एम्स में इलाज के दौरान आधुनिक सुविधाएं मिलेगी। अत्याधुनिक मशीनों की मदद से तैयार 12 बेडेड रेस्पिरेटरी आईसीयू का लोकार्पण राज्यपाल रमेन डेका ने किया। आईसीयू में भर्ती मरीजों को बेडसाइड ब्रोंकोस्कोपी, डायलिसिस समर्थन, एक्स्ट्राकॉर्पोरियल मेम्ब्रेन ऑक्सीजन सेवाएं प्राप्त होंगी।

■ राज्यपाल रमेन डेका ने किया रेस्पिरेटरी आईसीयू का उद्घाटन

इस अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस आईसीयू का संचालन पल्मोनरी मेडिसिन विभाग द्वारा किया जाएगा। यहां आधुनिक वेंटिलेटर प्रणाली तथा सुदृढ़ संक्रमण नियंत्रण व्यवस्था शामिल हैं। इस इकाई को गंभीर श्वसन रोगों से पीड़ित मरीजों को समग्र तृतीयक स्तर की चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करने हेतु विशेष रूप से डिज़ाइन की गई है। आईसीयू के लोकार्पण के दौरान राज्यपाल रमेन डेका ने सद्भावना के प्रतीक स्वरूप एम्स को 42 मल्टीफंक्शनल प्रिंटर भेंट किए। यह प्रिंटर संस्थान के विभिन्न विभागों में मरीज पंजीकरण, ओपीडी सेवाओं, नियमित रोगी देखभाल एवं प्रशासनिक कार्यों की दक्षता बढ़ाने में सहायक होंगे। इस दौरान एम्स के निदेशक अशोक जिंदल ने कहा कि नव स्थापित रेस्पिरेटरी आईसीयू लंबे समय से अनुभव की जा रही आवश्यकता की पूर्ति करता है तथा क्षेत्र में पल्मोनरी क्रिटिकल केयर सेवाओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



### नवा रायपुर में एम्स, प्रशासन के साथ चर्चा

इस अवसर पर राज्यपाल ने तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में संस्थान के निरंतर प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि नवा रायपुर में एक अतिरिक्त एम्स स्थापित करने की संभावना पर प्रशासन के साथ विचार-विमर्श चल रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में एक समर्पित कार्डियक केयर सेंटर की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के कारण मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है। देश स्वास्थ्य, इंजीनियरिंग एवं अंतरिक्ष सहित विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर प्रगति कर रहा है और राष्ट्र निर्माण में चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका तथा राष्ट्रीय विकास के लिए उत्तम स्वास्थ्य की आवश्यकता है।

---

# माना-तूता जंगल कटाई के खिलाफ कांग्रेस का संघर्ष जारी, पेड़ों को मित्र मानकर होली मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

माना-तूता के जंगल में फिल्म सिटी के नाम पर सैकड़ों-हजारों पेड़ों की बेरहमी से कटाई के विरोध में कांग्रेस ने सातवें दिन पेड़ों के साथ होली मनाई। यह प्रदर्शन किसी त्योहार के विरोध में नहीं, बल्कि प्रकृति-हत्या के विरुद्ध है।

हम दोनों जिला अध्यक्षों ने स्पष्ट संकल्प लिया है कि इस वर्ष हम होली नहीं मनाएंगे, क्योंकि जब हमारा जंगल, हमारी सांसें, हमारी आने वाली पीढ़ियां कट रही हैं, तो रंगों की होली कैसे मनाई जाए? बताया गया कि भाजपा के कुछ नेता और प्रवक्ता इस गंभीर पर्यावरण मुद्दे से जनता की नजर हटाने के लिए सबसे घटिया हथकंडे अपना रहे हैं। वे कांग्रेस को सनातन विरोधी कहकर धार्मिक भावनाओं का सस्ता खेल खेल रहे हैं। यह आरोप न केवल झूठा, दुर्भावनापूर्ण और निंदनीय है। कांग्रेस ने मांग की है कि माना-तूता जंगल में सभी पेड़ कटाई तत्काल रोकी जाए। फिल्म सिटी जैसी परियोजना गैर-जंगली भूमि पर स्थानांतरित हो। पर्यावरण नियमों का पालन हो और स्थानीय लोगों की सहमति ली जाए।

---

# फरार गांजा तस्कर सहित दो को 20-20 साल कैद के साथ जुर्माना

**रायपुर।** गोलबाजार थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी कर ले जाते एक फरार सहित दो गांजा तस्करों को कोर्ट ने 20-20 साल कैद तथा दो-दो लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। फरार गांजा तस्कर के खिलाफ कोर्ट ने बेमियादी गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायधीश शैलेश शर्मा की एनडीपीएस कोर्ट में हुई है। विशेष लोक अभियोजक स्वाति शर्मा के अनुसार कोर्ट ने दिल्ली, सीलमपुर निवासी पवन सूर्यवंशी तथा पूरन सोनी को कैद तथा जुर्माना की सजा सुनाई है। गांजा तस्करी करते पकड़े जाने पर पूरन सोनी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। इसके बाद पुलिस पवन को गिरफ्तार करने दिल्ली स्थित उसके निवास पहुंची, लेकिन वह पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के मुताबिक नौ मई 2024 को पवन अपने साथी के साथ पिट्ठू बैग में गांजा लेकर जा रहा था।

## आम सूचना

मैं अपने पक्षकार श्रीमती अंजू दास बैरागी जौजे सुरेश दास वर्तमान पता-बिम्बलेश्वरी कालोनी, नर नारायण मंदिर के पास, बोरसी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्राप्त अधिकार एवं निर्देशानुसार आम जनता / सर्वसमान्य को सूचित करता हू कि मेरे पक्षकार के पति श्री सुरेश दास पिता बालक दास उम्र 66 वर्ष, निवासी रेल्वे कालोनी बिलासपुर वर्तमान पता-वार्ड क्रमांक-08, मार्फत भीमराव बौद्ध, सिद्धार्थ का मकान, कालकापारा डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगाव (छ.ग.) जो कि रेल्वे से रिटायर्ड कर्मचारी है, जो अनैतिक गतिविधियों में सलिप्त होने के कारण उनके द्वारा अपने परिचितों एवं परिजनों से कई वर्षों से गुमराह करके अपने अनैतिक गतिविधियों के लिये पैसा उधार लेते है मेरे पक्षकार का निवास स्थान बोरसी है, मेरे पक्षकार के उपरोक्त मकान के नाम से किसी से भी फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लेन-देन कर सकता है. सुरेश दास के इन्ही सब हरकतों के कारण कई वर्षों से मेरे पक्षकार का आपस में कोई संबंध नहीं है. सुरेश दास बुरे प्रवृति का व्यक्ति है जो कि अपने पुत्र एवं छोटे पुत्र की विधवा बहु के नाम से भी किसी भी व्यक्ति से कर्जा ले सकता है।

मेरे पक्षकार को जानकारी हुई है कि सुरेश दास के द्वारा के मेरे पक्षकार के बडे बेटे आदित्य के स्वामित्व की बिम्बलेश्वरी कालोनी बोरसी दुर्ग (छ.ग.) स्थित मकान को अपना बताकर, अपने अनैतिक कार्यों के लिये गये पुराने कर्ज को भुगतान करने हेतु नया कर्ज लिया जा रहा है। इस कारणवंश आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है, कि सुरेश दास आ. बालक दास से किसी भी प्रकार का लेने-देन आम जनता के द्वारा किये जाता है. तो उक्त लेने-देन से होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी मेरे पक्षकार की नहीं होगी।

अतः यदि किसी व्यक्ति, निकाय संस्था बैंक प्राधिकरण इत्यादि को उक्त आम सूचना से कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन से 1 सप्ताह के अंदर मेरे पक्षकार या मुझसे मेरे कार्यालय में आकर अपनी आपत्तिमय दस्तावेज दर्ज करावें। पश्चात 7 दिनों के किसी प्रकार की दावा आपत्ति अमान्य मानी जायेगी। तद्नुसार सूचना जानें।

स्थान-दुर्ग
दिनांक-02-03-2026

मुहर

भवदीय
अमित भट्ट (अधिवक्ता)
जिला न्यायलय दुर्ग (छ.ग.)
कार्यालय पता-शिवपारा दुर्ग
मो.न. 98271-07647

न्यायालय :- षष्ठम अपर जिला न्यायाधीश, बिलासपुर (छ.ग.)
प्रो. क्र. 77, व्य.वाद क्र. 16 अ/2024
पेशी तारीख 12.03.2026

**समंस**

**अंतर्गत आदेश 5 नियम 20 (1-क) व्य.प्र.सं.**

आर. गणेश अय्यर ..वादीगण बनाम
आर. विशालम अय्यर वगैरह... प्रतिवादीगण

प्रेषिती-01-आर. विशालम अय्यर उम्र 80 वर्ष, पिता-स्व. एल. एस. रत्नाचलम् अय्यर निवासी-धर्मप्रकाश चॉल कुदुदण्ड, बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. हाल मुकाम 1404, टी-2 मौर्निंग ग्लोरी, सोहम गार्डन घोड़बंदर रोड, मानपाड़ा, पश्चिम ठाणें मुम्बई महाराष्ट्र, 02-रत्नागिरी राजन उम्र 62 वर्ष पिता- स्व. एल. एस. रत्नाचलम् अय्यर रवि अय्यर का मकान फ्लैट नं. 502 राधिका फोनिक्स सिंधिया नगर दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.), 03-अनुराधा जी.के. अय्यर उम्र 40 वर्ष पिता स्व. गोपालकृष्ण अय्यर, 04-अनुप्रिया जी. के. अय्यर उम्र. 38 वर्ष पिता स्व. गोपालकृष्ण अय्यर, 05-अनुश्रुति जी. के. अय्यर उम्र 30 वर्ष पिता स्व. गोपालकृष्ण अय्यर प्रति. क्र. 06 से 08 निवासी मणियन हाउस चोपड़ा कालोनी अंबिकापुर जिला अंबिकापुर (छ.ग.), 06-गंगाश्री अय्यर उम्र. 44 वर्ष पिता आर.एस मणि, 07-रामकृष्ण अय्यर पिता आर.एस मणि प्रति. क्र. 09 से 10 निवासी जनता क्वार्टर 79 नेहरू नगर बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.), 08- अर्चना चकवर्ती उम्र 45 वर्ष आ. स्व. हेमंत चकवर्ती, 09-अनूप चकवर्ती उम्र 42 वर्ष आ. स्व. हेमन्त चक्रवर्ती, 10-अभिषेक चकवर्ती उम्र 40 वर्ष आ. स्व. हेमन्त चक्रवर्ती प्रति.क्र. 11 से 14 निवासी मकान नं. 24/सी स्ट्रीट 2, सेक्टर 2 भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.)

वादी ने इस न्यायालय में एक वाद, वाद वास्ते वाद संपत्ति के संयुक्त संपत्ति होनें की घोषणा, बक्शीशनामा तथा विक्रयपत्र के शुन्य किए जानें की घोषणा, एवं स्थायी निषेधाज्ञा जारी किए जानें बाबत आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया है, जिसकी सुनवाई हेतु इस न्यायालय में तारीख 12.03.2026 के दिन 11 बजे नियत है। आपको दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप स्वयं अथवा किसी ऐसे अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिन्हे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों के जवाब दे सकें। साथ ही अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन या प्रतिदावा आधारित दाखिल करें। नियत तिथी पर उपस्थित नहीं होनें पर वाद की सुनवाई और उसका निबटारा पेशी तारीख 12.03.2026 को या उक्त पेशी तिथि को अवकाश घोषित हो जाने पर सुनवाई अगले कार्य दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 18/02/26 न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया
दिनांक 18/02/26

(श्रीमती मनीषा ठाकुर)
षष्ठम अपर जिला न्यायाधीश,
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)

## छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल

पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

**// सर्व संबंधितों को सूचना //**

भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 (यथा संशोधित) के तहत् सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि Expansion of Mining of Dolomite (Miner Minerals) from 1,00,000 TPA to 2,00,198 TPA in Khasra No. 160/1 ka, 160/1 kha, 160/1 Ga,160/1 Gha, 160/1 Da, 160/1 Cha, 160/1 Chha, 160/2 Ka, 160/2 kha, 160/2 Ga, 160/2 Gha, 160/2 Da, 16789/21, 16789/20, 16789/35, 16789/36, 16789/55, 16789/22, 16789/37, 106/9, 106/14, 106/15,106/17, 106/11, 106/13, 106/24, 106/25, Area 4.961 Hectare at Village Jotpur, Dulampur & Mahuapali, Tehsil-Sariya, District-Sarangarh-Bilaigarh, Chhattisgarh by M/s Aryan Minerals and Metals Private Limited (Director- Mr. Sushil Kumar Agrawal) की स्थापना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई बाबत् छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल में आवेदन किया गया है। उक्त परियोजना के संबंध में आपत्ति/सुझाव / विचार / टीका-टिप्पणी, इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अंदर क्षेत्रीय अधिकारी,छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़ के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रुप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए **लोक सुनवाई दिनांक 07/04/2026, दिन मंगलवार को प्रातः 10:00 बजे से स्थल - सेवा सहकारी समिति मर्यादित बोन्दा पं. क्र. 830 (धान उपार्जन केन्द्र बोन्दा) ग्राम पंचायत - बोन्दा,तहसील-सरिया, जिला-सारंगढ़ - बिलाईगढ़ (छ.ग.) में नियत की गई है।** यह भी सूचित हो कि लोक सुनवाई के दौरान भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ऑफिस मेमोरेण्डम F.No.22-25/2020-IA.III दिनांक 14.09.2020 तथा कोरोना वायरस के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी समस्त दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन कराया जाना अनिवार्य होगा।

ई.आई.ए. अधिसूचना दिनांक 14 सितंबर 2006 (यथा संशोधित) के अनुसार, संबंधित व्यक्तियों के अवलोकन/पठन हेतु ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट अंग्रेजी भाषा में एवं इसकी संक्षिप्त सार रिपोर्ट हिन्दी एवं अंग्रेजी तथा सी.डी. (सॉफ्ट कॉपी) कार्यालय कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़, कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सारंगढ़-बिलाईगढ़, कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सारंगढ़ - बिलाईगढ़, कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सारंगढ़, जिला - सारंगढ़-बिलाईगढ़, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल टी.व्ही. टॉवर रोड रायगढ़, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत - बरमकेला, जिला- सारंगढ़-बिलाईगढ़, सरपंच/सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत - बोन्दा, कटंगपाली 'अ', नवघटा, पिहरा, सुखापाली, भिखमपुरा, साल्हेओना, बिलाईगढ़ 'अ', गोबरसिंघा, कण्डोला, छेवारीपाली तहसील - सरिया / बरमकेला / सारंगढ़, जिला - सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.), डायरेक्टर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, नई दिल्ली, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, पर्यावास भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19 नवा रायपुर (छ.ग.) में रखी हुई है।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

## केन्द्रीय विद्यालय बैकुंठपुर

KENDRIYA VIDYALAYA BAIKUNTHPUR
रामपुर, पोस्ट - बैकुंठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.) Rampur, Post-Baikunthpur, Distt. Korea (C.G.)
Website: seclbaikunthpur.kvs.ac.in E-mail: baikunthpurkv@gmail.com

**चल साक्षात्कार सूचना 2026-27**

केन्द्रीय विद्यालय बैकुंठपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु पूर्णत: अंशकालीन संविदा शिक्षकों के विभिन्न पदों हेतु पैनल निर्माण के लिए केंद्रीय विद्यालय बैकुंठपुर परिसर में चल साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार दिनांक 19.03.2026 को प्रात: 09 बजे विद्यालय परिसर में समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो। विभिन्न पदों हेतु आवश्यक योग्यताओं, मानदेय तथा अन्य जानकारी हेतु विद्यालय की वेबसाइट https://seclbaikunthpur.kvs.ac.in तथा केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मुख्या.) नई दिल्ली की वेबसाइट https://kvsangathan.nic.in/ का अवलोकन करें।

| क्रमांक | पद नाम | दिनांक तथा समय |
|---|---|---|
| 1 | स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, भौतिकी, रसायन शास्त्र, कम्प्यूटर विज्ञान, जीवविज्ञान, अर्थशास्त्र एवं वाणिज्य) | 19.03.2026 प्रात: 09 बजे |
| 2 | प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान), TGT special educator | |
| 3 | प्राथमिक शिक्षक | |
| 4 | बालवाटिका शिक्षक, योग शिक्षक, स्पोर्ट्स कोच, नर्स, काउंसलर, कम्प्यूटर अनुदेशक | |

**नोट :** 1. साक्षात्कार हेतु किसी भी प्रकार का भत्ता देय नही होगा। 2. साक्षात्कार में शामिल होने वाले सभी उम्मीदवार विद्यालय की वेबसाइट https://seclbaikunthpur.kvs.ac.in पर उपलब्ध आवेदन पत्र को डाउनलोड कर पूर्ण रूपेण भरकर सभी अनिवार्य दस्तावेजों की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति तथा मूल दस्तावेजों के साथ नियत तिथि तथा नियत समय पर उपस्थित होंगे। 3. नियत तिथि तथा नियत समय के उपरांत उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार की प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नही दी जायेगी। 4. साक्षात्कार की आयोजन तिथि तक विद्यालय की वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर सम्बंधित सूचना विद्यालय की वेबसाइट पर ही उपलब्ध होगी।

**प्राचार्य / Principal**
**केन्द्रीय विद्यालय / Kendriya Vidyalaya**
**बैकुण्ठपुर (छ.ग.) Baikunthpur (C.G.)**

## कार्यालय नगर पंचायत – लखनपुर, जिला – सरगुजा (छ.ग.)

Ph. 07774-261501 email - cmolakhanpur@gmail.com
क्रमांक/312/लो.नि./ न.पं./ 2025-26 लखनपुर, दिनांक-27/2/26

**प्रथम ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

नगर पंचायत लखनपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से निर्माण कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| System Tendear no | Estimated Amount (Lakh) | Earnest Money Deposit | Bid Submission Start Date & Time | Bid Due Date & Time | Physical Document Submission Date & Time | Bid Open Date & Time |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 186518 | 3.64 | 3700/- | 27/02/2026 After 17.30 PM | 20/03/2026 Before 17.30 PM | 25/03/2026 Before 14.00 PM | 26/03/2026 After 15.00 PM |
| 186519 | 11.38 | 8600/- | | | | |
| 186520 | 11.26 | 8500/- | | | | |
| 186522 | 8.46 | 6500/- | | | | |

**टीप:-** 01. उपरोक्त कार्यों की निविदा की समान्य शर्तें धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेत व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https:cgeprocurement.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। 02. विज्ञापन की प्रति https:cg.uad.gov.in में देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत लखनपुर**
**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

# पीईटी-पीएटी के लिए व्यापम ने खोला पोर्टल जिस खाते से भुगतान उसमें ही रिफंड

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रदेश के महाविद्यालयों में इंजीनियरिंग व कृषि संबंधित पाठ्यक्रमों में दाखिले के इच्छुक छात्रों के लिए व्यापम ने आवेदन पोर्टल दिया है। व्यापम द्वारा बीते वर्ष जारी किए शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार ही छात्रों की प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। संचालनालय तकनीकी शिक्षा तथा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर पीईटी और पीएटी परीक्षा कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। व्यापम ने प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन पोर्टल खोलने के साथ ही इससे संबंधित समस्त जानकारी अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध करा दी है। इसके पूर्व व्यापम ने प्रीएमसीए के लिए आवेदन प्रारंभ किए थे। अन्य प्रवेश परीक्षाओं के लिए भी आवेदन व्यापम द्वारा क्रमबद्ध प्रारंभ किए जाएंगे।

## ऐसा है शेड्यूल

ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि- 2 मार्च
ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि- 27 मार्च, सायं 5:00 बजे तक
त्रुटि सुधारः 28 मार्च से 30 मार्च, सायं 5:00 बजे तक
परीक्षा की संभावित तिथिः 14 मई
परीक्षा का समयः पूर्वान्ह 10:00 से 1:15 बजे तक
प्रवेश पत्र जारी करने की संभावित तिथिः 4 मई
परीक्षा केन्द्रः 33 जिला मुख्यालयों

## स्थानीय निवासियों को ही छूट

व्यापम ने स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन पद्धति से किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी अभ्यर्थी, जो परीक्षा में उपस्थित होते हैं, उनका परीक्षा शुल्क व्यापम द्वारा वापस कर दिया जाएगा। परीक्षा शुल्क उसी बैंक खाता में वापस किया जाएगा, जिस बैंक खाता से अभ्यर्थी ने ऑनलाइन आवेदन परीक्षा शुल्क का भुगतान किया है। विस्तृत जानकारी व्यापम की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

# निगम की प्रशासनिक व्यवस्था में फेरबदल जोन आयुक्तों की नवीन पदस्थापना

**रायपुर।** होली त्योहार से पूर्व रायपुर नगर निगम की प्रशासनिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। निगम आयुक्त विश्वदीप ने प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत जोन आयुक्तों की नवीन पदस्थापना आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक जारी रहेगा, यह आदेश तत्काल प्रभावशील है। नए आदेश के मुताबिक नगर निगम जोन 9 के प्रभारी जोन आयुक्त अंशुल शर्मा सीनियर को जोन 1 का प्रभारी जोन आयुक्त बनाया गया है। नगर निगम जोन 4 में पदस्थ जोन कमिश्नर अरूण ध्रुव अब जोन 2 कमिश्नर के रूप में कार्य दायित्व संभालेंगे। इसी तरह जोन 4 की प्रभारी जोन आयुक्त दिव्या चंद्रवंशी को जोन 4 का प्रभारी जोन आयुक्त बनाया गया है। नगर निगम जोन 2 के प्रभारी जोन आयुक्त संतोष पांडे अब नगर निगम जोन 7 के प्रभारी जोन आयुक्त होंगे, जोन 7 के जोन आयुक्त राकेश शर्मा को जोन 9 में जोन आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है।

# बड़ा हादसा के बाद भी सुधरा नहीं सिस्टम, उपार्जन केंद्रों से ओवरलोड धान से भरे ट्रक निकल रहे

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में करीब 10 दिन पूर्व हुए एक बड़े हादसे में ओवरलोड धान से भरे ट्रक के पलटने के कारण तीन लोगों की मौत के बाद भी सिस्टम सुधर नहीं पाया है। जिले के कई उपार्जन केंद्रों से धान के उठाव-परिवहन में लापरवाही बरती जा रही है। मिलर्स ट्रक में ओवरलोड धान भराकर उसका परिवहन करा रहे हैं, जिसके कारण हर रोज सड़कों पर बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है।

## ओवरलोड के कारण अनियंत्रतित होकर पलटा था ट्रक

शहर के विधानसभा थाना क्षेत्र में धान से भरे ट्रक के पलटने के कारण तीन लोगों की मौत की वजह भी ट्रक में ओवरलोड धान का भराव किया जाना था। ट्रक एक उपार्जन केंद्र से धान लोडिंग कर पंजीकृत राइस मिल जाने के लिए निकला था। ट्रक में करीब 20 टन धान लोड था, जो क्षमता से कहीं ज्यादा था। परिवहन विभाग का नियम भी कहता है कि किसी भी वाहन में क्षमता के अनुसार ही माल की लोडिंग तथा सवारी बैठाना चाहिए, लेकिन शहर में ऐसी कई प्रकार की मालवाहक और सवारी गाड़ियां हैं, जिसमें क्षमता से अधिक माल का परिवहन और यात्री बिठाकर उसका संचालन किया जा रहा है।

## डीजल और फेरे बचाने ओवरलोड धान भराकर कराया जा रहा परिवहन

उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव के लिए राइस मिलरों को जिम्मेदारी दी गई है। पंजीकृत राइस मिलर्स उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव भी करा रहे हैं, लेकिन इस उठाव के दौरान अपना खर्च और समय बचाने के लिए कई मिलर्स धान का ओवरलोड परिवहन करा रहे हैं। ओवरलोड धान का परिवहन कराने से मिलर्स के ट्रक को कम फेरा लगाना पड़ता है और इससे डीजल की भी बचत होती है। इस तरह मिलर्स अपना खर्च और समय दोनों बचाने के लिए ओवरलोड धान का उठाव-परिवहन करा रहे हैं।

## सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रहे ओवरलोड वाहन

सड़क पर ओवरलोड धान से भरे ट्रकों के अलावा अन्य कई मालवाहक और यात्री बसें भी ओवरलोड दौड़ रही हैं। इन ओवरलोड गाड़ियों पर अंकुश लगाने के लिए यातायात और परिवहन दोनों विभाग आंख पर पट्टी बांधे हुए हैं, जिसके कारण ओवरलोड गाड़ियां मौत बनकर शहर में दौड़ रही हैं।

# प्रथम पृष्ठ का शेष

## ईरान का खाड़ी...

जिनमें कहा गया था कि ईरान ने अमेरिका से फिर से बातचीत शुरू करने की कोशिश की है। वहीं कुवैत ने सोमवार को गलती से 3 अमेरिकी फाइटरजेट्स को दुश्मन का विमान समझकर निशाना बनाया। हादसे में सभी अमेरिकी पायलट सुरक्षित हैं।

## अफगान ने किया...

किए गए हैं। ये कार्रवाई पाकिस्तान की ओर से काबुल, बगराम और अन्य इलाकों में किए गए हवाई हमलों के जवाब में की गई। दूसरी तरफ पाकिस्तान सरकार ने दावा किया है कि अब तक 400 से ज्यादा अफगान लड़ाके मारे जा चुके हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं।

**जंग जैसे हालात-**

पाकिस्तान और अफगानिस्तान में संघर्ष की शुरुआत 22 फरवरी को हुई थी। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की थी। पाकिस्तान के उप गृह मंत्री तलाल चौधरी ने दावा किया था कि सीमावर्ती इलाकों में TTP के ठिकानों पर कार्रवाई में कम से कम 70 लड़ाके मारे गए। बाद में पाकिस्तानी अखबार डॉन ने यह संख्या 80 तक पहुंचने का दावा किया था। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने 27 फरवरी को पाकिस्तान पर हमला किया।

## कर्मचारियों को इस...

को केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने अपनी बैठक में 2025-26 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) पर 8.25 प्रतिशत का ब्याज देने की सिफारिश की है। ईपीएफओ के निर्णय लेने वाले शीर्ष निकाय सीबीटी की सिफारिश पर वित्त मंत्रालय मंजूरी देगा। सरकार द्वारा ब्याज दर आधिकारिक रूप से अधिसूचित करने के बाद ईपीएफओ अंशधारकों के खातों में ब्याज जमा करेगा। मंत्रालय ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, ईपीएफओ ने मजबूत वित्तीय अनुशासन बनाए रखा है। इससे ब्याज खाते पर दबाव डाले बिना स्थिर और प्रतिस्पर्धी रिटर्न सुनिश्चित किया जा रहा है। सीबीटी ने आयकर विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त उन ट्रस्ट के मामले में संबंधित अनुपालन मुद्दों को हल करने के लिए एकमुश्त माफी योजना को भी मंजूरी दी है, जो अभी तक कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के अंतर्गत नहीं आते हैं या जिन्हें छूट नहीं दी गई है। इसमें वित्त अधिनियम, 2026 के प्रावधानों को भी ध्यान में रखा गया है।

प्रस्तावित योजना का उद्देश्य प्रतिष्ठानों और न्यासों को एक निर्धारित छह महीने की अवधि के भीतर अनुपालन के दायरे में लाना है। इसका मुख्य उद्देश्य श्रमिकों के हितों की रक्षा करना है, जबकि उन प्रतिष्ठानों और न्यासों के लिए जुर्माना, ब्याज आदि को माफ करना है जिन्होंने पहले ही वैधानिक योजना के बराबर या उससे बेहतर लाभ प्रदान किए हैं। इसके तहत पिछली तिथि से छूट की अनुमति है लेकिन यह कुछ शर्तों पर निर्भर है। साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि सभी पात्र कर्मचारियों को वैधानिक लाभ प्राप्त हों। इस कदम से 100 से अधिक जारी मुकदमे और कई अन्य मामलों के निपटान की उम्मीद है, जिससे विभिन्न ट्रस्ट के हजारों सदस्यों को लाभ होगा। यह योजना उन छूट प्राप्त प्रतिष्ठानों पर लागू होगी जिन्होंने कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के प्रावधानों का अनुपालन किया है। बोर्ड ने ईपीएफ छूट पर नई सरलीकृत मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को मंजूरी दी है, जिसमें मौजूदा चार एसओपी और छूट नियमावली को एक व्यापक रूपरेखा में समेकित किया गया है। इसका उद्देश्य अनुपालन बोझ को कम करना है। एसओपी में पूर्व संचित राशि को 'सरेंडर' करने और स्थानांतरित करने के लिए एक संपूर्ण डिजिटल प्रक्रिया भी दी गई है। इसके साथ ही सीबीटी ने सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के तहत नई सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की अधिसूचना को मंजूरी दे दी है ताकि मौजूदा रूपरेखा से नए ढांचे में सुचारू रूप से बदलाव सुनिश्चित किया जा सके।

**निष्क्रिय खातों का होगा निपटारा-**

नई स्वीकृत ईपीएफ योजना, 2026, ईपीएस, 2026 और ईडीएलआई योजना, 2026 मौजूदा योजनाओं का स्थान लेंगी और भविष्य निधि, पेंशन और बीमा लाभ से जुड़ी व्यवस्था के लिए एक मजबूत कानूनी आधार प्रदान करेंगी। निष्क्रिय खातों के निपटान के लिए, बोर्ड ने 1,000 रुपए या उससे कम की राशि वाले निष्क्रिय ईपीएफओ खातों में दावा निपटान की स्वतः शुरुआत के लिए एक पायलट परियोजना को मंजूरी दी। पायलट परियोजना की सफलता के आधार पर, इस सुविधा को बाद के चरणों में 1,000 रुपये से अधिक की राशि वाले खातों तक बढ़ाया जाएगा, जिससे ईपीएफओ में सदस्य-केंद्रित सुधारों को और मजबूती मिलेगी।

## युद्ध की आग...

गया था। हालांकि, बाद में यह 1,048.34 अंक या 1.29 प्रतिशत टूटकर 80,238.85 अंक पर बंद हुआ। इस गिरावट के कारण बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 6,59,978.08 करोड़ रुपए घटकर 4,56,90,693.19 करोड़ रुपये रह गई। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 7.29 प्रतिशत चढ़कर 77.85 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शनिवार तड़के तेहरान पर अमेरिका और इजराइल के समन्वित हवाई हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मृत्यु हो गई थी, जिसकी पुष्टि रविवार को ईरानी सरकारी मीडिया ने की। इसके प्रतिशोध में ईरान ने इजराइल और क्षेत्र के अन्य अरब देशों पर मिसाइल दागनी शुरू कर दी हैं। सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन, लार्सन एंड टुब्रो, अदाणी पोर्ट्स, मारुति, एशियन पेंट्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक घाटे में रहीं। वहीं, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सन फार्मा और आईटीसी लाभ में रहने वाले शेयर थे।

## सुप्रीम कोर्ट ने...

ने कहा कि यह मामला संस्थागत दृष्टि से काफी चिंता का विषय है। इसने कहा, अटॉर्नी जनरल, सॉलिसिटर जनरल और भारतीय विधिज्ञ परिषद (बीसीआई) को नोटिस जारी करें।

न्यायालय ने कहा कि मुकदमे के निपटारे तक, निचली अदालत ने विवादित संपत्ति की भौतिक विशेषताओं के विश्लेषण के लिए एक अधिवक्ता-आयुक्त नियुक्त किया था। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने कुछ आपत्तियां उठाकर अधिवक्ता-आयुक्त की रिपोर्ट को चुनौती दी थी।

इसने कहा कि निचली अदालत ने पिछले साल अगस्त में अपने आदेश में आपत्तियों को खारिज कर दिया था और इस प्रक्रिया में कुछ निर्णयों पर भरोसा किया था। इसके बाद, याचिकाकर्ताओं ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी और दलील दी कि जिन फैसलों का जिक्र किया गया और जिन पर भरोसा किया गया, वे अस्तित्वहीन और फर्जी थे।

## भारत को 10...

स्टोरेज समिट करेंगे। सिविल न्यूक्लियर एनर्जी में, हम लंबे समय तक यूरेनियम सप्लाई के लिए एक अहम डील पर पहुंचे हैं। हम छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर और एडवांस्ड रिएक्टर पर भी मिलकर काम करेंगे।

दोनों नेताओं के बीच यहां हुई बातचीत के दौरान रक्षा, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी, छोटे एवं मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टर (एसएमआर), शिक्षा और नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत एवं कनाडा के द्विपक्षीय संबंध अब 'नई ऊर्जा, आपसी विश्वास और सकारात्मकता' से भरे हुए हैं। कनाडा 2.6 अरब डॉलर के यूरेनियम आपूर्ति समझौते के तहत भारत के असैन्य परमाणु ऊर्जा क्षेत्र का समर्थन करेगा। मोदी ने कहा, असैन्य परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में दीर्घकालिक यूरेनियम आपूर्ति पर ऐतिहासिक समझौता हुआ है। हम छोटे मॉड्यूलर और उन्नत रिएक्टरों पर भी साथ काम करेंगे। महत्वपूर्ण खनिजों पर समझौता ज्ञापन (एमओयू) से स्वच्छ ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन और उन्नत विनिर्माण के लिए सुरक्षित आपूर्ति श्रृंखला को मजबूती मिलेगी। कनाडा के पास दुर्लभ खनिजों का बड़ा भंडार मौजूद है।

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
छाती, एलर्जी एवं सांस से जुड़ी सभी बीमारियों का आधुनिक एवं विशेषज्ञ उपचार एक ही स्थान पर
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
गैस आउट सिरप
गैस, अरुचि, कब्ज़, अफरा, अपचन में तुरंत असरकारक नैचुरल आयुर्वेदिक है
सुगर के मरीज भी ले सकते हैं...
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-होटल नटराज में काम करने के लिए अनुभवी हाउस कीपिंग एवं वेटर स्टाफ की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- होटल नटराज अग्रसेन चौक बिलासपुर 99778 61508, 07752411112 (40078)

**आवश्यकता हैं** आया बाई (हॉस्पिटल एवं घरेलु कार्य हेतु) नर्सिंग स्टॉफ काउन्टर स्टॉफ अग्रवाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल मगरपारा रोड, बिलासपुर संपर्क करेंः- सुबह 11 से 01 बजे तक 07752-226296, 402543

**आवश्यकता है**-लेट्रिंग, बाथरूम की प्रति दिन साफ सफाई करने के लिए पार्ट टाइम स्वीपर की तत्काल आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 9406390898 (40051)

**आवश्यकता है**-सेल्स मैनेजर की,अनुभवी को प्राथमिकता वेतन 15000 से 25000 सम्पर्क करें- 9165446688 Mail-hr @saintleysonne.com Web-www.oxineer .com (RMAM-45394)

**आवश्यकता है**-FMCG डिस्ट्रीब्यूटर (lays, कुरकुरे और अन्य) में इंटर्नशिप हेतु ऑफिस सेल्स गोदाम कार्य हेतु पुरुष, महिला की आवश्यकता है सम्पर्क करें- चोपड़ा बिल्डिंग FCI रोड तारबाहर, बिलासपुर 91119 70228 8959080574 (40057)

## बेचना/किराया

**बेचना/किराया**-बिलासपुर में तिफरा में बने टाइल्स हब में बाहुबली टाइल्स सिद्धीविनायक टाइल्स के पास सर्वसुविधा युक्त जगह बेचना है/किराये पर उपलब्ध हैटाइल्स शोरूम हेतु उपयुक्त सम्पर्क करें- 98261 91897 (40080)

## बेचना है

**बेचना है**-लोखण्डी मेन रोड से लगे व्यावसायिक, आवासीय सर्वसुविधायुक्त प्लाट, मकान उपलब्ध है सम्पर्क करें-एस.के. कंस्ट्रक्शन नारायणी हॉस्पीटल के बगल वंदना ट्रेडर्स के ऊपर मंगला चौक बिलासपुर 90986 49603, 7987295995 (39605)

**बेचना है**-सवा दो एकड़ खेती भूमि (फ्रंट 185 फिट) ग्राम मोहभट्ठा में सरगांव बस स्टैण्ड के पीछे से कड़ी जाने वाली पक्की रोड पर, बेचना है। खरीददार ही सम्पर्क करें- 8319133785 (40075)

**बेचना है**-देवरीखुर्द में 6000 वर्गफुट हॉल+ आंगन+ 17 कमरे का सर्वसुविधायुक्त ट्रिपल रोड कीमत 1.80 करोड़ एवं सिरगिट्टी गोविंद नगर में 1350 वर्गफुट डबल रोड प्लॉट 26लाख में। सम्पर्क करें- 7354288861 (40074)

**बेचना है**-न्यूनतम कीमत पर सर्वसुविधायुक्त स्वतंत्र मकान वास्तु अनुरूप बना, सेंट फ्रांसिस स्कूल से नजदीक, नेहरू चौक से 2km एवं रिंग रोड नं.2 से 500m दूरी अमेरी में सम्पर्क- 9575555811, 8103121458 (40076)

**बेचना है**-55×40= 2200 वर्गफुट मेन डामर रोड पर पुराना मकान बना हुआ ग्राम मोहरा में जमीन की कीमत में मटियारी के पास बेचना है कीमत 1200 फुट सम्पर्क करें- 9827938236, 87709 63388 (40083)

## शैक्षणिक

**प्रवेश प्रारम्भ**-मैट्स विश्वविद्यालय, मुक्त दूरवर्ती शिक्षा, शासकीय सेवा मान्य, प्रवेश प्रारम्भ DCA, PGDCA, BCA, MCA, BA, BSc, BCom, MA, MSc, MCom, BBA, MBA, MSW, BLib, MLib अन्तिम तिथि 15मार्च, सम्पर्क- राजेन्द्र नगर चौक बिलासपुर 8959264581, 9516036581 (40085)

Medicare Specialists
यौन रोग व यौन कमजोरी
डायरेक्ट रिसर्च रूम सिक्रेट केयर क्लिनिक
सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एम.सी. अग्रवाल (एम.डी.) डॉ. बी.के. अग्रवाल बी.ए.एम.एस. (यौन समस्या) निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेलवे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
94255-55659, 93039-48500 96177-89223, 93032-42200
मिलने का समय : शाम 4 से 8

हरिभूमि वैवाहिकी (प्रति रविवार)

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:-मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:-मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:-मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:-मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:-मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:-मो. 9300328290,9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:-मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:-मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:-मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:-मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:-मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:-मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:-मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:-मो. 9827466133, 9907047586

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## CLASSIFIED RATE CARD

01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/ Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sqcm |
| Bhilai+Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sqcm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sqcm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sqcm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sqcm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sqcm |
| All CG+MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sqcm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sqcm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15% extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100 Rs. EXTRA.

ADVT. Booking Time 10.30 am to 4.00 pm.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500/- 1 Sunday | 800/- 1 Sunday |
| 900/- 2 Sunday | 1200/- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE (10X1 FIX SIZE)

| Edition | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

### 5 मार्च को शाम 7 बजे वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा भारत-इंग्लैंड के बीच सेमीफाइनल

# टीम इंडिया की लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में इंग्लैंड से होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारतीय टीम छठी बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची है। वहीं यह लगातार तीसरा मौका है जब टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंची है। रोमांचक तथ्य यह है कि पिछली दो बार सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना करने वाली टीम इंडिया का सामना इस बार भी इंग्लैंड से ही है। इस तरह टी20 विश्व कप में लगातार तीसरी बार भारत-इंग्लैंड आमने-सामने होंगे। पिछले दो मौकों में एक बार इंग्लैंड और एक बार भारतीय टीम विजेता रही है। पिछले दोनों मौकों पर जिस टीम ने सेमीफाइनल जीता था, आगे चलकर वही टीम चैंपियन बनी थी। टी20 विश्व कप का दूसरा सेमीफाइनल भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मार्च को शाम 7 बजे से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाना है।





## 2024 में भारत ने जीता था खिताब

टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल में एक बार फिर रोहित की कप्तानी वाली टीम इंडिया और बटलर की कप्तानी वाली इंग्लैंड आमने-सामने थी। जॉर्जटाउन में हुए इस मुकाबले में भारतीय टीम ने 7 विकेट पर 171 रन बनाए थे। इंग्लैंड की पूरी टीम 16.4 ओवर में 103 रन पर सिमट गई थी और 68 रन से मैच हार गई। भारतीय टीम ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब जीता था।

## 2022 के सेमीफाइनल में भारत और इंग्लैंड का हुआ था सामना

टी20 विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल में भारत और इंग्लैंड का सामना हुआ था। एडिलेड में हुए इस मैच में रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने 6 विकेट पर 168 रन बनाए थे। जोस बटलर की कप्तानी वाली इंग्लैंड ने 16 ओवर में बिना किसी नुकसान के 170 रन बनाकर मैच 10 विकेट से जीता था। फाइनल में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता था।

## पहली बार साल 2007 में आमने-सामने आए भारत-इंग्लैंड



टी20 वर्ल्ड कप में भारत-इंग्लैंड पहली बार साल 2007 में आमने-सामने आए, जिसमें युवराज सिंह ने लगातार 6 गेंदों पर छक्के लगाते हुए तूफानी अर्धशतक लगाया। भारत ने 4 विकेट खोकर 218 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 200/6 का स्कोर ही बना सकी और भारत ने 18 रन से मैच अपने नाम कर लिया।

## 2009 में इंग्लैंड ने लिया था बदला

टी20 वर्ल्ड कप 2009 में इंग्लैंड ने अपनी पिछली हार का बदला लिया। लंदन में खेले गए इस मैच में इंग्लैंड ने 7 विकेट खोकर 153 रन बनाए, जिसके जवाब में भारतीय टीम 5 विकेट खोकर 150 रन ही बना सकी। यूसुफ पठान ने 17 गेंदों में 3 बाउंड्री के साथ 33 रन की नाबाद पारी खेली, लेकिन टीम इंडिया को जीत नहीं दिला सके।

## 2012 में हारी थी इंग्लैंड

टी20 वर्ल्ड कप 2012 में ग्रुप-ए के इस मैच में भारत ने गौतम गंभीर (45), रोहित शर्मा (नाबाद 55) और विराट कोहली (4) की शानदार पारियों के दम पर 4 विकेट खोकर 170 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 14.4 ओवरों में 80 रन पर ऑलआउट हो गई।

# मैंने सुनी अंतरात्मा की आवाज, फोन और सोशल मीडिया बंद कर दिया था

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने अपने फोन और सोशल मीडिया अकाउंट बंद कर दिए ताकि खराब फॉर्म के दौर में भी उनका आत्मविश्वास न डगमगाए और आखिर में उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 विश्व कप के करो या मरो मैच में मैच विजेता पारी खेलकर लय हासिल कर ली। सैमसन ने कहा, 'मैंने अपने शॉट चयन पर लगातार काम किया। मैं बहुत अधिक बदलाव नहीं करना चाहता था क्योंकि मुझे पता था कि मैंने उसी तरह से खेलते हुए पहले अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए मैंने खुद पर भरोसा बनाए रखा, अपना फोन बंद कर दिया, सोशल मीडिया से दूर रहा और अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनी। मुझे खुशी है कि मैंने एक ऐसे मैच में अच्छा प्रदर्शन किया जो बहुत खास था।'



### हम अक्सर नकारात्मक सोच से शुरुआत करते हैं

न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में निराशाजनक प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए सैमसन ने अपनी तकनीक में किए गए बदलावों के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'यह मानवीय प्रकृति है कि हम अक्सर नकारात्मक सोच से शुरुआत करते हैं, जैसे, 'क्या मैं ऐसा कर सकता हूं। मुझे नहीं लगता कि मैं ऐसा कर सकता हूं।' जब भी मेरे मन में ऐसे विचार आते हैं तो मैं उन्हें सकारात्मक विचार से बदलने की कोशिश करता हूं।

### यह थोड़ा मुश्किल लक्ष्य था

सैमसन ने असल में अकेले दम पर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। उन्होंने कहा, ' यह थोड़ा मुश्किल लक्ष्य था। हमारी बल्लेबाजी की मजबूती को देखते हुए मुझे लग रहा था कि ईडन गार्डन्स में ओस पड़ने पर 196 रन के लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा आसान हो जाएगा, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से यह चुनौतीपूर्ण हो गया।' सैमसन ने कहा, 'यहीं पर मेरे अनुभव ने अहम भूमिका निभाई। मुझे अच्छी शुरुआत मिली, लेकिन जब विकेट गिरते रहे तो मुझे लगा कि मुझे मैच का सकारात्मक अंत करना होगा।' उन्होंने कहा, ''आप हमेशा ऐसा प्रदर्शन करना चाहते हैं लेकिन हमेशा ऐसा नहीं होता है। इसलिए मुझे खुशी है कि इस मैच में मैंने अच्छा प्रदर्शन किया। जब आप दबाव वाली परिस्थितियों में लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं तो आप अलग-अलग विकल्प अपनाते हैं और जोखिम भरे विकल्पों पर विचार करने के बजाय अधिक बाउंड्री लगाते हैं।''

### मैंने अपनी बुनियाद पर काम किया

सैमसन ने कहा,'' मैंने आत्ममंथन किया। मैंने अपनी बुनियाद पर काम किया कि मैंने खुद को कैसे तैयार किया था। बहुत से लोगों ने सुझाव दिए मैंने खुद से कहा कि 'संजू, तुमने इसी प्रारुप में तीन अंतरराष्ट्रीय शतक लगाए हैं।' जब सैमसन से पूछा गया कि कोलकाता में खेली गई उनकी पारी उनके लिए क्या मायने रखती है, तो उन्होंने कहा कि वह खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि वह उस सपने को जी रहे हैं जिसे उन्होंने बचपन से संजोकर रखा है। उन्होंने कहा, ' भारत में सौ से अधिक क्रिकेटर ऐसे दिन का सपना देखते हैं। मैंने सपना देखने की हिम्मत की। केरल के त्रिवेंद्रम का एक युवा लड़का देश के लिए खेलने और इतने महत्वपूर्ण मैच में जीत हासिल करने का सपना देख रहा था। मैंने सपना देखने की हिम्मत की और यह सच हो गया।'

# दुबई में फंसी सिंधु, ऑल इंग्लैंड ओपन में बाहर रहना तय

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का मंगलवार से शुरू होने वाली अखिल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप से बाहर रहना तय है क्योंकि अमेरिका के ईरान पर हमले के बाद खाड़ी क्षेत्र में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण वह दुबई में फंस गई हैं। खिलाड़ियों के यात्रा संबंधी बाधाओं ने सुपर इस 1000 प्रतियोगिता की तैयारियों को बुरी तरह प्रभावित किया है।

सिंधु शनिवार से दुबई में फंसी हुई हैं क्योंकि ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। सिंधु और उनके कोच इंडोनेशिया के इरवानस्याह आदि प्रतामा दुबई में फंसे हुए हैं। वह उनके ठहरने के स्थान के करीब हुए विस्फोट में बाल-बाल बच गए थे।



### लक्ष्य का मुकाबला शी यु ची से

भारत के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन और उभरते युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी यात्रा संबंधी किसी भी तरह की समस्या के बिना पहुंच गए हैं। लक्ष्य का पहले दौर में मुकाबला चीन के विश्व के नंबर एक खिलाड़ी शी यु ची से होगा, जबकि आयुष इंडोनेशिया के अलवी फरहान के खिलाफ खेलेंगे। लक्ष्य के लिए पहले दौर की चुनौती बड़ी मुश्किल होगी क्योंकि वह चीन के खिलाड़ी से पिछले पांच मुकाबलों में से चार में हार चुके हैं। आयुष को भी फरहान से पांच मुकाबलों में से तीन में हार का सामना करना पड़ा है, जिसमें जनवरी में इंडोनेशिया मास्टर्स का मुकाबला भी शामिल है।

### एनएसडब्ल्यू ओपनः संयुक्त 20वें स्थान पर रही दीक्षा

**वोलोंगोंग।** कट में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर महिला एनएसडब्ल्यू ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 20वें स्थान पर रही। दीक्षा ने पहले दौर में छह ओवर 77 का स्कोर बनाया था और उन पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा था। इसके बाद हालांकि उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया और अंतिम दौर में 68 का स्कोर बनाया।

# इंटर मियामी जीता : मेस्सी ने एमएलएस टूर्नामेंट में अब तक दागे 52 गोल





एजेंसी ▶▶| ऑरलैंडो

लियोनेल मेस्सी ने दूसरे हाफ में दो गोल किए, जबकि डिफेंडर टेलास्को सेगोविया ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की, जिससे मौजूदा चैंपियन इंटर मियामी ने एमएलएस फुटबॉल टूर्नामेंट में ऑरलैंडो सिटी को 4-2 से हराकर इंटर एंड कंपनी स्टेडियम में पहली बार जीत हासिल की।

पहले हाफ में दो गोल से पिछड़ने के बाद मियामी की तरफ से पहला गोल दूसरे हाफ के चौथे मिनट में माटेओ सिल्वेट्टी ने किया। मेस्सी ने सेगोविया से पास लेकर 57वें मिनट में अपना पहला गोल किया और इंटर मियामी को 2-2 से बराबरी पर ला दिया। सेगोविया ने 85वें मिनट में गोल करके मियामी को बढ़त दिलाई।

मेस्सी ने 90वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके मियामी की जीत सुनिश्चित कर दी। अर्जेंटीना का यह स्टार खिलाड़ी इस तरह से एमएलएस में 52 गोल कर चुका है। मार्को पासलिच ने इवान एंगुलो से पास पर 18वें मिनट में गोल करके ऑरलैंडो सिटी को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके छह मिनट बाद मार्टिन ओजेडा ने गोल किया, जिससे ऑरलैंडो सिटी को 2-0 की बढ़त मिल गई, जो हाफ टाइम तक बरकरार रही।

### ईरान का विश्व कप फुटबॉल में खेलना संदिग्ध

तेहरान। ईरान के फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मेहदी ताज ने कहा कि अमेरिका और इजरायल के उनके देश पर किए गए हमले के बाद वह पक्के तौर पर नहीं कह सकते कि उनकी टीम इस साल अमेरिका में होने वाले फीफा विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में खेल पाएगी या नहीं। मेहदी ताज ने कहा, 'निश्चित रूप से इस हमले के बाद हम विश्व कप में भाग लेने को लेकर उम्मीद की दृष्टि से नहीं देख सकते।' विश्व कप में ईरान को ग्रुप जी में रखा गया है और उसे इंग्लेवुड, कैलिफोर्निया में 15 जून को न्यूजीलैंड और 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ मैच खेलने हैं। इसक बाद वह 26 जून को सिएटल में मिस्र के खिलाफ पहले दौर का अपना अंतिम मैच खेलेगा। विश्व कप फुटबॉल 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा।

भारतीय मानक ब्यूरो
(रायपुर शाखा कार्यालय)
मानकालय, प्लॉट नंबर 13-सी, सेक्टर 24, नवा रायपुर-अटल नगर, छत्तीसगढ़ 492101
Bureau of Indian Standard

**प्रकाशित निविदा दस्तावेज़ के लिए सूचना**

भारतीय मानक ब्यूरो, रायपुर के लिए कुरियर सर्विसेज हेतु बिड संख्या **GEM/2026/B/7099744** के तहत कुरियर सर्विसेज सेवाओं के लिए एकल बोली प्रणाली आधारित जेम के माध्यम से बिड आमंत्रित किया जाता है। इस बिड से संबंधित दस्तावेज हमारे बीआईएस पोर्टल के निम्नलिखित लिंक https://www.bis.gov.in/tender-details/?lang=hi पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है। बिड की अंतिम वैधता 21/03/2026 है।

दिनांक: 03/03/2026
स्थान: रायपुर
प्रमुख(राशाका)
भारतीय मानक ब्यूरो

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
''मिनी रत्न कम्पनी''
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

**सूचना**

एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाऐं एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इंण्डिया के ई–प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
**संशोधन सूचना**

क्र.426/न.पा.नि./जल विभाग/2025-26 दिनांक 02/03/2026

निविदा क्रमांक 23/न.पा.नि./जल विभाग/2025–26 दिनांक 19.02.2026 को रुचि की अभिव्यक्ति हेतु निविदा दिनांक 05/06/2026 के स्थान पर 05/03/2026 को सायंकाल 05:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है, शेष निविदा की शर्तें यथावत रहेगी।

नगर निगम के विभागीय वेबसाईट www.bilaspurnagernigam.com से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
Green City, Clean City, Dream City. नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
सामग्री प्रबंधन विभाग
ई–निविदा सूचना क्रमांकः एनआईटी/14/26/8, तिथि 24 फरवरी 2026

| क्र. सं. | ई–निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | टेंडर बंद/खुलने की तिथि एवं समय | खरीदी मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 07261522 | फ्लेक्सिबल पोलीव्हीनिल क्लोराइड (पीव्हीसी) फ्लोरिंग शीट | 16.03.2026 At 10:30hrs | 1352 नग |
| 2 | 06260093 | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट (आरजीसी) फॉर मेनुफेक्चर एंड सप्लाई ऑफ 60 के.जी. ग्लुइड इंसुलेटेड रेल जॉइन्ट्स (जी–3) (एल) टाईप | 16.03.2026 At 10:30hrs | 5556 नग |
| 3 | 06250084B | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर द मेनफेक्चर सप्लाई ऑफ 60 के.जी. 1 इन 12 ऑवर रिडिंग कुर्वेद स्विचेस | 23.03.2026 At 10:30hrs | 460 सेट |
| 4 | 02261551 | इलेक्ट्रिक लोको मेन कम्प्रेशर | 12.03.2026 At 10:30hrs | 31 सेट |
| 5 | 03261549 | कॉमन पाईप ब्रेकेट विथ कंट्रोल रिजर्वयर फॉर एयर ब्रेक वैगन | 16.03.2026 At 10:30hrs | 631 सेट |
| 6 | 07261575 | जेन्टियन ब्लु (आरएएल–5010) पेंट एज पर आईएसः 8662/2004 | 17.03.2026 At 10:30hrs | 99700 लिटर |
| 7 | 08252029C | इंडस्ट्रीयल मेटल कटिंग गैस (एलपीजी) | 16.03.2026 At 10:30hrs | 197534 किग्रा. |
| 8 | 03261480 | मोडिफाईड फ्लैप डोर कंपलीट फॉर बॉक्सएन वैगन | 17.03.2026 At 10:30hrs | 2785 नग |
| 9 | 02254154 | ओवरहाउलिंग किट फॉर एलआरयू, कंट्रोल पोर्सनः बीपी787321–1994 (बीपी–सीपी) | 17.03.2026 At 10:30hrs | 84 सेट |

रेलवे को किसी निविदा के लिये शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धि पत्र और ई खरीद की जरूरी सूचना वेंडर www.ireps.gov.in पर देख सकते हैं।

कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक
द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
सीपीआर/10/FL/723
South East Central Railway @secrail

**ई–नीलामी विक्रय सूचना**

निलामी की तिथि एवं समय :– 09-अप्रैल-2026, सुबह 10.30 बजे से सुबह 11.00 बजे
(बिक्री समाप्त होने तक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

HDFC BANK
**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**
शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर - 492001
Tel: 0771-4243149/149 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत् माननीय एनसीएलटी–मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री नोटिस जारी करता है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और सुरक्षाहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की संख्या, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित।
एतद द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को कॉलम (ए) में इंगित किया गया है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति (बंध) कॉलम (सी) में वर्णित है जो सुरक्षित व्यक्ति को गिरवी रखी गई है। लेनदार, जिसका भौतिक कब्जा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कॉलम (डी) में वर्णित सुरक्षित लेनदार द्वारा लिया गया है, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है' पर बेचा जाएगा। क्या है', और 'जो कुछ भी है' नीचे दिए गए विवरण के अनुसार:
एतद्वारा, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के अंतर्गत कॉलम (ए) में दर्शाए गए संबंधित उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारियों, कानूनी प्रतिनिधियों (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं) और समनुदेशितियों को, जैसा भी मामला हो, सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.hdfcbank.com में दिए गए लिंक को देखें।

| स. क्रं. | (A) ऋणी(यों) का नाम | (B) वसूल की जाने वाली बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) (रु.)* | (C) अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण (1 वर्गमीटर 10.76 वर्गफुट के बराबर है) | (D) कब्जे का प्रकार | (E) आरक्षित मूल्य (रु.) | (F) ब्याना जमा राशि (रु.) / (G) बोली वृद्धि राशि (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **श्री कुमार अनुज** के 57 क्लासिक सिटी, इंडियन पेट्रोल पंप, परसुलीडीह परसुलीडीह (टेकारी), गिरोद – रायपुर, – छत्तीसगढ़, पिन – 493111 – भारत। **श्री कुमार अनुज** मैसर्स अनुज कुमार, मकान नंबर K-57, क्लासिक सिटी, परसुलीडीह, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001. | ₹ 25,71,309/- 31 अगस्त 25* की स्थिति में | समस्त भाग एवं आंशिक भाग का प्लॉट यूनिट–के–59 एवं यूनिट–के–60, 'क्लासिक सिटी' स.क्र., खसरा नं. 170/2, 171/2-5, 172/1-3-4, 177/2, 178/3, 179, 180, 182/7-8-13, 248/1-2(भाग); प.ह.नं. 23/11; रानिमं–धरसीवा 1, ग्राम– परसुलिडीह तहसील एवं जिला–रायपुर, छत्तीसगढ़, कुल प्लॉट क्षेत्रफल– 1144 वर्ग फुट (106.28 वर्ग मीटर) + 1316 वर्ग फुट (122.25 वर्ग मीटर) = 2460 वर्ग फुट (228.53 वर्ग मीटर), **लेटिट्यूड–21.305512, लांगिट्यूड–81.688407.** | भौतिक | ₹31,41,000/- | ₹3,14,100/- / ₹ 5,000/- |
| 2. | **श्रीमती चारू लता सहासी** पति श्री कुमार अमर (दिवंगत) की पत्नी श्रीमती चारू लता सहासी, उनकी विधिक उत्तराधिकारी, प्रतिनिधि, वारिस एवं उत्तराधिकारिणी, द्वारा–सुरेश कुमार मिश्रा, गार्डन सिटी, प्लॉट संख्या 42, राजकिशोर नगर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001. **श्रीमती कौशल्या देवी गुप्ता,** श्री कुमार अमर की माता, उनकी विधिक उत्तराधिकारी, प्रतिनिधि, वारिस एवं उत्तराधिकारिणी, द्वारा–सुरेश कुमार मिश्रा, गार्डन सिटी, प्लॉट संख्या 42, राजकिशोर नगर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001. | ₹29,49,378/- 31 मार्च 24* की स्थिति में | फ्लैट–ए–107, मंजिल–1, विजय शिखर, स.क्र., खसरा नं. 23/1, मकान नं. 20/31, ग्राम – लिंगियाडीह, बिलासपुर, छत्तीसगढ़। फ्लैट का क्षेत्रफल– 1100 वर्ग फुट (102.230 वर्ग मीटर), **लेटिट्यूड–22.088556, लांगिट्यूड–82.2186667.** | भौतिक | ₹19,80,000/- | ₹1,98,000/- / ₹ 5,000/- |
| 3. | **श्री शिवानी हरीश कुमार** वार्ड 42 ए 9, शकुंतला हाइट्स, सीपत रोड, न्यू सरकंडा, बिलासपुर (एम.कॉर्प), बिलासपुर–छ.ग.–495001. **श्रीमती शिवानी ज्योति** वार्ड 42 ए 9, शकुंतला हाइट्स, सीपत रोड, न्यू सरकंडा, बिलासपुर (एम.कॉर्प), बिलासपुर–छ.ग.–495001. | ₹17,01,342/- 31 मई 23* की स्थिति में | फ्लैट संख्या 9, तीसरी मंजिल, शकुंतला हाइट्स, ब्लॉक डी एवं ई, स.क्र. 468/1, 468/3 (भाग), प.ह.नंबर 20, मौजा–सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.), कुल बिल्टअप एरिया (70.223 वर्ग मीटर) 755.60 वर्ग फुट। **लेटिट्यूड– 22.099783, लांगिट्यूड–82.152840.** | भौतिक | ₹18,67,000/- | ₹1,86,700/- / ₹ 5,000/- |
| 4. | **श्रीमती दुबे शिल्पा** 129/बी, दीनदयाल आवास, गातापार, रायपुर, छत्तीसगढ़, 493661. **श्रीमती दुबे शिल्पा** मै. बलौदा बाजार इमेजिंग एवं डायग्नोस्टिक सेंटर, शनि मंदिर के पास, गौरव पथ, दशहरा मैदान, बलौदा बाजार छत्तीसगढ़ 493332. **श्री दुबे संकेत** 129/बी, दीनदयाल आवास, गातापार, रायपुर, छत्तीसगढ़, 493661. **श्री दुबे संकेत** मै. संकेत दुबे, 129/बी, दीनदयाल आवास, गातापार, रायपुर, छत्तीसगढ़, 493661. | ₹ 6,87,445/- 30 जून 25* की स्थिति में | समस्त भाग एवं आंशिक भाग का मकान इकाई संख्या–106, अटल आवास योजना, स.क्र., खसरा नंबर, 523/2 भाग, प.ह.नंबर–27, ग्राम– बेलभाटा, रानिमं एवं तहसील–अभनपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़, कुल क्षेत्रफल– 559.92 वर्ग फुट, निर्मित क्षेत्रफल– 280 वर्ग फुट, **लेटिट्यूड**– 21.045865, **लांगिट्यूड**–81.765789. | भौतिक | ₹4,15,000/- | ₹41,500/- / ₹ 5,000/- |
| 5. | **श्रीमती तिवारी मंजू** (मृतक के बाद से) की पत्नी/बेटा/बेटी एवं श्री तिवारी मयंक मौली (मृतक के बाद से) अन्य ज्ञात एवं अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी, मकान नंबर– 191, 07, वार्ड नंबर 35, जोन 3, दुर्गा मंदिर, खुर्सीपार, भिलाई, दुर्ग छत्तीसगढ़ 493441. | ₹ 18,80,745/- 30 जून 22* की स्थिति में | प्लॉट सर्वे आईडी नंबर 23, प्लॉट साई किराना के पास, घर, व्यवस्था योजना अंतर्गत, जिला दुर्ग, न्यू खुर्सीपुर, वार्ड 32 सिंधी कॉलोनी के पीछे, गुरुद्वारा, दुर्ग छ.ग. कुल क्षेत्रफल– 56.05 वर्ग मीटर, भूतल बिल्टअप एरिया–56.05 वर्ग मीटर प्रथम तल– 56.05 वर्ग मीटर, **लेटिट्यूड**–21.208541, **लांगिट्यूड**–81.404368. | भौतिक | ₹22,26,000/- | ₹2,22,600/- / ₹ 5,000/- |
| 6. | **श्री सिंह निर्मल जीत सर्व जीत सिंह** फ्लैट नंबर ईडब्ल्यूएस नंबर 11, ब्लॉक 9, दूसरी मंजिल, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, महुरत रिसॉर्ट, पिरदा 2, कुरुद कैंप, रायपुर – 492101. **श्री सिंह निर्मल जीत टेली परफॉर्मेंस ग्लोबल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,** 408, उद्योग विहार, गुड़गांव – 122001. | ₹ 7,15,667/- 31 अक्टूबर 24* की स्थिति में | समस्त भाग एवं आंशिक भाग का फ्लैट नं.–एल.आई.जी.-09, दूसरी मंजिल, ब्लॉक–12, क्षेत्रफल– 614.40 वर्ग फुट, खसरा संख्या 617 भाग, पीरदा, रायपुर, साइट–बी (सामान्य आवास योजना), मकान संख्या–43, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित, और उत्तर में 7.5 मीटर चौड़ी सड़क, दक्षिण में निजी भूमि, पूर्व में सार्वजनिक परिवहन विभाग की सड़क और पश्चिम में एल.आई.जी. ब्लॉक–13 से घिरा हुआ है। कुल क्षेत्रफल– 57.10 वर्ग मीटर या 614.40 वर्ग फुट, **लेटिट्यूड**–21.250944, **लांगिट्यूड**–81.740417. | भौतिक | ₹9,96,000/- | ₹99,600/- / ₹ 5,000/- |
| 7. | **श्री मिश्रा प्रदीप कुमार,** सिंगापुर सिटी, ब्लॉक नंबर 6, फ्लैट नंबर 2बी, दूसरी मंजिल, कोटा रोड, रायपुर – छत्तीसगढ़, पिन कोड – 492002 – भारत। **श्रीमती मिश्रा मंजरी,** सिंगापुर सिटी, ब्लॉक नंबर 6, फ्लैट नंबर 2बी दूसरी मंजिल, कोटा रोड, रायपुर – छत्तीसगढ़, पिन कोड – 492002 – भारत। | ₹ 46,79,495/- 30 नवंबर 23* की स्थिति में | टावर नंबर 5, पहली मंजिल, अपार्टमेंट नंबर 1F$, टाइप F$, सिंगापुर सिटी (फेज I), होटल पिकाडिली के पीछे, कोटा रोड, कोटा, रायपुर, छत्तीसगढ़। कुल क्षेत्रफल 1049 वर्ग फुट, **लेटिट्यूड–21.259715, लांगिट्यूड–81.592866.** | भौतिक | ₹26,60,000/- | ₹2,66,000/- / ₹ 5,000/- |
| 8. | **श्री सराफ विशाल,** मकान नंबर–01, तुलसी विला, खम्हारडीह रोड, शंकर नगर, रायपुर – छत्तीसगढ़, पिन – 492001 – भारत। **श्री सराफ विशाल** विशाल इंटरप्राइजेज, दुकान नंबर–15, नयापारा, लेकर लाइन, रायपुर – 492001. **श्रीमती सराफ दिव्या** हाउस नंबर–01, तुलसी विला खम्हारडीह रोड, शंकर नगर, रायपुर – छत्तीसगढ़, पिन – 492001 – भारत। | ₹ 40,18,857/- 31 मार्च 24* की स्थिति में | फ्लैट–03, मंजिल–7, ओवरसीज पाम रिसॉर्ट्स, ब्लॉक ए, स.क्र., खसरा नं. 91/1-2; मकान नं. 44, ग्राम– सड्डू, रायपुर, छत्तीसगढ़, कुल क्षेत्रफल– 1470.13 वर्ग फुट, क्षेत्रफल– 925.25 वर्ग फुट, **लेटिट्यूड–21.284361, लांगिट्यूड–81.698556.** | भौतिक | ₹52,93,000/- | ₹5,29,300/- / ₹ 10,000/- |

**सुरक्षित संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय :– 16-मार्च-2026, सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे**
**बोली की अंतिम तिथि :–07-अप्रैल -2026, शाम 5.00 बजे के पहले**

* साथ में अतिरिक्त ब्याज, जैसा लागू हो, भुगतान की तारीख और/या उसकी प्राप्ति तक किए गए आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि।
**ऋणभार/दावों का प्रकटीकरण: (1) एचडीएफसी के अधिकृत अधिकारी की जानकारी के अनुसार, मद क्रमांक 01-05 से संबंधित अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों पर कोई भार नहीं है। (2) मद क्रमांक 06 में इन्वेंट्री है। उक्त संपत्ति के खरीदार को यह इन्वेंट्री अनिवार्य रूप से खरीदनी होगी। (3) मद क्रमांक 07 पर सोसायटी के नाम 143271/- रुपये का बकाया रखरखाव शुल्क (भविष्य में लगाये जाने वाले अथवा लगाये जा सकने वाले शुल्क आदि को छोड़कर) है। उक्त संपत्ति के खरीदार को यह राशि अनिवार्य रूप से अदा करनी होगी। कृपया ध्यान दें कि इसमें आरक्षित मूल्य शामिल नहीं है। खरीदार को यह राशि केवल सोसायटी को ही अदा करनी होगी। (4) मद क्रमांक 08 पर सोसायटी के नाम 55,000/- रुपये का बकाया रखरखाव शुल्क (भविष्य में लगाये जाने वाले अथवा लगाये जा सकने वाले शुल्क आदि को छोड़कर) है। उक्त संपत्ति के खरीदार को यह राशि अनिवार्य रूप से अदा करनी होगी। कृपया ध्यान दें कि यह आरक्षित मूल्य के अतिरिक्त है। क्रेता को उक्त राशि का भुगतान केवल सोसायटी को ही करना होगा।**
संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, या ई–नीलामी बोली दस्तावेज प्राप्त करने के लिए और किसी भी अन्य प्रश्न के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी श्री लोकेश माहोरे से टेलीफोन नंबर 871800900 या श्री अंशुल अग्रवाल से टेलीफोन नंबर 9713436260 या मेसर्स वैल्यू ट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क करें; ई–मेल: Auction.Manager@BidDeal.in ; संपर्क नंबर: +919266604643.
**सावधानी नोट**: बड़े पैमाने पर ई–बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड और उसके अधिकृत अधिकारी नीलामी बिक्री नोटिस में उल्लिखित अचल संपत्ति के संबंध में नकद लेनदेन नहीं करते हैं। नाम और अचल संपत्ति की बिक्री से निपटने के लिए एचडीएफसी बैंक लिमिटेड द्वारा अधिकृत एजेंसी/दलाल, यदि कोई हो, का संपर्क विवरण केवल ऊपर उल्लिखित पते पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

दिनांक: 03 मार्च, 2026
स्थान: बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग
रजिस्टर्ड पता–एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई–400013
एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी
ASA





# 4 साल में पहली बार गायब हुए सूर्य के धब्बे, क्या पृथ्वी के लिए है किसी बड़े खतरे का संकेत

**वॉशिंगटन।** पिछले 4 सालों में पहली बार हमारा सूरज पूरी तरह से स्पॉटलेस यानी बेदाग हो गया है। जिस सूरज की सतह पर हमेशा काले धब्बे और सोलर फ्लेयर दिखाई देते थे, वह अब एक चमकती हुई पीली गेंद जैसा साफ दिख रहा है। लेकिन, क्या सूरज का यह साफ-सुथरा होना हमारे लिए अच्छी खबर है? या फिर यह किसी बड़े खतरे की आहट है? स्पेस से एक ऐसी खबर सामने आई है जिसने वैज्ञानिकों को हैरत में डाल दिया है। पिछले 4 सालों में पहली बार हमारा सूर्य पूरी तरह स्पॉटलेस हो गया। इसका मतलब सूरज की सतह पर दिखने वाले वे काले धब्बे, जिन्हें हम सनस्पॉट्स कहते हैं, पूरी तरह गायब हो चुके हैं। सूरज का यह शांत चेहरा जितना सुंदर दिख रहा है, वैज्ञानिक उसके पीछे छिपे उतने ही गहरे मायने खोज रहे हैं।

### क्या होते हैं ये सनस्पॉट्स?

सूरज की सतह पर जो काले धब्बे दिखते हैं, उन्हें सनस्पॉट कहा जाता है। ये धब्बे सूरज की तेज चुंबकीय हलचल के कारण बनते हैं। जब सूरज ज्यादा सक्रिय होता है तो ऐसे धब्बों की संख्या बढ़ जाती है। लेकिन, अब अचानक कुछ समय के लिए ये धब्बे गायब हो गए हैं।



### क्या सूरज कमजोर हो रहा है?

वैज्ञानिकों का कहना है कि इससे घबराने की जरूरत नहीं है। नासा के अनुसार, सूरज लगभग 11 साल के एक चक्र से गुजरता है। इस दौरान कभी उसकी एक्टिविटी बढ़ती है, तो कभी कम हो जाती है। जब इसकी एक्टिविटी बढ़ती है तो उसे सौर अधिकतम और जब कम होती है तो उसे सौर अधिकतम कहा जाता है। 4 साल तक लगातार सक्रिय रहने और सौर भड़काव फेंकने के बाद, अब सूरज शायद अपनी शांत मुद्रा में जा रहा है। यही कारण है कि 1 मार्च 2026 को ली गई तस्वीरों में सूरज एक चमकती हुई पीली गेंद जैसा नजर आया, जिस पर एक भी निशान नहीं था। हालांकि, यह शांति कितने दिन रहेगी, यह अभी साफ नहीं है।

### धरती पर क्या असर पड़ेगा?

वैज्ञानिकों का कहना है कि आम लोगों की जिंदगी पर इसका तुरंत कोई बड़ा असर नहीं पड़ेगा। सूरज के धब्बों का संबंध स्पेस के मौसम से होता है। जब सूरज ज्यादा सक्रिय होता है, तब सोलर फ्लेयर और तेज कण अंतरिक्ष में फैलते हैं। इनसे सैटेलाइट, जीपीएस और रेडियो सिग्नल प्रभावित हो सकते हैं। अभी सूरज के शांत होने का मतलब है कि ऐसे खतरों की संभावना कुछ समय के लिए कम हो सकती है। लेकिन वैज्ञानिक लगातार निगरानी कर रहे हैं, क्योंकि सूरज का मिजाज कब बदल जाए, कहना मुश्किल है।

**सच हो गई नास्त्रेदमस की भविष्यवाणी!**

# ईरान-इजरायल जंग तो है महज झलक अभी और खून से लाल होगी दुनिया

**पेरिस। फ्रांसीसी भविष्यवक्ता नास्त्रेदमस ने अपनी 400 साल पुरानी किताब 'लेस प्रोफेसीज' में साल 2026 को लेकर ऐसी खौफनाक भविष्यवाणियां की हैं, जो किसी के भी रोंगटे खड़े कर सकती हैं। 9/11 आतंकी हमले और कोविड-19 जैसी सटीक भविष्यवाणियां करने वाले नास्त्रेदमस के अनुसार, 2026 में तीसरे विश्व युद्ध की आग भड़क सकती है। इसकी झलक तो ईरान-इजरायल जंग में ही दिख गई है। इजरायल और अमेरिका के ईरान पर हमले से पश्चिमी एशिया कांप उठा है, जिससे इनकी भविष्यवाणी सच साबित होती दिख रही है। यूरोप को लेकर इनकी भविष्यवाणी सच होती दिख रही है, तो दुनिया एक बड़े तनाशाह के उदय पर भी इनकी बात सच हो रही है।**

### किताब में सैकड़ों भविष्यवाणियां हैं दर्ज

लगभग 400 साल पहले (1555 में) एक फ्रांसीसी चिकित्सक द्वारा लिखी गई इस किताब में सैकड़ों भविष्यवाणियां दर्ज हैं। सबसे ज्यादा हैरानी और खौफ की बात यह है कि 400 साल बाद भी इस किताब में लिखी कई बातें बिल्कुल सच साबित हुई हैं। दुनिया के क्रूर तानाशाह एडोल्फ हिटलर का उदय हो, 9/11 का खौफनाक आतंकी हमला हो या फिर पूरी दुनिया को घरों में कैद कर देने वाली कोविड-19 महामारी नास्त्रेदमस के पन्नों में इन सभी घटनाओं के स्पष्ट संकेत पहले से मौजूद थे।

## अमेरिका के ईरान पर हमले से पश्चिमी एशिया कांप उठा

### कविताओं में तीसरे विश्व युद्ध' का इशारा

अब हम साल 2026 में जी रहे हैं और अन्य वर्षों की तरह नास्त्रेदमस ने इस साल के लिए भी कुछ ऐसी भविष्यवाणियां छोड़ी हैं, जो रातों की नींद उड़ाने के लिए काफी हैं। 2026 के लिए सबसे भयानक भविष्यवाणी 'विश्व युद्ध' की आशंका है। अगर फिलहाल वैश्विक स्थिति को देखा जाए तो उनकी भविष्यवाणी सच साबित हो रही है। माना जा रहा है कि नास्त्रेदमस ने एक ऐसे वैश्विक युद्ध का संकेत दिया था जो पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लेगा। उनकी कविताओं की व्याख्या करने वाले विशेषज्ञों का दावा है कि यह सीधे तौर पर 'तीसरे विश्व युद्ध' का ही इशारा है। अगर यह सच साबित होता है, तो दुनिया का कोई भी देश इस भीषण तबाही से अछूता नहीं रहेगा।



### महज प्रतीकात्मक चेतावनी मानते हैं लोग

नास्त्रेदमस की किताब प्रतीकात्मक भाषा और पहेलियों से भरी है। 2026 की एक विचित्र भविष्यवाणी में मधुमक्खियों का जिक्र किया गया है। नास्त्रेदमस ने लिखा है, 'मधुमक्खियों का एक विशाल झुंड आएगा और रात अंधकारमय हो जाएगी।' कई लोग इसे महज एक प्रतीकात्मक चेतावनी मानते हैं। इतिहास के पन्नों में, विशेषकर मिस्र और नेपोलियन के युग में, मधुमक्खियों को सत्ता, ताकत और विजय का प्रतीक माना जाता रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, 2026 में इसका अर्थ किसी बेहद शक्तिशाली नेता, नए सुपरपावर या किसी क्रूर तानाशाह के उदय से हो सकता है।

### शक्तिशाली तानाशाह के उदय का संकेत

नास्त्रेदमस ने अपनी किताब में दक्षिणी स्विट्जरलैंड के टिसिनो क्षेत्र को लेकर भी एक दिल दहला देने वाली बात कही थी। उन्होंने संकेत दिया था कि यह जगह पूरी तरह से खून से लथपथ हो जाएगी। टिसिनो क्षेत्र अपने मनमोहक प्राकृतिक सौंदर्य, शांत झीलों और ग्लेशियरों के लिए जाना जाता है। धरती पर स्वर्ग के समान ऐसी शांतिपूर्ण जगह के लिए इतनी हिंसक भविष्यवाणी लोगों को और भी ज्यादा डरा रही है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि यह तबाही किसी सैन्य युद्ध के कारण होगी, या फिर किसी भयंकर प्राकृतिक आपदा का परिणाम होगी। शांति के लिए मशहूर स्विट्जरलैंड के टिसिनो इलाके में खून-खराबे और शक्तिशाली तानाशाह के उदय का डरावना संकेत भी दिया गया है, जिसने सोशल मीडिया पर दहशत का माहौल बना दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि नास्त्रेदमस की भविष्यवाणियां अक्सर बहुत घुमावदार होती हैं, जिन्हें कई अलग-अलग तरीकों से समझा जा सकता है।

# क्या मौत के बाद बढ़ते हैं बाल और नाखून? विशेषज्ञों ने बताई सच्चाई



**नई दिल्ली।** अक्सर लोगों को कहते हुए सुना जाता है कि मौत के बाद बाल और नाखून बढ़ते हैं। लेकिन, क्या यह सच है या सिर्फ एक भ्रम है? विशेषज्ञों ने इसकी सच्चाई बताई है। इसके बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, विशेषज्ञों का कहना है कि मौत के तुरंत बाद दिल धड़कना बंद हो जाता है। इसके बाद शरीर में खून का प्रवाह बंद हो जाता है। इसके साथ ही शरीर के तापमान में गिरावट आने लगती है और मांसपेशियां अकड़ने लगती हैं। अलग-अलग कोशिकाएं अलग समय पर मरती हैं, लेकिन न शरीर की सक्रिय प्रक्रियाएं धीरे-धीरे रुक जाती हैं। नाखून और बाल तभी बढ़ते हैं, जब उनकी जड़ों में नई कोशिकाएं बनती हैं। इसके लिए ग्लूकोज और ऑक्सीजन की लगातार आवश्यकता होती है। जीवित शरीर में यही ऊर्जा कोशिकाओं को बांटती है। इसी प्रक्रिया के कारण नाखून आगे बढ़ते और बाल लंबे होते हैं। जैसे ही दिल खून को पंप करना बंद कर देता है, शरीर को ऑक्सीजन और ऊर्जा मिलनी बंद हो जाती है। इसके बाद कुछ ही मिनटों में दिमाग की कोशिकाएं मरने लगती हैं।

### त्वचा का सूखना और सिकुड़ना है असली वजह

विशेषज्ञों का कहना है कि असली वजह त्वचा का सूखना और सिकुड़ना है। मौत के बाद त्वचा की नमी खत्म हो जाती और पीछे की ओर खिंचने लगती है। इससे नाखून और बाल पहले से अधिक बाहर निकले हुए नजर आते हैं। लोगों को भ्रम होता है कि वे बढ़ रहे हैं। मेडिकल साइंस के मुताबिक, मौत के बाद बाल और नाखून की वास्तविक ग्रोथ नहीं होती। मौत के बाद दिखने वाला बदलाव सिर्फ त्वचा के सिकुड़ने का असर है। यानी नाखून और बाल बढ़ते नहीं हैं।




# चांदी-सोने से सजी गुझिया ने मचाई धूम, कीमत जानकर रह जाएंगे हैरान

**कानपुर।** कानपुर शहर में खास गोल्ड और सिल्वर गुझियाओं की मांग तेजी से बढ़ी है। गोल्ड गुझिया की कीमत करीब 31 हजार रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है, जबकि सिल्वर गुझिया लगभग 2100 रुपए प्रति किलो में मिल रही है। होली का त्योहार करीब आते ही बाजारों में रंगों के साथ मिठाइयों की रौनक भी बढ़ने लगी है। इस बार पारंपरिक गुझिया खास अंदाज में देखने को मिल रही है। सोने और चांदी के वर्क से सजी प्रीमियम गुझिया लोगों का ध्यान खींच रही है। कानपुर शहर में खास गोल्ड और सिल्वर गुझियाओं की मांग तेजी से बढ़ी है। गोल्ड गुझिया की कीमत करीब 31 हजार रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है, जबकि सिल्वर गुझिया लगभग 2100 रुपये प्रति किलो में मिल रही है।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com